राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-176
लखनऊ, मंगलवार 13 फरवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





13 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सौर ऊर्जा से लैस करेगी सरकार 03

जयपुर-दिल्ली के बीच जल्द बनेगा देश का पहला ई-हाइवे : गडकरी 12


## संक्षिप्त समाचार

### मथुरा में बस-कार में भिड़ंत, पांच जिंदा जले

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश में मथुरा जिले के महाबन क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस वे के किलोमीटर संख्या 117 पर सोमवार को बस और कार की भिड़ंत में पांच लोगों की जिंदा जल कर मृत्यु हो गयी। जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेष कुमार पाण्डे मौके पर पहुंचे और अधीनस्थों को आवश्यक निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के अनुसार सुबह लगभग आठ बजे हुये इस हादसे में सभी मृतक कार पर सवार थे। उन्होंने बताया कि आगरा से दिल्ली की ओर जा रही एक प्राइवेट डबलडेकर बस और कार में उस समय भिड़न्त हो गई जब कार के आगे जा रही बस का एक पहिया फट गया और बस पीछे की ओर मुड़ गई। इस बीच पीछे से तेज रफ्तार कार के चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया और कार बस से जा टकरायी। टक्कर के बाद दोनो वाहनों में आग लग गई। बस की 40 सवारियां सुरक्षित निकल आईं वहीं कार के लोग जिंदा ही जल गए।

### सिसोदिया को मिली तीन दिन की अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को राउज एवेन्यू कोर्ट ने बड़ी राहत दी है। मनीष सिसोदिया को दिल्ली एक्साइज पॉलिसी मामले में कोर्ट ने तीन दिन की अंतरिम जमानत दी है। उन्हें यह जमानत 13 से 15 फरवरी तक लखनऊ में अपनी भतीजी की शादी समारोह में शामिल होने के लिए मिली है। बता दें कि मनीष सिसोदिया दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। उन्हें दिल्ली एक्साइज पॉलिसी मामले में पिछले साल फरवरी में गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले वह बीते 11 नवंबर को अपनी पत्नी सीमा से मिलने गए थे। दिल्ली की कोर्ट ने उन्हें 11 नवंबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक अपनी पत्नी से मिलने की इजाजत दी थी।

### राजस्थान : दो राज्यसभा सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने राज्यसभा के आगामी द्विवार्षिक चुनावों के लिए राजस्थान की दो सीटों के लिए सोमवार को उम्मीदवार घोषित कर दिए। भाजपा के महासचिव अरुण सिंह ने यहां एक विज्ञप्ति में बताया कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने इन उम्मीदवारों के नामों को स्वीकृति दी है। पार्टी ने राजस्थान में मदन राठौर और चुन्नी लाल गरासिया को उम्मीदवार बनाया है।

### लखीमपुर हिंसा : आशीष की अंतरिम जमानत बढ़ी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने लखीमपुर खीरी हिंसा के बाद कई आंदोलनकारी किसानों सहित आठ लोगों की हत्या के आरोपियों में शामिल केंद्रीय मंत्री अजय कुमार मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा को दी गई अंतरिम जमानत सोमवार को अगली सुनवाई तक बढ़ा दी। शीर्ष अदालत ने इससे पहले 26 सितंबर 2023 को आशीष को अपनी बीमार मां की देखभाल के लिए और अपनी बेटी का इलाज कराने के लिए दिल्ली में रहने की अनुमति दी थी।

### नेपाली जाली नोट के साथ भारतीय गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** नेपाल पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। नेपाल के सुनसरी जिला पुलिस ने पौने दो करोड़ से अधिक के नेपाली जाली नोट के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। सुनसरी पुलिस ने इनरुवा नगरपालिका–4 स्थित खोला पुल के नजदीक वाहन जांच के दौरान बीआर 11 एक्स 3429 नंबर की स्कॉर्पियो को रोका, जिसके बाद शक होने पर गाड़ी की तलाशी लेनी शुरू हुई तो पुलिस के होश उड़ गए। गाड़ी के अंदर एक बोरे में रखे एक करोड़ 82 लाख 51 हजार नकली नोट बरामद हुआ। सभी नकली रुपए नेपाली एक हजार के शक्ल में थे। सुनसरी एसपी विपिन रेगमी ने आज बताया पकड़ा गया तस्कर भारत के वीरपुर के 22 वर्षीय मो. सैयद है।

### बंगाल विस में हंगामा, छह भाजपा विधायक निलंबित

**कोलकाता।** संदेशखाली में अशांति के मद्देनजर सदन में विरोध प्रदर्शन करने पर विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी सहित छह भाजपा विधायकों को पश्चिम बंगाल विधानसभा से निलंबित कर दिया गया। अग्निमित्र पाल, मिहिर गोस्वामी, बंकिम घोष, तापसी मंडल और शंकर घोष को मौजूदा सत्र के शेष भाग या 30 दिनों, जो भी पहले हो, के लिए निलंबित कर दिया गया।

## योगी सरकार जल्द ही पर्यटकों को 500 रुपए में कराएगी काशी दर्शन

समृद्धि न्यूज

**▸ काशी दर्शन सेवा के जरिए होगी पांच प्रमुख स्थानों की सैर**

**वाराणसी।** काशी की बदलती नई तस्वीर दुनिया के पर्यटन के मानचित्र पर आने के बाद पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे में प्रदेश की योगी की सरकार पर्यटकों की बढ़ती संख्या और उनकी सहूलियत के लिए काशी दर्शन सेवा शुरू करने जा रही है। योगी सरकार इलेक्ट्रिक एसी बस का संचालन करेगी, जो महज पांच सौ रुपये में पांच महत्वपूर्ण स्थानों के दर्शन कराएगी।

वाराणसी सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड की ओर से शुरू होने वाली इस योजना को काशी पास से भी जोड़ा जायेगा, जिससे यात्रियों को टिकट बुक कराने में कोई समस्या न हो। काशी पास का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी के अपने पिछले दौरे में किया था। योगी सरकार मूलभूत सुविधाओं को विकसित करते हुए काशी का कायाकल्प कर रही है। धार्मिक स्थलों और घाटों का पुनरुद्धार किया जा रहा है। मंडलायुक्त की अध्यक्षता में वाराणसी सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड की 28वीं बैठक में काशी दर्शन बस सेवा शुरू करने की योजना पर सहमति बनी है, जिसका लोकार्पण जल्दी ही किया जाएगा।

## कक्षा 9 से 12 के लिए भी अब आयोजित होगी शिक्षक पात्रता परीक्षा

### एनसीटीई-सीबीएसई तैयार कर रहे हैं सिलेबस, पहली बार आयोजित हुआ शिक्षक पात्रता परीक्षा पर केन्द्रित अखिल भारतीय राष्ट्रीय सम्मेलन

एजेंसी




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एनसीटीई) ने माध्यमिक स्तर (कक्षा 9 से कक्षा 12 तक) पर शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को शुरू करने की योजना पर काम कर रहा है। अब तक शिक्षकों के लिए टीईटी की परीक्षा सिर्फ 9वीं तक हुआ करती थी।

सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित एनसीटीई द्वारा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के सहयोग से राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के आलोक में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय सम्मेलन में इसकी अनुशंसा की गई। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए एनसीटीई की सदस्य सचिव केसांग वाई. शेरपा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में विभिन्न स्तरों पर टीईटी को लागू करने की अनुशंसा की गई है। एनसीटीई माध्यमिक स्तर (कक्षा 9 से कक्षा 12 तक) पर टीईटी को प्रस्तावित एवं कार्यान्वित करने की दिशा में काम कर रहा है। सीबीएसई की अध्यक्ष निधि छिब्बर ने अपने संबोधन में कहा कि एक शिक्षक की क्षमता ही कक्षा में एक स्वस्थ वातावरण का निर्माण करती है, इसलिए शिक्षक पात्रता परीक्षा, एक शिक्षक की क्षमता एवं दक्षता को समझने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि सीबीएसई पिछले लम्बे समय से टीईटी की परीक्षा आयोजित करता रहा है, जिससे उसके पास एक लंबा अनुभव है, हम एनसीटीई के साथ इस संदर्भ का डेटा का साझा करेंगे और भावी योजना को साथ मिलकर क्रियान्वित करेंगे। इनकम टैक्स के प्रिंसिपल कमिश्नर विक्रम सहाय ने कहा कि शिक्षा के अलग-अलग स्तरों पर चुनौतियों के स्तर में भी बदलाव आता है, इसलिए हर स्तर की पात्रता के लिए मानकीकरण भी आवश्यक है। इस दौरान यादव ने परीक्षा प्रक्रिया, पात्रता मानक व स्कूलों में योग्य टीचिंग प्रोफेशनल्स के चयन को सुनिश्चित करने और इसे स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों तक विस्तारित करने के महत्व जैसे बिंदुओं पर चर्चा की।

**समझ की समझ को विकसित करना ही शिक्षा**

एनसीटीई के अध्यक्ष प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था का मुख्य ध्यान अंकों पर केन्द्रित होने के बजाय विद्यार्थियों में मूल्यों को विकसित करने पर भी होना चाहिए। शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए सिंह ने कहा कि समझ की समझ को विकसित करना ही शिक्षा है। टीईटी, राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के समन्वयक अभिमन्यु यादव ने टीईटी पर प्रजेंटेशन देते हुए स्कूल शिक्षकों की गुणवत्ता और क्षमता के सुधार में टीईटी की यात्रा पर प्रकाश डाला।

# आठ पूर्व भारतीय नौसैनिक रिहा

### कतर से रिहा होने के बाद सात लोग लौटे भारत, जासूसी के आरोप में मिली थी मौत की सजा

**▸ दिल्ली एयरपोर्ट पर पूर्व नौसैनिकों ने पीएम मोदी को दिया धन्यवाद**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** कतर ने 8 पूर्व भारतीय नौसैनिकों को रिहा कर दिया है। इनमें से 7 सोमवार सुबह भारत लौट आए हैं। ये कतर में जासूसी के आरोप में उम्रकैद की सजा काट रहे थे। पहले इन्हें फांसी की सजा सुनाई गई थी। विदेश मंत्रालय ने सोमवार (12 फरवरी) को देर रात कहा- भारत सरकार कतर में गिरफ्तार किए गए दहरा ग्लोबल कंपनी के लिए काम करने वाले 8 भारतीयों की रिहाई का स्वागत करती है। हम इनकी घर वापसी के लिए कतर के फैसले की सराहना करते हैं।

दिल्ली एयरपोर्ट पर लौटने के बाद कुछ पूर्व नौसैनिकों ने मीडिया से बात की। एक पूर्व नौसैनिक ने कहा- पीएम मोदी के हस्तक्षेप के बिना हमारे लिए भारत लौटना संभव नहीं होता। भारत सरकार के लगातार प्रयासों के बाद ही हम वापस आ सके हैं। एक अन्य पूर्व नौसैनिक ने कहा- हम 18 महीने बाद भारत आ सके हैं। हम पीएम मोदी और भारत सरकार को उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद देते हैये सभी अफसर कतर की नौसेना को ट्रेनिंग देने वाली एक निजी कंपनी दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज एंड कंसल्टेंसी में काम करते थे। दहरा ग्लोबल डिफेंस सर्विस प्रोवाइड करती है। ओमान एयरफोर्स के रिटायर्ड स्क्वाड्रन लीडर खमिस अल अजमी इसके प्रमुख हैं। उन्हें भी 8 भारतीय नागरिकों के साथ गिरफ्तार किया गया था, लेकिन नवंबर में उन्हें छोड़ दिया गया। गिरफ्तारी से करीब 14 महीने बाद, 26 अक्टूबर 2023 को इन सभी पूर्व नेवी अफसरों को मौत की सजा सुनाई गई थी। 28 दिसंबर 2023 को इनकी मौत की सजा कैद में बदली गई थी। ये रिहाई ऐसे समय हुई है जब भारत और कतर के बीच गैस को लेकर एक अहम समझौता हुआ है। 6 फरवरी को हुए इस समझौते के तहत भारत कतर से साल 2048 तक लिक्विफाइड नैचुरल गैस खरीदेगा। यह समझौता अगले 20 सालों के लिए हुआ है और इसकी कुल लागत 78 अरब डॉलर की है। भारत की सबसे बड़ी स्न्ल आयात करने वाली कंपनी पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड ने कतर की सरकारी कंपनी कतर एनर्जी के साथ ये समझौता किया है।

**14 को पीएम मोदी जाएंगे कतर**

विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने कहा कि 14 फरवरी को अपनी यूएई यात्रा पूरी करने के बाद पीएम 14 फरवरी की दोपहर को दोहा कतर की यात्रा करेंगे। यात्रा के दौरान पीएम मोदी कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद और उच्च गणमान्य व्यक्तियों के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। कतर में यह प्रधानमंत्री की कतर की दूसरी यात्रा होगी। भारत और कतर के बीच मजबूत द्विपक्षीय व्यापार, वर्तमान में 20 बिलियन डॉलर है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, उनके निमंत्रण पर, प्रधानमंत्री दुबई में आयोजित होने वाले वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट 2024 में सम्मानित अतिथि के रूप में भाग लेंगे और शिखर सम्मेलन में एक विशेष संबोधन देंगे।

## नीतीश ने हासिल किया विश्वास मत, सरकार के पक्ष में पड़े 129 वोट

एजेंसी



**पटना।** बिहार विधानसभा में नीतीश कुमार ने विश्वास मत हासिल कर लिया है। एनडीए सरकार के पक्ष में 129 वोट पड़े हैं जबकि विपक्ष ने इससे पहले ही सदन से वॉकआउट कर दिया था। बिहार विधानसभा में विश्वास मत से पहले बोलते हुए डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि पूर्व सीएम लालू प्रसाद का परिवार भ्रष्टाचार का प्रतीक था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राजद बिहार को माफिया राज में बदलना चाहता है।

बता दें कि बिहार विधानसभा में अविश्वास मत से पहले राजद विधायक चेतन आनंद, नीलम देवी और प्रह्लाद यादव एनडीए गुट में शामिल हो गए हैं। बिहार विधानसभा में फ्लोर टेस्ट की कार्यवाही के दौरान बोलते हुए सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि राजद प्रमुख लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के पास 2005 में मेरे चुने जाने से पहले राज्य के लिए काम करने के लिए 15 साल थे। वे कहते हैं कि मुसलमान उनके साथ हैं। लेकिन उन्होंने क्या किया? उनके शासन के दौरान हिंदुओं और मुसलमानों के बीच बहुत सारे झगड़े हुए। मेरे आने के बाद यह सब बंद हो गया। उन्होंने कहा कि उन्होंने जो 15 साल तक नहीं किया, मैंने तुरंत कर लिया। मैंने समाज के हर स्तर के लिए, उनके विकास के लिए काम किया है। नीतीश ने कहा कि कानून-व्यवस्था में सुधार हुआ है, महिलाएं देर रात तक घूमती रहती हैं। उन्होंने कहा कि जब वे दोबारा आए, तो उन्होंने मेरी नीतियों और पहलों को जारी रखा और अब श्रेय लेने की कोशिश कर रहे हैं।

### एम्स-एसबीआई डिजिटल रोगी देखभाल कार्ड लॉन्च सभी एम्स में मिलेगी सुविधा

**नई दिल्ली।** एम्स-एसबीआई डिजिटल रोगी देखभाल कार्ड आज केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया द्वारा एम्स नई दिल्ली के निदेशक डॉ एम श्रीनिवास और एसबीआई के महाप्रबंधक मंजीत सिंह की उपस्थिति में लॉन्च किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री ने इसे डिजिटल इंडिया के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि यह वन नेशन, वन एम्स, वन कार्ड की दिशा में पहला कदम है। इस कार्ड से एम्स नई दिल्ली में कैंटीन सहित किसी भी स्वास्थ्य सेवा शुल्क का भुगतान कर सकता है। एक मरीज इस कार्ड में राशि जमा कर सकता है और इसे एम्स के विभिन्न ब्लॉकों में विभिन्न बिंदुओं पर रिचार्ज कर सकता है। जल्द ही इसे देश के अन्य 22 एम्स तक भी बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा, कई मरीज़ दूर-दूर से आते हैं और विभिन्न सेवाओं के लिए अपने साथ नकदी लेकर आते हैं। अब सभी लेनदेन कैशलेस होंगे और इस कार्ड का उपयोग किया जाएगा।

## विधानसभा अध्यक्ष महाना ने लॉन्च किया इंटेलीजेंट सर्च मोबाइल ऐप

**▸ ऐप पर आठ जनवरी 1887 से फरवरी 2023 तक की विस की पूरी कार्यवाहियां हैं उपलब्ध**

समृद्धि न्यूज



लखनऊ, 12 फरवरी (हि.स.)। उत्तर प्रदेश विधानसभा 'इंटेलीजेंट सर्च मोबाइल ऐप' का उपयोग करते हुए सभी विधानसभा सदस्य के साथ ही आम जनमानस भी पुरानी कार्यवाहियों से संबंधित किसी प्रकार की सूचना सर्च कर सकते हैं। इस ऐप के उपयोग से शोध कर रहे छात्रों को उनके शोध कार्य में भी मदद मिलेगी। यह जानकारी सोमवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने दी। उन्होंने आज अपने विधानसभा कार्यालय में 'इंटेलीजेंट सर्च मोबाइल ऐप' को लांच किया।

ऐप का शुभारंभ करते हुए सतीश महाना ने कहा कि इस ऐप में आठ जनवरी, 1887 को इलाहाबाद के थार्नहिल मेमोरियल हाल में 'नार्थ वेस्टर्न प्रोविन्सेज एण्ड अवध लेजिस्लेटिव कौंसिल' की सम्पन्न हुई प्रथम बैठक से लेकर फरवरी, 2023 तक की विधान सभा की सम्पूर्ण कार्यवाहियां ऑनलाइन उपलब्ध हैं। उन सभी जानकारियों को UPVS Intelligent Search App के जरिए हासिल किया जा सकेगा। इसमें विधान सभा की पुरानी कार्यवाहियों से संबंधित सूचनाएं भी शामिल हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा यह ऐप का विकास कराया गया है, जो कि एन्ड्रॉयड मोबाइल के गूगल प्ले स्टोर तथा एप्पल के ऐप स्टोर के माध्यम से आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है।

### 16 को होगी ज्ञानवापी मूल वाद की सुनवाई

**वाराणसी।** वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर में उन एरिया का सर्वे कराने के लिए याचिका दाखिल की गई है, जिसका सर्वे अभी नहीं हुआ है। इस याचिका पर सोमवार को सुनवाई नहीं हो सकी और अगली तारीख 16 फरवरी की तय की गई है। याचिका में यह भी मांग की गई है कि एडवोकेट कमीशन के दौरान वजूखाने में मिले पत्थरनुमा आकृति की जांच एएसआई करे, ताकि पता चल सके वह शिवलिंग है या फव्वारा है। पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर होने के चलते सुनवाई की तारीख बढ़ाकर 16 फरवरी 2024 कर दी गई है। इस मामले में दोनों पक्षों को कोर्ट की ओर से नोटिस देकर तलब किया गया है। वादी अधिवक्ता विजय शंकर रस्तोगी ने सिविल जज (सीनियर डिवीजन) प्रशांत कुमार सिंह की अदालत में याचिका दायर की है। जिसमें ज्ञानवापी परिसर के भीतर उन क्षेत्रों के एएसआई सर्वेक्षण की मांग की गई है, जिनका आज तक सर्वेक्षण नहीं किया गया है। एएसआई ने परिसर के सर्वे में भी इन स्थलों को छोड़ दिया था।

## हमारे एजेंडे में किसान सबसे पहले : योगी

**▸ सीएम ने शुकतीर्थ बांगर से ग्राम परिक्रमा यात्रा का किया शुभारंभ**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/मुजफ्फरनगर।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को शुकतीर्थ बांगर से ग्राम परिक्रमा यात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि पिछले वर्ष का 99 प्रतिशत से ज्यादा गन्ना मूल्य का भुगतान किया जा चुका है।

प्रदेश में क्रियाशील 119 चीनी मिल में से 105 चीनी मिलें 10 दिन से कम समय में गन्ना किसानों का भुगतान कर रही हैं। बाकी बची मिलों पर दबाव बनाया जा रहा है। डबल इंजन की सरकार अन्नदाता किसानों की मेहनत का पैसा दिलाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। सीएम योगी ने कहा कि पिछली सरकार में प्रदेश में आए दिन दंगे होते थे। मुजफ्फरनगर का दंगा कई महीनों तक चला था, उसे कोई नहीं भूल सकता है। डबल इंजन की सरकार जो कहती है वो करके दिखाती है। 2017 में हमने आपसे सुरक्षा का वादा किया था। आज पूरा प्रदेश सुरक्षित है और समृद्धि की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज मुजफ्फरनगर की पहचान उसके ऑर्गेनिक गुड़ के कारण हो रही है। यहां का गुड़ प्रदेश ही नहीं वरन देश दुनिया में अपनी मिठास घोल रहा है। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनने की बड़ी वजह अन्नदाता किसान हैं। हमारे एजेंडे में किसान सबसे पहले हैं।सीएम योगी ने कहा कि पहले की सरकारें सरकारी नौकरियों में डाका डालती थी। अपने भाई, भतीजों और परिवार के लोगों को सरकारी नौकरियों में भरते थे। प्रदेश का नौजवान ठगा रह जाता था। आज प्रदेश में लगभग 60000 हजार नागरिक पुलिस आरक्षियों की बिना भेदभाव के भर्ती हो रही है।उन्होंने कहा कि भाजपा किसान मोर्चा द्वारा निकाली जा रही ग्राम परिक्रमा यात्रा 9 संकल्पों को लेकर चल रही है। ये संकल्प जल संरक्षण, डिजिटल भुगतान, स्वच्छता अभियान, वोकल फॉर लोकल, घरेलू पर्यटन, जैविक खेती, मिलेट्स, ग्रामीण खेल, स्वास्थ्य और आर्थिक रुप से वंचित किसानों की मदद है। यात्रा के माध्यम से किसानों और ग्रामीणों को 9 संकल्पों के बारे में जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, केंद्रीय पशुपालन राज्य मंत्री संजीव कुमार बलियान, उत्तर प्रदेश के व्यवसायिक शिक्षा राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, फतेहपुर सीकरी के सांसद राजकुमार चाहर, विधान परिषद सदस्य वंदना वर्मा सहित भारी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

**सौगात** | **प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार मेले में वितरित किए एक लाख नियुक्ति पत्र**

## सरकार ने 10 वर्षों में डेढ़ गुना अधिक युवाओं को प्रदान किए रोजगार

**▸ 'कर्मयोगी भवन' के पहले चरण की रखी आधारशिला**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से नवनियुक्त कर्मचारियों को एक लाख से अधिक नियुक्ति पत्रों का वितरण किया। उन्होंने यहां एकीकृत परिसर 'कर्मयोगी भवन' के पहले चरण की आधारशिला भी रखी। यह परिसर मिशन कर्मयोगी के विभिन्न स्तंभों के बीच सहयोग और समन्वय को बढ़ावा देगा। इस अवसर पर एक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एक लाख से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपे जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने नवनियुक्तों और उनके परिवारों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सरकार में युवाओं को नौकरी के अवसर उपलब्ध कराने का अभियान पूर्ण गति के साथ जारी है। नौकरी अधिसूचना और नियुक्ति पत्र सौंपने के बीच लगने वाले लंबे समय के कारण बढ़ने वाली रिश्वतखोरी का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ने निर्धारित समय के तहत भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने के साथ-साथ पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बना दिया है। उन्होंने कहा कि इससे प्रत्येक युवा को अपनी क्षमताएं प्रदर्शित करने के समान अवसर प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि आज हर युवा का मानना है कि वे कड़ी मेहनत और कौशल के साथ अपने रोजगार की स्थिति को मजबूत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को राष्ट्र के विकास में सहभागी बनाने का निरंतर रूप से प्रयास कर रही है। सरकार ने पिछले 10 वर्षों में पिछली सरकारों की तुलना में डेढ़ गुना अधिक युवाओं को रोजगार प्रदान किए हैं। उन्होंने यहां एकीकृत परिसर कर्मयोगी भवन के पहले चरण की आधारशिला रखने का भी उल्लेख करते हुए कहा कि यह क्षमता निर्माण की दिशा में सरकार की पहल को और मजबूत बनाएगा।

सरकार के प्रयासों से नए क्षेत्रों के खुलने और युवाओं के लिए रोजगार व स्वरोजगार के अवसरों का सृजन होने की चर्चा के साथ-साथ प्रधानमंत्री ने बजट में एक करोड़ रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने की घोषणा का भी उल?लेख किया, जिससे परिवारों का बिजली बिल कम होगा और वे ग्रिड को बिजली की आपूर्ति करके आर्थिक लाभ कमाने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना से लाखों नये रोजगारों का सृजन होगा। प्रधानमंत्री ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि भारत में लगभग 1.25 लाख स्टार्टअप के साथ विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है और इनमें से कई स्टार्टअप टियर 2 या टियर 3 शहरों से हैं। उन्होंने कहा कि ये स्टार्टअप नये रोजगारों के अवसरों का सृजन कर रहे हैं, इसलिए बजट में स्टार्टअप के लिए कर छूट जारी रखने की घोषणा की गई है। प्रधानमंत्री ने बजट में अनुसंधान और नवोन्मेष को बढ़ावा देने के लिए घोषित एक लाख करोड़ के कोष का भी उल्लेख किया। रोजगार मेले के माध्यम से रेलवे में भर्ती भी हो रही है और यात्रा के मामले में रेलवे आम लोगों की पहली पसंद है। उन्होंने कहा कि भारत में रेलवे बड़े पैमाने पर बदलाव के दौर से गुजर रहा है।

## सपा के सहयोगी दल रहे आरएलडी अध्यक्ष जयंत चौधरी एनडीए में शामिल

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** इंडिया गठबंधन को पंजाब, दिल्ली और पश्चिमी बंगाल के बाद उत्तर प्रदेश में भी एक बड़ा झटका लगा है। दरअसल, उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के सहयोगी दल रहे आरएलडी अध्यक्ष जयंत चौधरी एनडीए में शामिल हो गए है। इसका उन्होंने अधिकारिक ऐलान कर दिया है।

जयंत ने कहा कि मुझे कोई भी अफ़सोस नहीं है। हमने पार्टी कार्यकर्ताओं और विधायकों से बातचीत के बाद ये फैसला लिया है। हमारे किसान हित पहले है। उन्होंने कहा कि हमारा कोई भी विधायक नाराज नहीं है। सभी के सहमति से ये फैसला लिया गया है। आप को बता दें कि किसानों और जाटों के बीच खास स्थान रखने वाले चौधरी चरण सिंह केंद्र सरकार ने भारत रत्न देने की घोषणा की उसके बाद से जयंत चौधरी लगातार पीएम मोदी और भाजपा की तारीफों के पुल बांध रहे थे। हालाकि भारत रत्न देने के फैसले का सत्ता और विपक्ष ने स्वागत किया था। लेकिन विपक्ष ने इसे चुनाव लाभ लेने की वजह बताई। फिलहाल किसान केंद्र सरकार की घोषणा से हरियाणा के साथ-साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पंजाब और राजस्थान के लोग खुश है।

# सनातन का विरोध कांग्रेस की खानदानी बीमारी : स्वतंत्र देव सिंह

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

- जैदपुर विधानसभा के दौलतपुर गांव में जलशक्ति मंत्री ने किया प्रवास
- घर-घर संपर्क करके गिनाई मोदी योगी सरकार की उपलब्धियां



प्रदेश सरकार में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आमंत्रण अस्वीकार करके करोड़ों सनातनियो का अपमान किया है।कहा कि सनातन का विरोध कांग्रेस की खानदानी बीमारी है।पंडित नेहरू ने भी सोमनाथ मंदिर का बहिष्कार किया था।जलशक्ति मंत्री सोमवार को जैदपुर विधानसभा क्षेत्र के दौलतपुर गांव के चलो गांव की ओर अभियान के दौरान आयोजित चौपाल में बतौर प्रवासी बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा किए जाने की बाद देश राममय हो गया है। देश विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु रोजाना रामलला के दर्शन कर रहे हैं। नरेंद्र मोदी ने दुनियां में भारत का मान बढ़ाया है।गरीबों के लिए अनेकों जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं।उन्होंने कहा की मोदी योगी सरकार की नीतियों को घर घर पहुंचाने व लाभार्थियों से संपर्क करने के लिए भाजपा ने गांव चलो अभियान की शुरुआत की है। जलशक्ति मंत्री ने इसके पूर्व बूथ संख्या 163 के बूथ अध्यक्ष सोनू वर्मा व समस्त बूथ कार्यकारिणी के साथ चर्चा की।

लोकसभा चुनाव को लेकर पन्ना प्रमुखों की भूमिका पर एक बैठक की।फिर घर घर संपर्क किया,लाभार्थियों से उनका हाल चाल पूछा।पहली बार वोट डालने जा रहे नव युवा मतदाताओं से भेंट की।गांव के 8 लाभार्थियों को पंप सेट वितरित किया।बूथ अध्यक्ष के घर चाय तथा रामशरण वर्मा के घर भोजन किया।सपा के इमरान एवम कांग्रेस के विश्वनाथ वर्मा के नेतृत्व कई लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि जलशक्ति मंत्री सोमवार की रात्रि विश्राम गांव में ही करेंगे तथा मंगलवार की सुबह धार्मिक स्थलों की सफाई अभियान में हिस्सा लेंगे।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य, अवधेश श्रीवास्तव, शशांक कुसुमेश, हर्षित वर्मा, ब्रजेश रावत, रवि रावत,संजय अवस्थी मौजूद रहे।

# कबीर परमेश्वर की भक्ति से मोक्ष संभव : संत रामपाल जी महाराज

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



लखीमपुर खीरी के दुर्गापुरवा में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज जी का वेद, गीता जी, श्री मद भागवत गीता, पुराण, गुरु ग्रंथ साहिब, कुरान शरीफ आदि से प्रमाणित सत्संग प्रवचन का आयोजन हुआ।

सत्संग प्रवचन में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी ने बताया कि युजूर्वेद अध्याय 29 शलोक 25 मे लिखा है कि जिस समय पूर्ण परमात्मा प्रकट होता है उस समय सर्व ऋषि व संत जन शास्त्र विधि त्यागकर मनमाना आचरण अर्थात पूजा द्वारा सर्व भक्त समाज को मार्ग दर्शन कर रहे होते हैं। तब अपने तत्वज्ञान अर्थात स्वस्थ्य ज्ञान का संदेशवाहक बन कर स्वयं ही कविर्देव अर्थात कबीर प्रभु ही आता है। गीता जी अध्याय 15 स्लोक 17 मे कहा गया है कि उत्तम पुरुष तो उपरोक्त दोनों प्रभुओं 'क्षर' पुरुष तथा अक्षर पुरुष से भी अन्य ही है यह वास्तव मे परमात्मा कहा गया है जो तीनों लोकों मे प्रवेश करके सबका धारण पोषण करता है। सभी का धारण पोषण कबीर साहेब ही करते हैं। जिला कार्डिनेटर रवि कुमार वर्मा ने बताया कि जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज का जिला लखीमपुर सहित दुबई, इंगलैंड, नेपाल, पाकिस्तान, कुवैत अमेरिका, कतर आदि देशों सहित भारत के सभी राज्यों में संत रामपाल जी के सत्संग प्रवचन होते हैं और संत रामपाल जी के करोड़ों अनुयाई दहेज लेनदेन, नशा, चोरी, व्यभिचार, घूसखोरी, जाती पाती आदि को त्यागकर सुखमय जीवन यापन कर रहे हैं। जिला लखीमपुर खीरी में हजारों परिवार संत रामपाल जी के बताए नियमों पर चलकर अपना जीवन धन्य कर रहे हैं और संत रामपाल जी द्वारा लिखित पुस्तक ज्ञानगंगा, जीने की राह जो कि सर्व ग्रंथ प्रमाणित पुस्तक है वितरण किया गया।

## खबरें एक नजर में

### ब्लॉक सभागार में चाय पर हुई चर्चा

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई चाय पर चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड हैदरगढ़ के ब्लॉक सभागार में चाय पर चर्चा कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रति रामदेव सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत एक करोड़ स्वयं सहायता समूहो और एनजीओ से संपर्क कर 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को जोड़ा जाएगा और इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज के उस वर्ग तक पहुंचाने की कोशिश की जा रही है जो सामाजिक कार्यों से जुड़कर लोगों की सहायता कर रहे हैं। कार्यक्रम में उपस्थित एनजीओ और स्वयं सहायता समूह में काम करने वाली महिलाओं ने चाय पर चर्चा कार्यक्रम के दौरान अपनी सफलता के अनुभव साझा किये। कार्यक्रम में मुख्य रूप से खंड विकास अधिकारी संजीव गुप्ता भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह मुन्नू प्रधान अलगू सिंह सहित ब्लॉक के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### दो तस्करों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** थाना हैदरगढ़ पुलिस द्वारा 02 मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 89 किलो 33 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा व परिवहन में प्रयुक्त एक अदद वाहन बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा मादक पदार्थ तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे सोमवार को थाना हैदरगढ़ पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इन्टेलीजेन्स के आधार पर 02 मादक पदार्थ तस्करों- सुखचैन सिंह पुत्र बलकार सिंह व गोपी सिंह पुत्र भान सिंह निवासीगण अरकवास थाना लहरा गंगा जिला सगरुर पंजाब को बड़ा गांव कस्बा व थाना हैदरगढ़ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से कुल 89 किलो 33 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा (पोस्ता छिलका), परिवहन में प्रयुक्त एक अदद कार नं0 एचआर 11 एल 9001, दो अदद मोबाइल फोन, एक अदद ड्राइविंग लाइसेंस व 1905/-रूपये नकद बरामद किये गये। अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना हैदरगढ़ पर मु0अ0सं0 57/2024 धारा 8/15/29/60(3) एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। पूछताछ से प्रकाश में आया कि अभियुक्तगण द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी की जाती है। अभियुक्तगण द्वारा उपरोक्त मादक पदार्थ बिहार से खरीदकर हरियाणा ले जाया जा रहा था।

### चाय पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत विकास खण्ड त्रिवेदीगंज के ब्लाक सभागार में चाय पर चर्चा कार्यक्रम स्वयं सहायता समूहों ग्राम संगठनों संकुल स्तरीय संघो के पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख सुनील सिंह ने कहा कि कार्यक्रम के अंतर्गत एक करोड़ स्वयं सहायता समूह और एनजीओ से संपर्क कर 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को जोड़ा जाएगा और समाज के उसे वर्ग तक पहुंचाने की कोशिश की जा रही है जो सामाजिक कार्यों से जुड़कर लोगों की सहायता कर रहे हैं। पूर्व ब्लाक प्रमुख ने शक्ति संवाद किया तथा समूह की महिलाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि समूह के माध्यम से वे कैसे आगे बढ़ी है। इस अवसर पर उपस्थित मातृशक्तियों को सम्बोधित करते हुये यशस्वी प्रधानमंत्री मा.श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महिलाओं के समेकित उत्थान हेतु चलाई जा रही योजनाओं पर चर्चा किया व विभिन्न समूहों के माध्यम से उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी अदिति श्रीवास्तव प्रधान ज़मीन हुसेनाबाद सोनू सिंह प्रधान जरौली भानु बाजपेयी प्रधान मोहम्मदपुर अभय प्रताप सिंह गुड्डू एडीओ पंचायत विनय शुक्ला बीएमएम ज्योति श्रीवास्तव सहित सैकड़ो की संख्या समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

# 26 को होगा भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव, डीएम ने ली तैयारी बैठक

- मैत्री महोत्सव से गहरी होगी भारत-नेपाल की दोस्ती : डीएम

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



भारत-नेपाल के संबंधों को प्रगाढ़ करने के लिए नेपाल बॉर्डर से सटे यूपी के आठ जिलों में भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद खीरी में 26 फरवरी को चंदन चौकी में भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन होगा। सोमवार को कलेक्ट्रेट में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने जिले में महोत्सव आयोजन के संबंध में अफसरों की तैयारी बैठक लेकर रणनीति तय की।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव कार्यक्रम का उद्देश्य तराई सीमा क्षेत्र से संबंधित जिलों में युवा पीढ़ी एवं विद्यार्थियों को प्रदेश के गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने एवं देश प्रेम की भावना को जागृत करना है। महोत्सव से भारत-नेपाल के संबंध को मजबूत बनाते हुए दोनों देशों की सांस्कृतिक विरासत को संजोने का कार्य किया जाएगा। महोत्सव को भव्य ढंग से आयोजित करने के लिए जनपद खीरी को प्रमुख सचिव पर्यटन, संस्कृति तथा धर्मार्थ कार्य की ओर से दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं।

डीएम ने आयोजन स्थल चंदन चौकी में महोत्सव पर साज-सज्जा एवं अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अफसर को जरूरी दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थल के लिए प्रस्तावित मार्ग को अतिक्रमण मुक्त बनाते हुए साइनेज लगाने के भी निर्देश दिए। महोत्सव के कार्यक्रमों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए संबन्धित को निर्देशित किया। यात्रा के साथ पुलिस स्कार्ट की व्यवस्था सम्बन्धित पुलिस प्रशासन द्वारा सुनिश्चित की जाये। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान एम्बुलेंस की व्यवस्था करते हुए चिकित्सीय सुविधाएं सुनिश्चित की जायें। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि भारत-नेपाल में मनाए जाने वाले लगभग सभी त्योहार एक ही है। जबकि भारत-नेपाल का संबंध भी मधुर है। जिसको संजोने के लिए सीमावर्ती क्षेत्र के युवा व विद्यार्थियों के बीच प्रदेश की समृद्ध व संस्कृति विरासत को संरक्षित करने व देश प्रेम की भावना को प्रवाहित करने के लिए पूर्ण राष्ट्र भक्ति का आयोजन किया जाएगा।

एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव आयोजन से सीमावर्ती क्षेत्र के युवा दोनों देशों के संबंध व उसके सांस्कृतिक विरासत को समझेंगे। बैठक में सीएमओ डॉ एसडीएम कार्तिकेय सिंह, पीओ यूके सिंह, सीओ सुबोध जायसवाल, एडीआईओ नरेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# चोरों के हौसला बुलंद, घोला गांव से खोल ले गए तीन मवेशी

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गांव मुल्तानपुर व घोला में हौसला बुलंद चोरों ने दरवाजे पर बंधी मवेशी को खोलकर ले गए। चोरों ने एक ही रात में दो गांवों से मवेशी चोरी करने आए चोरों ने मुल्तानपुर से असफल होने के बाद घोला गांव से तीन मवेशी चोरी कर घटना को अंजाम दिया। परिजनों ने मितौली थाने में चोरी की तहरीर दी है।

हौसला बुलंद चोरों ने रात लगभग 12.30 बजे मुल्तानपुर ग्रन्ट गांव निवासी रिजवान व सुरज के दरवाजे पर बंधी ममेशी खोलने में कामयाब हुए। आहट मिलने पर परिजनों ने शोर मचाने पर ग्रामीण एकत्रित हो गए। ग्रामीणों के विरोध व ललकारने पर चोर ममेशी छोड़कर फरार हो गए। ग्रामीणों के अनुसार तीन से चार लोग व एक बड़ी पिकप से भागते देखा है। वहीं कस्ता भीखमपुर मार्ग के गांव घोला निवासी धीरेन्द्र वर्मा की दो मवेशी जिनकी कीमत लगभग दो लाख रुपए व रजनीश पासी की एक मवेशी जिसकी कीमत 50 हजार रुपए रात 1.30 बजे चोरी कर ले गए। गांव में रात को गाड़ी की आवाज से जागें ग्रामीणों ने पिकप को जाते देखा। वहीं भुक्तभोगी परिजनों ने बताया कि शुक्रवार दोपहर में मवेशी खरीदार लोग आए थे। दो गांवों में हौसला बुलंद चोरों ने रात में ममेशी चोरी की घटना को अंजाम दिया। क्षेत्र में मवेशी चोरी की घटना से ग्रामीण भयभीत हैं। वही मितौली पुलिस के भीखमपुर पिकेट पर तैनात पुलिस के निष्क्रियता के चलते पुलिस गस्त पर सवाल उठाए जा रहे हैं।



## एसएसबी की ओर से दिलवाया गया मोटे अनाज के उत्पादन का प्रशिक्षण

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज।** तृतीय वाहिनी, एसएसबी द्वारा खीरी के सीमा चौकी चंदन चौकी के ग्राम गोबरौला में 60 ग्रामीणों को रोजगार सृजन के अंतर्गत कृषि विकास हेतु मशरूम, हल्दी एवं मोटे अनाज के उत्पादन हेतु महिन्द्रा स्किल्स एवं डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड लखीमपुर खीरी द्वारा दस दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ सोमवार से किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कृषि क्षेत्र के विकास एवं रोजगार हेतु आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ क्षेत्र के विकास में योगदान देना भी है। एसएसबी कमांडेंट देवानंद ने बताया की सरकार द्वारा चलाया जा रहे इस कार्यक्रम के दौरान मशरूम, हल्दी एवं मोटे अनाज उगने की पद्धति के प्रशिक्षण के अतिरिक्त ग्रामीणों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्त भारत अभियान, साइबर क्राइम तथा स्वच्छ भारत अभियान के बारे में भी जागरूक किया गया और केंद्र सरकार के विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में पंचायत के प्रधान, स्कूल के प्रधानाध्यापक तथा 60 प्रशिक्षु, 90 स्थानीय लोग समिल्लित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ देवानंद, कमांडेंट, तृतीय वाहिनी देवानन्द द्वारा किया गया। तृतीय वाहिनी की तरफ से समवाय चंदन चौकी प्रभारी रिनझीन अंगचुक, सहायक कमांडेंट, निरीक्षक अनिल कुमार चौरसिया, सरस्वती विद्या मंदिर प्रधानाचार्य बलदेव श्रीवास्तव, चंदन चौकी प्रभारी शिवानंद यादव और पंचायत के गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

## वार्ड वासियों की मांग पर सभासद ने कूड़ादान किया वितरित



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** वार्ड वासियों की मांग पर आज पूरे वार्ड में जगह-जगह डस्टबिन का वितरण सभासद प्रतिनिधि द्वारा किया गया और साथ ही सभी लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। नगर पंचायत हैदरगढ़ के ब्रम्हनान वार्ड से सभासद प्रतिनिधि शिवा वर्मा ने डस्टबिन लगवाने के साथ कहा कि घरों से निकलने वाला कूड़ा कचरा इन्हीं डस्टबिन में डालें जिससे कि वार्ड की गलियां साफ सुथरी रह सके स्वच्छता भरे माहौल में रहकर हम कई प्रकार की बीमारियों से बच सकते हैं।

# बसंत पंचमी के स्वागत को लेकर कार्यक्रम आयोजित

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**




इनर व्हील क्लब आफ लखीमपुर नव दिशा ने बसंत पंचमी के आगमन से पूर्व बसंत पंचमी के स्वागत में एक प्रोग्राम का आयोजन किया। जिस का आयोजन अध्यक्ष कुमकुम गुप्ता के मार्गनिर्देशन में स्वाद रेस्टोरेंट में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंच आपूर्ति के बाद इनर व्हील प्रार्थना से की गई। विद्या की देवी सरस्वती मां की प्रतिमा के समाने दीप प्रज्वलन सभी पूर्व अध्यक्षों के द्वारा किया गया। पूर्व अध्यक्ष संगीता अग्रवाल के द्वारा मंच का संचालन किया गया। पूनम चौरसिया ने सरस्वती वंदना पर एक सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया।

अरुणा और पूनम अग्रवाल द्वारा बसंत पंचमी से संबंधित आकर्षक गेम और हाउसी खिलवाई गई। विजेताओं को उपहार भी दिए गए। क्लब सदस्य प्रीति सिंह व पूजा गुप्ता द्वारा कृष्ण राधा का एक नृत्य प्रस्तुत किया गया जिस ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया जो बहुत ही मनोहारी था।

पूनम चौरसिया को बसंत पंचमी क्वीन चुना गया। नीतू अग्रवाल, कनक बरनवाल, लता अग्रवाल, अरुणा अग्रवाल, प्रीति सिंह और मीनू गुप्ता ने अपने प्रियतम के सम्मान में 5 लाइन कही और क्लब अध्यक्ष द्वारा उन्हें भी पुरस्कृत किया गया। एडिटर कनक बरनवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम के साथ ही संस्था द्वारा प्रोजेक्ट कराए गए जिसमें क्लब सदस्यों के सहयोग से एक कन्या के विवाह हेतु शादी के शगुन का और खाने का सामान दिया गया जिस से वो अच्छे से कन्या का विवाह कर पाए।

कार्यक्रम में सदस्यों ने आकर रौनक के साथ-साथ इस कार्यक्रम को सफल बनाया। बसंत से संबंधित सजावट सामान से हाल को सजाया गया। इस अवसर पर बने पीले पीले कई प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ सभा का समापन हुआ।

# हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन कर मौलाना तौकीर रजा का फूंका पुतला

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**



हल्द्वानी में दंगाईयों के द्वारा पुलिस कर्मियों पर हमला एवं आगजनी की घटना के दूसरे दिन मौलाना तौकीर रजा द्वारा बरेली में साम्प्रदायिक हिंसा भड़काने के उद्देश्य से भड़काऊ बयान और भीड़ इकठा कर हिंदुओ की दुकानों में तोड़ फोड़ मारपीट करने के दोषियों पर रासुका के तहत कार्यवाही, दंगाईयों के घरों पर बुल्डोजर चलवाये जाने के सम्बंध में भीखमपुर चौराहे पर दंगाईयों का पुतला दहन किया गया।कार्यकर्ताओ ने कहा हम हिन्दू युवा वाहिनी एवं हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश से मांग करते हैं कि हल्द्वानी उत्तराखंड में दंगाईयों द्वारा पूर्वनियोजित के तहत प्रशासन के लोगो पर हमला एवं आगजनी की घटना की गई है। उसके अगले ही दिन मौलाना तौकीर रजा द्वारा भड़काऊ बयान देकर बरेली में भीड़ इकट्ठा की गई उसके बाद इन दंगाईयों द्वारा हिंदुओं की दुकानों में तोड़ फोड़ की गई। हिंसा भड़काकर पूरे देश का माहौल खराब किये जाने का प्रयास किया गया।

मौलाना तौकीर रजा द्वारा निरन्तर प्रायोजित तरीके से लगातार ऐसे कृत्य किये जाते हैं। हम सब की यही मांग है कि मौलाना तौकीर रजा एवं अन्य दंगाईयों के खिलाफ रासुका के तहत गिरफ्तारी हो और इनकी बिल्डिंगों पर बिल्डोजर चलवाया जाय, जिससे ऐसे लोग जो दंगा भड़काकर देश प्रदेश में अराजकता फैलाकर हिंदुओ को प्रताड़ित करने का प्रयास कर रहे हैं उन पर अंकुश लगाया जा सके। हिन्दू युवा वाहिनी तहसील ईकाई मितौली एवं हिन्दू संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया।

निवर्तमान तहसील प्रभारी इंदू पांडे, गुड्डन शुक्ला, राजीव दीक्षित, दयाशंकर पांडे, कुलदीप त्रिवेदी आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहें।

## पलिया में मौलाना तौकीर रजा का पुतला फूंक कर सौंपा ज्ञापन




**पलिया कलां खीर।** सोमवार को हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने मौलाना तौकीर रजा द्वारा भड़काऊ बयान बाजी करने के विरोध में पलिया नगर के स्टेशन रोड पर मौलाना तौकीर रजा का पुतला फूंका, आपको बता दे कि उत्तराखंड के हल्द्वानी में दंगाईयों द्वारा प्रसाशन पर हमला किये जाने के बाद मौलाना तौकीर रजा द्वारा बरेली में भीड़ इकट्ठा कर भड़काऊ बयान के साथ साथ दंगाईयों द्वारा हिंदुओ की दुकानों में तोड़ फोड़ व मारपीट किये जाने के विरोध में हिन्दू युवा वाहिनी एवं हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने विरोध जताते हुए पलिया नगर के स्टेशन रोड पर तौकीर रजा का पुतला फूंका। इस दौरान हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ता राज कुमार राठौर, सत्येंद्र मिश्रा, सक्षम शुक्ला, विक्की गुप्ता, बलराम, प्रहलाद, राजीव, सुधीर, संजय राठौर, दुलारे कश्यप, कमल कश्यप, सर्वेश कुमार, पवन सिंह, गीरीश, आकाश कुमार, नितेश गुप्ता, विष्णु शर्मा, राजेश मौर्या सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया तथा मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी पलिया को सौंपा और मांग की जल्द ही इन दंगाईयों की गिरफ्तारी कर कार्यवाही की जाए और रासुका लगाकर बिल्डोजर चलवाया जाय, मौलाना तौकीर राजा द्वारा भड़काऊ बयान बाजी करने को लेकर तमाम हिंदू संगठनों में भारी रोष व्याप्त है।

## बेहोशी की हालत में मिला युवक, इलाज के दौरान मौत

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** बीती रात थाना कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के ग्राम सहनीमऊ निवासी 22 वर्षीय युवक उत्तम कुमार पुत्र राम अधार को बेहोशी की हालत में संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर लाकर भर्ती कराया गया था जंहा इमरजेंसी में तैनात डाक्टर ने युवक की हालत नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। जिले पर उसकी मृत्यु हो गई।जिसका पोस्टमार्टम कराया गया है। उत्तम कुमार कोटवाधाम में एक दुकान पर मजदूरी करता था। थाना प्रभारी प्रफुल्ल कुमार यादव ने बताया है कि मृतक का पोस्टमार्टम जिले पर कराया गया है।

# सरकार की योजनाओं का ग्रामीणों के बीच किया जा रहा प्रचार प्रसार

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने गांव चलो अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत पार्टी के बड़े नेता गांवो में जाएंगे और ग्रामीणों के बीच केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार करेंगे।

इसी क्रम में आज वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह द्वारा ग्राम पंचायत रामनगर के बूथ संख्या 207 के अंतर्गत ग्राम कोरियानी में रात्रि प्रवास कर ग्रामीणों से संपर्क किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी एवं अपने अनुभव साझा किये। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख द्वारा बूथ कमेटी के साथ बैठक कर पन्ना प्रमुखों की नियुक्ति की गई वह सभी ग्राम वासियों को पत्र वितरित कर आगामी लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत से एक बार पुणे भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को विजई बनाने की अपील की गई। पूर्व प्रमुख ने ग्राम प्रधान अरविंद सिंह बब्लू के घर रात्रि प्रवास किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रवेश सिंह प्रधान अभय प्रताप सिंह गौरव सिंह मनोज सिंह ज्ञान सिंह रप्पन भाजपा नेता राहुल सिंह चौहान प्रधान बेलहरी अजय प्रताप सिंह चौहान क्षेत्र पंचायत सदस्य अनिल सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

# चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में बनी रणनीति, सौंपी गई जिम्मेदारियां

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा जिला कार्यालय पर सोमवार को चुनाव प्रबंधन की जिला समिति की आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में चुनावी रणनीति को लेकर चर्चा हुई।

जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने समिति में शामिल सभी सदस्यों का बाराबंकी लोकसभा प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा से परिचय कराया।जिला अध्यक्ष ने प्रबंधन समिति के सदस्यों को जिम्मेदारियां भी सौंपी।लोकसभा प्रभारी ने कहा कि जिला चुनाव प्रबंधन समिति में जिन्हे जो दायित्व मिला है उस जिम्मेदारी का पूरे मनोयोग से निर्वहन करना है।उन्होंने कहा कि भाजपा में कोई दायित्व छोटा या बड़ा नहीं होता है क्योंकि भाजपा सेवा ही संगठन के मूल सिद्धांत पर कार्य करती है।

उन्होंने कहा कि 2014 एवम 2019 के लोकसभा चुनाव में बाराबंकी में बड़े अंतर से भाजपा ने जीत दर्ज की थी । मगर इस बार के लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करनी है। जिसके लिए चुनाव प्रबंधन समिति की भूमिका और बढ़ जाती है। संचालन लोकसभा के जिला संयोजक बनाए गए आशुतोष अवस्थी ने किया।जिला महामंत्री संदीप गुप्ता ने आभार ज्ञापित किया।लोकसभा प्रभारी ने लोकसभा चुनाव के विस्तारकों संग अलग से परिचयात्मक बैठक करके जिले की राजनैतिक, भौगोलिक एवम अन्य विषयों पर जानकारी हासिल की।

इस अवसर पर लोकसभा विस्तारक यश मिश्रा, डॉक्टर रामकुमारी मौर्य, डॉक्टर विवेक वर्मा, विजय आनंद बाजपेई, शुशील जायसवाल, मनोज कुमार वर्मा, रामेश्वरी त्रिवेदी, दिलीप मिश्रा, प्रमोद तिवारी, ओम प्रकाश वर्मा, विनीत रस्तोगी, शशि गुप्ता, देव गुप्ता, रविकांत शुक्ला सहित चुनाव प्रबंधन समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# भीरा पुलिस ने किया वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़

- पुलिस ने चोरी की दस मोटर साईकिलें बरामद कर, दो को भेजा जेल
- जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों से चोरी कर अन्य जनपदों में बेंची जाती थी चोरी की बाइकें

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



थाना भीरा पुलिस को वाहन चोरी को लेकर एक बड़ी सफलता हाँथ लगी है। पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से चोरी हुई करीब दस मोटर साईकिलें बरामद करने के साथ साथ दो युवकों को भी गिरफ्तार किया गया है। चोरों द्वारा खीरी जिले से चोरी कर जिले से लगे अन्य जनपदों में मोटर साइकिलों की बिक्री की जाती थी। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा पंजिकृत कर माननीय न्यायालय भेज दिया है।

जिले भर में आये दिन हो रही मोटर साइकिलों की चोरी की घटनाओं को लेकर भीरा पुलिस ने ऑटो लिफ्टरों का खुलासा करते हुए एक बड़ी कामयाबी अपने नाम दर्ज की है।

सोमवार को भीरा थाने पर क्षेत्राधिकारी गोला रमेश कुमार तिवारी द्वारा प्रेसवार्ता करते हुए जानकारी दी गई कि भीरा पुलिस को सूचना थी कि इसी क्षेत्र के कुछ युवक गिरोह बनाकर पूरे जिले में मोटरसाइकिल चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। जिस पर भीरा एसओ ब्रजेश कुमार मौर्या व पड़रिया तुला पुलिस सहायता केंद्र पर तैनात एसआई संदीप कुमार,मुख्य आरक्षी संजय सिंह आरक्षी चन्द्र मोहन त्यागी, अरविंद कुमार, सोहित कुमार, विशाल दक्ष द्वारा पिछले कई दिनों से कई जगहों पर छापेमारी की गई जहां पर इसी थाना क्षेत्र के सोनारीपुर निवासी साधु भार्गव पुत्र राम प्रसाद व बेलवा मलूकापुर निवासी पवन कुमार पुत्र केदारी लाल की गिरफ्तारी की गई। इनकी निशान देही पर खीरी, सदर कोतवाली, मोहमदी, पसगवां, मजगई, निघासन तथा फूलबेहड़ थाना क्षेत्र के अलग अलग स्थानों से चोरी की गई पैशन प्रो, एचएफ डीलक्स, स्प्लेंडर प्लस, मॉडल की करीब दस मोटर साईकिलें बरामद की गई। पुलिस की पूछताछ में चोरों ने बताया कि भीरा पुलिस की लगातार बड़ी कार्यवाही के डर से हम लोग यह क्षेत्र छोड़कर पूरे जिले में मोटरसाइकिलों की चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के बाद मोटर साइकिलों को सीतापुर, शाहजहाँपुर, हरदोई आदि जिलों में बेंच देते हैं। अभी कुछ दिन पूर्व भी भीरा पुलिस की इसी टीम ने ऑटो लिफ्टरों के एक बड़े गैंग का खुलासा करते हुए भारी मात्रा में चोरी की मोटर साईकिलें नेपाल से बरामद की गई थी।

# उप्र पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा के लिए 13 से डाउनलोड करें एडमिट कार्ड

**▸ 60 हजार पदों के लिए 50 लाख उम्मीदवारों ने किया है आवेदन**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा के एडमिट कार्ड का इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों के लिए अच्छी खबर है। अभ्यर्थी उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (यूपीपीआरपीबी) की वेबसाइट पर जाकर 13 फरवरी से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

इससे पहले, बोर्ड ने 10 फरवरी को प्रदेश के विभिन्न जिलों के एग्जामिनेशन सेंटर्स की लिस्ट जारी की थी। परीक्षा प्रदेश के विभिन्न जिलों में 17 और 18 फरवरी को आयोजित कराई जाएगी। 'मिशन रोजगार' के तहत योगी सरकार ने 23 दिसंबर को उत्तर प्रदेश के युवाओं को बड़ी सौगात देते हुए प्रदेश की अब तक की सबसे बड़ी पुलिस भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया था। प्रदेश के युवा काफी समय से यूपी पुलिस में सिपाही के 60 हजार से ज्यादा रिक्त पदों की भर्ती का इंतजार कर रहे थे। यूपीपीआरपीबी की अध्यक्ष डीजी रेणुका मिश्रा ने बताया कि यूपी पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा के लिए अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट uppbpb.gov.in पर जाकर 13 फरवरी से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

# कचरा निस्तारण को एनवीवीएन करेगा वेस्ट-टू-चारकोल प्लान्ट की स्थापना

## आधुनिक तकनीक के प्रयोग से उत्तर प्रदेश के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में मिलेगी सहायता : शर्मा

समृद्धि न्यूज



**▸ एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम व नगर विकास विभाग के मध्य एमओयू हुआ साइन**

**लखनऊ।** प्रदेश के नगरीय निकायों के कचरे के निस्तारण में सहयोग प्रदान करने के लिए एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड एनवीवीएन और नगर विकास विभाग के मध्य समझौता ज्ञापन एमओयू हस्ताक्षरित हुआनगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा की उपस्थिति में स्थानीय निकाय निदेशक डॉ. नितिन बंसल और एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड एनवीवीएन की मुख्य कार्यकारी अधिकारी रेणु नारंग द्वारा एमओयू पर आधिकारिक हस्ताक्षर किये गये।

नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि इस एमओयू से नगरीय निकायों को स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों को जैसे कि कूड़े का वैज्ञानिक तरीके से पूर्णतः निस्तारण, संवहनीयता एवं वेस्ट-टू-वेल्थ को पूरा करने में सहयोग मिलेगा। प्रदेश में एनवीवीएन द्वारा वेस्ट-टू-चारकोल प्लान्ट की स्थापना एक नवीनतम प्रयास होगा, जिसके माध्यम से ग्रीन चारकोल का उत्पादन किया जायेगा। उत्पादित ग्रीन चारकोल का उपयोग विद्युत उत्पादन में भी किया जायेगा। इस आधुनिक तकनीक के प्रयोग से न केवल कचरे का पूर्ण निस्तारण होगा, बल्कि कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में भी सहायता मिलेगी। साथ ही यह पर्यावरण अनुकूल एक अग्रणी कदम भी होगा। उन्होंने कहा कि नगर विकास विभाग और एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड एनवीवीएन के मध्य हस्ताक्षरित इस एमओयू के माध्यम से सहयोगात्मक शहरी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जाएगा। यह एमओयू उत्तर प्रदेश में क्लाइमेट रेसीलिन्स और प्रभावी अपशिष्ट प्रबन्धन पर जोर देते हुए सतत शहरी विकास के लिए प्रतिबद्धता को दर्शाता है।नगर विकास विभाग और एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड एनवीवीएन के मध्य नगर विकास मंत्री की उपस्थिति में आज जल निगम फील्ड हॉस्टल श्संगमश, लखनऊ में समझौता ज्ञापन एमओयू हस्ताक्षरित हुआ। नगर विकास विभाग और एनवीवीएन के मध्य हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन का उद्देश्य प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में विकास के लिए सहयोगात्मक प्रयास करना है। साथ ही नगर विकास विभाग के साथ मिलकर शहरों के सतत विकास के लिए वेस्ट-टू-चारकोल प्लान्ट की स्थापना भी करना है। स्थानीय निकाय निदेशक डॉ. नितिन बंसल और एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रेणु नारंग, विजय कुमार, अंजनी कुमार सिंह, दीपक कुमार श्रीवास्तव सहित स्वच्छ भारत मिशन टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

**वैज्ञानिक पद्धति से होगा कचरे का निस्तारण**

इस एमओयू के माध्यम से एनवीवीएन उत्तर प्रदेश के नगरीय निकायों से निकलने वाले कचरे का वैज्ञानिक पद्धति से निस्तारण करेगा और निकायों में वेस्ट-टू-चारकोल प्लान्ट की स्थापना भी एनवीवीएन द्वारा स्वयं अपने व्यय से की जाएगी। प्लांट से उत्पादित ग्रीन चारकोल का उपयोग एनवीवीएन द्वारा विद्युत निर्माण में किया जायेगा।

## खबरें एक नजर में

### उद्योग व अधिष्ठान रिक्तियों को नैप्स पोर्टल पर करें अपडेट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई लखनऊ ने बताया कि उद्योगों व अधिष्ठानों को भारत सरकार के द्वारा नैप्स योजना के अन्तर्गत 1500 रुपये सीधे प्रशिक्षार्थी के बैंक खाते में दिये जाने के कारण उद्योगों व अधिष्ठानों के ऊपर वित्तीय भार कम हो गया है तथा 1000 रुपये सीएम-एपीएस योजना के माध्यम से प्रतिपूर्ति की जाती है। इस प्रकार 2500 रुपये प्रतिमाह उद्योगों व अधिष्ठानों को मिलने के कारण शिशिक्षु के ऊपर आने वाला व्यय मात्र 4500 रुपये प्रतिमाह आता है। जिससे उद्योगों व अधिष्ठानों को अधिक से अधिक अप्रेन्टिसशिप आयोजित किये जाने के उद्देश्य से भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा प्रोत्साहित किया गया है। प्रधानाचार्य ने बताया कि लखनऊ स्थित उद्योग व अधिष्ठान नैप्स पोर्टल www.appretniceshipindia.gov.in को ओपेन करने के बाद रजिस्टर व लॉग इन पर जा कर इस्टैब्लिशमेन्ट में जा कर रजिस्टर करना होगा तथा उद्योगों व अधिष्ठानों को पोर्टल पर अपनी वैकेन्सी क्रियेट करना होगा। जिससें प्रशिक्षार्थी पोर्टल पर जा कर आवेदन कर सके तथा अभ्यर्थियों को भी इसी पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा तथा पंजीकरण करने के उपरान्त कम्पनियों/अधिष्ठानों में जहाँ वैकेन्सी दिख रही हो, वहाँ आनलाइन आवेदन कर सकते है।

### नगर पंचायत चेयरमैन व प्रतिनिधि समर्थकों संग भाजपा में होंगे शामिल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज नगर पंचायत के चेयरमैन राजेश रावत व उनके प्रतिनिधि अजय पांडे उर्फसत्यम अपने चार सौ के करीब समर्थको के साथ आज भाजपा में शामिल होगे। चेयरमैन व प्रतिनिधि समेत उनके समर्थको को मोहनलालगंज कस्बे में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री व स्थानीय सासंद कौशल किशोर व भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयम्बक त्रिपाठी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराकर विधिवत भाजपा में शामिल करायेगे। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा विधायक अमरेश कुमार रावत व जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह समेत भाजपा के कई नेता मौजूद रहेगें। चेयरमैन प्रतिनिधि अजय पांडे उर्फसत्यम ने दी। ज्ञात हो मोहनलालगंज नगर पंचायत के चुनाव में व्यापार मंडल अध्यक्ष अजय पाडें उर्फसत्यम ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपने मुंशी राजेश रावत को मैदान में उतारकर भाजपा, सपा, बसपा के दिग्गज प्रत्याशियों को करारी शिकस्त देकर रिकार्ड मतों से जीत हासिल की थी।

### प्रदेश में हुई 52.16 लाख मीट्रिक टन धान खरीद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने के उद्देश्य से खरीफ क्रय वर्ष 2023-24 में 5161 क्रय केन्द्रों के माध्यम अब तक 5216264.77 मीट्रिक टन धान किसानों से सीधे ऋय किया गया है। इस योजना से अब तक लगभग 778048 किसानों को लाभान्वित करते हुए 11000.120 करोड़ रूपये का भुगतान उनके खातों में किया गया है। खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार आज 14418.62 मीट्रिक टन खरीद हुई है। धान खरीद हेतु 70.00 लाख मी0टन ऋय लक्ष्य निर्धारित है। लक्ष्य के सापेक्ष लगभग 75 प्रतिशत खरीद कर ली गयी है।

### श्रम न्यायालयों में पीठासीन अधिकारियों की तैनाती

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश सुधीर कुमार-प्प् सेनि जिला न्यायाधीश डॉ दीपक स्वरूप सक्सेना, सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश अविनाश सक्सेना, सेवानिवृत्त आईएएस अवनीश कुमार शर्मा, सेनि आईएएस डॉ प्रदीप कुमार, सेनिपीसीएस प्रेम प्रकाश पाल, सेनि उप श्रमायुक्त रवि प्रकाश गुप्ता को क्रमशः श्रम न्यायालय गाजियाबाद, पीठासीन अधिकारी, औद्योगिक न्यायाधिकरण (3) कानपुर, श्रम न्यायालय (2) कानपुर, श्रम न्यायालय फिरोजाबाद, औद्योगिक न्यायाधिकरण (1) प्रयागराज के पद पर, औद्योगिक न्यायाधिकरण (2) लखनऊ, श्रम न्यायालय आगरा के पीठासीन अधिकारी के पद पर, उनके कार्यभार ग्रहण की तिथि से तीन वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने, जो भी पहले घटित हो, तक के लिए तैनात किया गया है।इस सम्बन्ध में श्रम विभाग द्वारा आवश्यक आदेश जारी कर दिया गया है।

### पशु रोग नियंत्रण योजना के लिए 08.22 करोड़ स्वीकृत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय पशु स्वास्थ्य तथा रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत पशु रोग नियंत्रण योजना के लिए 822.60 लाख रूपये की धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की है। यह योजना 60 प्रतिशत केन्द्र पोषित तथा 40 प्रतिशत राज्य पोषित है।पशुधन विभाग द्वारा इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया गया है। योजना के सुनियोजित क्रियान्वयन के लिए निदेशक, रोग नियंत्रण प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। शासनादेश में कहा गया है कि स्वीकृत धनराशि का आहरण एवं व्यय राज्य सरकार तथा भारत सरकार के दिशा-निर्देशों एवं निर्धारित मानकों व कार्य योजना का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जाएगा।

### श्री बाबा रामनाथ कुटिया पर विशाल भंडारा आज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** गोसाईगंज क्षेत्र के अमेठी के घुसकर गांव में श्री बाबा रामनाथ की कुटिया पर आज 50 वें विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा जिसमें हजारो की संख्या में क्षेत्रीय लोग पहुंचकर बाबा रामनाथ की मजार पर मत्था टेक कर भंडारे में प्रसाद ग्रहण करेगें। बुधवार को बसन्त पंचमी के दिन कुटिया पर वार्षिक मेला समेत कबड्डी प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। आयोजन जिला सहकारी बैंक के पूर्व निदेशक अनिल त्रिपाठी ने बताया कि सोमवार को बाबा की मजार पर अखंड रामचरित मानस पाठ बैठाया गया है,मगंलवार को दूसरे दिन रामचरित मानस पाठ के समापन पर सांधु-संतो को भोजन कराकर विशाल भंडारा, बुधवार को बसन्त पंचमी को बाबा की कुटिया पर वार्षिक मेला व कबड्डी प्रतियोगिता समेत रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

# 13 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सौर ऊर्जा से लैस करेगी सरकार

**▸ 40 किलोवॉट क्षमता के संयंत्रों को स्थापित करने की प्रक्रिया शुरु**

समृद्धि न्यूज





**हरदोई, पीलीभीत, कुशीनगर, बाराबंकी, मथुरा, महाराजगंज, कन्नौज, देवरिया व आगरा के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को मिलेगा लाभ**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को विकास के नए सोपानों की ओर अग्रसर कर रही योगी सरकार ने प्रदेश में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए विस्तृत कार्ययोजना पर कार्य करना शुरू कर दिया है। एक तरफ उत्तर प्रदेश में अयोध्या व वाराणसी को मॉडल सोलर सिटीज के रूप में विकसित करने की प्रक्रिया जारी है, दूसरी तरफ प्रदेश के सरकारी विभागों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए रूफटॉप सोलर पैनल इंपैनलमेंट प्रोजेक्ट को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस क्रम में अब योगी सरकार ने 13 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सौर ऊर्जा से लैस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि 13 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सौर ऊर्जा से लैस करने हेतु 3.10 करोड़ रुपए की प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए धनराशि जारी कर दी गई है। इसके जरिए जनपद हरदोई, पीलीभीत, कुशीनगर, बाराबंकी, मथुरा, महाराजगंज, कन्नौज, देवरिया व आगरा के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सौर ऊर्जा संयंत्र युक्त बनाने की प्रक्रिया को गति देने में मदद मिलेगी।

कौशल विकास मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन अनुसार तैयार की गई कार्ययोजना के अनुसार जिन 13 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सौर ऊर्जा संयंत्रों से युक्त करने की प्रक्रिया शुरू की गई है उनकी क्षमता 40 किलोवॉट होगी। इसमें प्रत्येक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान को 23.88 लाख रुपए से रूफटॉप इनेबल्ड सोलर पैनल इंपैनलमेंट व सोलर पावर प्लांट की स्थापना, क्रियान्वयन व संचालन के कार्यों को पूर्ण किया जाएगा। जिन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में इस प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा उनमें हरदोई का पिहानी, पीलीभीत का बरखेड़ा, कुशीनगर का नौरंगिया व हाटा, बाराबंकी का फतेहपुर, मथुरा का गोवर्धन, महाराजगंज का माधोनगर, निचलौल व नौतनवा, कन्नौज का छिबरामऊ व तिर्वा, देवरिया का बरहज तथा आगरा का एत्मादपुर हैं। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि सभी चयनित 13 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान को सौर ऊर्जा संयंत्र युक्त करने के लिए व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग के प्रशिक्षण एवं सेवायोजन प्रखंड को निर्देश दिए गए हैं। इसके अनुसार सभी 13 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सौर ऊर्जा युक्त करने का कार्य प्रशिक्षण एवं सेवायोजन के निदेशक की देखरेख में होगा। इन सभी ऋय व संचालन कार्यों को उत्तर प्रदेश शासन की रूलबुक अनुसार पूरा किया जाएगा तथा उच्च गुणवत्ता समेत तमाम मानकों को सुनिश्चित किया जाएगा। इस कार्य को पूरा करने के लिए अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग के साथ समन्वय भी स्थापित किया जाएगा तथा उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय उर्जा अभिकरण (यूपीनेडा) की देखरेख में इस कार्य को पूर्ण किया जाएगा।

# स्वावलंबी महिलाओं को सम्मानित कर आत्मनिर्भरता का मंत्र देंगे मुख्यमंत्री

समृद्धि न्यूज

**▸ योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में कल होगा नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम**

**गोरखपुर।** आधी आबादी की सुरक्षा सम्मान और खासकर स्वावलंबन पर सरकार लगातार जोर दे रही है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चलाई जा रही कई योजनाओं में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस मिशन से स्वावलंबी हो रही महिलाओं को और आगे बढ़ने की दिशा में प्रेरित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत 14 फरवरी (बुधवार) को उनके साथ संवाद करेंगे। कुछ चुनिंदा महिलाओं को सम्मानित कर समूची आधी आबादी को आत्मनिर्भरता का मंत्र देंगे।

महिलाओं के सम्मान और संवाद से जुड़ा नारी शक्ति वंदन का यह समारोह बुधवार को पूर्वाह्न 11 बजे से योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में प्रस्तावित है। इस मौके पर गोरखपुर जिले में दीन दयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की प्रगति की विशेष तौर पर चर्चा भी की जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार इस मिशन के अंतर्गत गोरखपुर में अब तक कुल 20,847 समूहों का गठन किया जा चुका है। इसमें कुल 3,05,324 समूह सदस्यों को जोड़ा गया है। 14,690 समूहों को रिवाल्विंग फण्ड तथा 9951 समूहों को सीआईएफ सुविधा देकर कुल 131 करोड़ रुपये की धनराशि उपलब्ध करायी गयी है। एनआरएलएम की उपादेयता को और व्यापक बनाने के लिए जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत से दो-दो मॉडल समूह विकसित किये गये हैं, जिसमें कुल 2470 स्वयं सहायता समूहों का चयन किया गया है। 3558 समूह सदस्यों को विभिन्न ट्रेडों जैसे सिलाई, अचार, मसाला निर्माण, सॉफ्ट टॉय बनाना, दोना पत्तल, लोक सेवा केन्द्र का संचालन, जनरल स्टोर, अगरबत्ती, सब्जी उत्पादन, मशरूम, शहद उत्पादन, कृषि कार्य, पशुपालन आदि में प्रशिक्षित भी किया गया है। साथ ही एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत टेराकोटा उत्पाद बनाने के लिए पांच स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया है।

# फरियादियों की समस्याओं को जल्द निस्तारित करें अधिकारी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने-7 कालीदास मार्ग स्थित कैम्प कार्यालय पर सोमवार को विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। जन सुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया। जनता दर्शन में बुजुर्ग, महिलाएं, पुरूष एवं दिव्यांग सहित सैकड़ों लोगों ने उपमुख्यमंत्री के समक्ष अपनी समस्यायें बतायी। समस्याओं में मुख्य रूप से विद्युत, मार्ग चौड़ीकरण, सड़क निर्माण, आवास दिलाने, अवैध कब्जा, कानून व्यवस्था, रास्ता खुलवाने, विकास कार्य, मारपीट, राजस्व, अतिक्रमण, जमीनी विवाद, चिकित्सा सहायता आदि थीं।

जनता दर्शन में आये तमाम लोगों से उनकी समस्याएं सुनीं एवं प्रार्थना पत्र भी लिये, कई लोगों की समस्याओं के निस्तारण के संबंध में उपमुख्यमंत्री ने शासन के उच्चाधिकारियों, जिलाधिकारियों व पुलिस अधीक्षको सहित कई अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता भी की। लोगों की समस्याओं का जनता दर्शन के दौरान निस्तारण भी कराया गया।

उप मुख्यमंत्री ने फरियादियों को विश्वास दिलाया कि किसी को निराश नहीं होना पड़ेगा, सबकी समस्याओं का समुचित समाधान कराया जायेगा। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे रू-ब-रू होकर सुना।जनता दर्शन मे लगभग 2 दर्जन से अधिक जिलों से आये कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत कई जिलों के अधिकारियों व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता की।

## राज्य सूचना आयुक्त ने की बड़ी कार्रवाई, सभी फाइलें निस्तारित

**लखनऊ।** राज्य सूचना आयुक्त नरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने अपीलकर्ता अमर बहादुर सहगल पुत्र हरमल सिंह ग्राम पंचायत इस्लामनगर सहारनपुर बनाम जिला पंचायत राज, सहारनपुर के अन्तर्गत आने वाले सभी 887 ग्राम पंचायतों से सम्बन्धित 18 अपीलों की सम्मिलित सुनवाई करते हुए आज यूपी सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 एवं सूचना का अधिकार नियमावली-2015 तथा उच्चतम न्यायालय सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ सेकेन्डरी एजुकेशन एवं अदर्स बनाम आदित्य बन्धोपाध्याय के मद्देनजर सभी अपीलों को किया निस्तारित। अपीलकर्ता के मांगी गयी सूचनाओं का प्रारूप पत्र है तथा उनके द्वारा मांगी गयी सूचनाएं काफी विस्तृत है। अपीलकर्ता द्वारा उपरोक्त पत्रावलियों में उपलब्ध अधिनियम की धारा 6 (1) के द्वारा मांगी गयी सूचना न तो व्यापक जनहित में है, न ही अधिनियम में अपेक्षित सूचना की पारदर्शिता को बढ़ाने, भ्रष्टाचार को रोकने अथवा सरकारों के परिकरणों को शासन के प्रति उत्तरदायी बनाने में सहायक हैं। मांगी गयी सूचनाएं यांत्रिक ढंग से मांगी गयी हैं। निश्चय ही लोक प्राधिकारी के सीमित संसाधन अपीलकर्ता द्वारा चाही गयी सतही सूचनाओं पर व्यर्थ नहीं किया जा सकता है।

# छूटे हुए साढ़े तीन लाख से अधिक किसानों को 177 करोड़ का मुआवजा देगी सरकार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** योगी सरकार ने पिछले दो वर्षों में आपदाओं से क्षतिग्रस्त फसलों के नुकसान के मुआवजे से छूटे किसानों को लेकर बड़ा फैसला लिया है। योगी सरकार ने किन्हीं तकनीकी कारणों से वित्तीय वर्ष 2021-22 और वर्ष 2022-23 में मुआवजे से छूटे प्रदेश के कुल साढ़े तीन लाख से अधिक किसानों को एक अरब 76 करोड़ से अधिक धनराशि जल्द से जल्द खाते में ट्रांसफर करने के निर्देश दिये हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में विभिन्न आपदाओं से क्षतिग्रस्त हुई फसलों के मुआवजे और अन्य राहत को लेकर समीक्षा बैठक की थी। इस दौरान उन्होंने त्रुटियों के कारण फसलों के नुकसान के दोबारा सत्यापन में लापरवाही और मुआवजा जारी नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए 17 जिलों के एडीएम एफआर से जवाब तलब किया था। साथ ही अधिकारियों को ऐसे मामलों में तत्काल सत्यापन कराकर किसानों को मुआवजा राशि प्रदान करने के स्पष्ट निर्देश दिये थे। उल्लेखनीय है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में जनवरी तक 1,87,845 से अधिक किसानों को 80,88,68,299 रुपये से अधिक की सहायता धनराशि वितरित की जा चुकी है। अपर मुख्य सचिव सुधीर गर्ग ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मुआवजे से छूटे किसानों को सहायता धनराशि देने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में दोबारा सर्वे कराया गया। सर्वे में पाया गया कि प्रदेश के वित्तीय वर्ष 2021-22 और वर्ष 2022-233 में कुल 3,76,287 किसान आपदाओं से क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे से छूट गये थे। इसमें वित्तीय वर्ष 2021-22 के 2,27,735 किसान और वर्ष 2022-23 के 1,48,552 किसान शामिल हैं।

इस पर प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों से छूटे किसानों को मुआवजा देने के लिए धनराशि की मांग करने के निर्देश दिये गये थे। अपर मुख्य सचिव राजस्व के मुताबिक सर्वे में पाया गया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में मुआवजे से सबसे अधिक सीतापुर के 27,836 किसान छूट गये थे, जिन्हें 10,72,51,397 रुपये की धनराशि का भुगतान किया जा रहा है।

**लापरवाही के कारण किसानों को नहीं जारी हो सका था मुआवजा**

प्रदेश के सभी 75 जिलों से दोनों वित्तीय वर्ष के लिए कुल 1,76,96,63,245 रुपये की धनराशि की मांग की गई है। इसमें वित्तीय वर्ष 2021-22 में 77,36,83,239 रुपये और वर्ष 2022-23 में 59,59,80,006 रुपये की धनराशि शामिल है। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि आपदाओं से क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित बड़ी तादाद में किसानों के डाटा फिडिंग के दौरान आधार, खाता संख्या में गलती और डुप्लीकेसी के कारण मुआवजे का भुगतान नहीं हो पाता है। ऐसे में, दोबारा सत्यापन कराया जाता है, लेकिन जिलास्तर पर पिछले दो वर्षों में इसमें लापरवाही की गई, जिससे किसानों को मुआवजा जारी नहीं किया जा सका। अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर दोबारा सर्वे कराकर मुआवजे से वंचित किसानों को धनराशि हस्तातंरित की जा रही है।

**▸ तकनीकी कारणों से वित्तीय वर्ष 2021-22 और वर्ष 2022-23 में मुआवजे के लाभ से छूट गये थे अन्नदाता**

# भूमि पर चल रहे निर्माण को रोकने के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



समृद्धि न्यूज़

**लखनऊ।** भारतीय किसान यूनियन सावित्री गुट द्वारा सोमवार को सदर तहसील में जाकर उप जिलाधिकारी सदर को अपने यूनियन के प्रदेश सचिव गुलफिशा खान के भूमि विवाद के समर्थन में धरना एवं प्रदर्शन के संबंध में ज्ञापन दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सावित्री सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने शेखूपुर कॉलोनी अंतर्गत खसरा नंबर 202 के भूमि विवाद के संबंध में प्रशासन द्वारा भूमि में चल रह निर्माण कार्य को रोकने हेतु ज्ञापन दिया।

उक्त भूमि पर न्यायालय में वाद चल रहा है इसके उपरांत कुछ लोग उक्त भूमि पर मिट्टी डालने का काम कर रहे थे जिसको लेकर किसान यूनियन ने अपने पदाधिकारी के समर्थन में धरना एवं प्रदर्शन किया।

## भारतीय जनता पार्टी के साथ है पूरा ओबीसी समाज : केशव

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि ओबीसी के हित में जितने निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने लिए हैं, उतने कभी नहीं लिए गए। पूरा ओबीसी समाज आज भाजपा के साथ है। उन्होंने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा परिवारवाद व भ्रष्टाचार की राजनीति करके देश और देश के लोकतंत्र तथा गरीबों को कमजोर करने का काम किया है। इससे देश की प्रगति बहुत धीमी गति से हो सकी लेकिन मोदी सरकार बनने के बाद 10 वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था एवं विकास चरम को छू रहा है। डिप्टी सीएम केशव मौर्य आज सोमवार को विश्वेश्वरैया भवन में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा आयोजित श्युवा संवाद सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

**तैयारी** — महाकुंभ से लोगों को जोड़ने के लिए सरकारी एजेंसियों के साथ गैरसरकारी एजेंसियों का सहयोगी लेगी सरकार

# सरकार सोशल मीडिया कॉन्क्लेव से करेगी महाकुंभ की ब्रांडिंग

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/प्रयागराज।** योगी सरकार प्रयागराज में अगले साल होने वाले महाकुंभ की ग्लोबल ब्रांडिंग करने और उसे समावेशी रूप देने के लिए बड़े फैसले ले रही है। सरकार महाकुंभ से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए सरकारी एजेंसियों के साथ गैरसरकारी एजेंसियों का भी सहयोगी लेगी। सोशल मीडिया कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा।

महाकुम्भ के आयोजन में अभी तक सरकारी एजेंसियों के विचार ही समाहित होते थे लेकिन अब योगी सरकार इससे एक कदम आगे जाकर गैर सरकारी एजेंसियों को भी इसमें शामिल करना चाहती है। प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह के मुताबिक पर्यटन विभाग अधिक से अधिक लोगों को महाकुम्भ से जोड़ना चाहता है। हर किसी के पास एक बहुत बेहतर आइडिया होता है और हो सकता है कि अब तक सरकार तक न पहुंच पाया हो। ऐसे लोगों के महाकुम्भ से जुड़े आइडिया को सरकार के साथ साझा करने के लिए पर्यटन विभाग एक प्रतियोगिता का आयोजन करेगा जिसमें लोगों के कुम्भ के आयोजन से जुड़े आईडिया मांगे जायेंगे। इस प्रतियोगिता में सबसे अलग आइडिया देने वाले लोगों को पर्यटन विभाग प्रोत्साहित करेगा। उनका आइडिया महाकुम्भ के आयोजन का अंग बनेगा। महाकुम्भ के आयोजन से पूर्व प्रयागराज में पर्यटन स्थलों की ब्रांडिंग और पब्लिसिटी के लिए पर्यटन विभाग कई तरह की तैयारियां कर रहा है। इसके लिए श्सोशल मीडिया कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। मार्च में दो दिवसीय कॉन्क्लेव होगा, जिसके लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है।

**आगंतुकों से मांगे जाएंगे प्रस्ताव**

आगंतुकों से पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाओं के प्रस्ताव मांगे जायेंगे, इसकी आपूर्ति में अभी तक की कमियों की समीक्षा भी होगी। जन सरोकार से जुड़े अभियानों की पहुंच जन-जन तक पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया की उपयोगिता सर्व विदित है। स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रयागराज की स्थिति में सुधार की बात हो या फिर अगले वर्ष महाकुम्भ से पहले शहर की स्वच्छता को दुरुस्त करना, इसके लिए स्थानीय नागरिकों को भी जागरूक करना आवश्यक है। नगर निगम प्रयागराज के नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग बताते हैं कि इसको देखते हुए नगर निगम स्वच्छता अभियान के लिए सोशल मीडिया का सहयोग लिया जा रहा है। दो दर्जन से अधिक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के साथ उनकी एक बैठक भी हो चुकी है, जिसके बाद शहरवासी जल्द ही सोशल साइट्स पर शहरी गतिविधियों के साथ शहर की सफाई व्यवस्था को देख सकेंगे। सोशल मीडिया साइट्स पर सक्रिय युवा शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे। रील और सोशल साइट्स के अन्य माध्यमों से शहरवासियों को जागरूक किया जाएगा ताकि महाकुंभ के पहले शहर की स्वच्छता में रेटिंग बेहतर किया जा सके।

# अंकित के हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर धरना




**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** 25 जनवरी को अंकित तिवारी की हत्या हो गई थी अभी तक अंकित के हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं हुई है इसी को लेकर राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ता अनिश्चितकालीन धरने पर कलेक्ट्रेट में बैठे हैं इस अवसर पर छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय ने बताया है कि धरने के पूर्व में हम पुलिस कप्तान, डीआईजी देवीपाटन मंडल, आईजी गोरखपुर, डीजी उत्तर प्रदेश, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक इन सब से मिलकर ज्ञापन दिया जा चुका है लेकिन अभी तक अंकित की हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं हुई है यहां की पुलिस कुंभकरण की नींद में सोया हुआ है इसी नींद से जगाने के लिए आज छत्र पंचायत के कार्यकर्ता जब उनके पास कोई विकल्प नहीं बचा तो आज से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं और हम सभी लोग बैठे रहेंगे जब तक अंकित तिवारी की हथियारों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती

व मृतक अंकित तिवारी के पिता अनिल तिवारी ने बताया है जब तक मेरे बेटे के हत्यारे की गिरफ्तारी नहीं होगी तब तक हम लोग यह से नहीं हटेंगे हमने अपना बेटा खोया है हमे सिर्फ न्याय चाहिए व जिला महामंत्री आलोक गुप्ता ने बताया कि ये धरने का प्रथम दिन था कल धरना और भी उग्र होगा कम वार ये धरना बढ़ता रहेगा इस अवसर पर अंकित तिवारी के परिवार तहजीब खान, गौरव वर्मा, प्रधान विनोद सिंह, सत्यम मिश्रा, शिवकुमार चौबे, रूद्रदेव वर्मा, जिला मंत्री प्रिंस गुप्ता, नीरज मिश्रा, अभिषेक तिवारी, शुभम तिवारी, विशाल वर्मा, सुमित श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

## टेढ़ी नदी पर बने पुल के नीचे मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

- कस्बे में फैली सनसनी, परिजनों में मचा कोहराम

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत बालपुर कस्बे के निकट टेढ़ी नदी पर बने पुल के नीचे रविवार को एक युवक का शव पड़ा मिला है। पुल के नीचे शव मिलने से कस्बे में हड़कम्प मचा हुआ है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक की पहचान बालपुर बाजार के पुरवा गांव के रहने वाले 30 वर्षीय फिजरे पुत्र जफ्फार के रूप में हुई है। युवक की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मचा है। युवक की मौत कैसे हुई और शव पुल के नीचे कैसे पहुंचा इन सभी बिंदुओं की छानबीन में पुलिस जुटी है।

# जगन्नाथ प्रसाद इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन

- बच्चों ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम, प्रतिभागियों को पुरूस्कार देकर किया गया सम्मानित



**परसपुर/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत परसपुर स्थित जगन्नाथ प्रसाद राम मनोहर तिवारी इंटर कॉलेज में रविवार को वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया इस दौरान कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि परसपुर विकास मंच के अध्यक्ष डॉक्टर अरुण सिंह व विशिष्ट अतिथि त्रिलोकी सिंह ने ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन करके किया।

कार्यक्रम में विद्यालय की सृष्टि, पूजा, साक्षी, सायबा, सुमन समेत कई छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत, नाटक एवं नृत्य को देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। देशभक्ति गीतों पर विद्यालय के बच्चों ने बजाओ ढोल स्वागत में मेरे श्रीराम आये हैं, मेरे प्यारे वतन, तुझको शत शत नमन और दिल मेरा पुकारे वंदे मातरम आदि गीतों पर नृत्य देखकर दर्शक आनंद विभोर हो गए। वहीं कार्यक्रम के समापन पर कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इंटरनेशनल जादूगर मिस्टर इंडिया द्वारा दिखाए गए हैरत अंगेज जादू को उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। जगन्नाथ प्रसाद राम मनोहर तिवारी इंटर कॉलेज में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में जादूगर मिस्टर इंडिया ने अपनी जादू की कला से सभी को अचंभित कर दिया। उन्होंने जलती मोमबत्ती से गुलाब का फूल बना दिया वहीं खाली डिब्बे से नोटों की बरसात कर करके उपस्थित लोगों को अभिभूत किया। इसी के साथ ही सादे कागज को थैले में रखकर बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ व सब पढ़े सब बढ़े स्लोगन वाला पोस्टर निकाला। वहीं खाली बॉक्स से लगभग 20 मीटर का तिरंगा निकाला तथा खाली डिब्बे से सभी राष्ट्रों के राष्ट्रीय ध्वज निकाला व हनुमान जी के चित्र में ही भगवान श्रीराम के चित्रों को दिखाया। जिसे देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र बहादुर सिंह, के.बी.सिंह, राम सुंदर पाण्डेय, प्रबंधक राम मनोहर तिवारी, राम यज्ञ मिश्रा, इन्द्र प्रकाश शुक्ला, मुस्तकीम फारूकी, मयंक तिवारी, राज कुमार तिवारी, राजेश अवस्थी, राजेश सैनी, मानसी तिवारी, पप्पू तिवारी, शानू, रंजना सिंह, अंशिका सिंह, अंशिका तिवारी, शबाना, आस्था, निधि सिंह, श्रीमती विद्यावती पाण्डेय, फरहीन, अमूर्ष श्रीवास्तव समेत काफी संख्या में अभिभावकगण व छात्र- छात्राएं शामिल रहीं।



## उमरा की पवित्र यात्रा पर रवाना करते हुये दी मुबारकबाद

**कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के मशहूर डॉक्टर अच्छन के दोनों पुत्र डॉक्टर रिज़वान व डॉक्टर जीशान अपनी जीवन संगिनी के साथ उमरा की पवित्र यात्रा के लिये रवाना हुये हैं। इस मौके पर उनके परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों,मित्रों और नगर सहित आसपास के अन्य तमाम लोगों ने उनके आवास पर पहुँचकर उनका माल्यार्पण कर मुबारकबाद देते हुए उन्हें उमरा की पवित्र यात्रा पर विदा किया। इस मुबारक मौके पर मोहम्मद इब्राहीम मास्टर, मोहम्मद अहमद प्रधान, पत्रकार मोहम्मद इरफान, निज़ामुद्दीन सिद्दीकी,नसीम रोशन, जमीर अहमद इंडियन, सिद्दीक रॉयनी,उजैर अहमद सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## पत्रकार के उत्पीड़न के संबंध में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जनपद गोंडा जिला अध्यक्ष प्रदीप तिवारी की अगुवाई में पत्रकारों पर उत्पीड़न के संबंध में सोमवार को जिला अधिकारी गोंडा व पुलिस अधीक्षक गोंडा को पत्रकारों से संबंधित ज्ञापन दिया गया जिसमें थाना अध्यक्ष कौडिया को तत्काल हटाया जाए तथा ग्रामीण पत्रकार संगठन के किसी भी पत्रकार साथी के विरुद्ध यदि कोई भी शिकायत होती है तो ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष व महामंत्री को सूचित कर संज्ञान में लेकर सक्षम अधिकारी से जांच करवा कर कार्यवाही की जाए अनावश्यक पत्रकार साथियों को प्रताड़ित न किया जाए तथा मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन के पत्रांक संख्या 938/19-1-2015--09/83 के आदेश के क्रम में पत्रकारों के उत्पीड़न के संबंध में की गई शिकायतों के निस्तारण में प्राथमिकता के आधार पर जांच करवा कर ही कार्रवाई की जाए ।

# राष्ट्रीय कुर्मी महासंघ ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु राष्ट्रीय कुर्मी महासंघ ने सैकड़ो की संख्या में कलेक्ट्रेट में उपस्थित होकर मुख्यमंत्री से संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी व कृषि अधिकारी को सौपा। राष्ट्रीय कुर्मी महासंघ के द्वारा 11 जनवरी को किसान महापंचायत का आयोजन होना था लेकिन किन्हीं कारणों की वजह से किसान महापंचायत को रद्द करना पड़ा । इसके बाद राष्ट्रीय कुर्मी महासंघ ने 10 सूत्रीय ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचकर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में राष्ट्रीय कुर्मी महासंघ के द्वारा किसानो की समस्याओं को देखते हुए कहा गया कि किसानों की सभी फसलों का न्यूनतम मूल्य एम एस पी उसकी लागत सी टू में 50न्न लाभ जोड़कर देने का कानून बनाया जाए । किसानों



के गन्ना मूल्य का भुगतान 14 दिनों के भीतर विलंब होने पर बाजार में प्रचलित ब्याज दर से ब्याज सहित भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, गन्ना क्रय केंद्रों पर घाटोली और किसानों से अवैध रूप से वसूली तत्काल बंद की जाए, किसानों की फसल से निकलने वाले अपशिष्ट के जलने पर होने वाली पुलिस कार्रवाई जुर्माना वसूल करने का कानून किसान हित में खत्म किया जाए, किसान दुर्घटना बीमा की राशि दोगुनी की जाए और उसके भुगतान की प्रक्रिया सरल की जाए, पोस्टमार्टम की अनिवार्यता को खत्म किया जाए, किसानों के संयंत्र जैसे ट्रैक्टर ट्राली आदि उन पर जीएसटी माफ की जाए, जो नलकूप खराब पड़े हैं उन्हें तुरंत सही कराया जाए, जहां पर नहर की सिंचाई की व्यवस्था नहीं है वहां किसानों के लिए निशुल्क सिंचाई की व्यवस्था की जाए, किसानो की फसलों को जो छुट्टा जानवर नष्ट कर रहे हैं उनको तत्काल प्रभाव से गौशाला में रखा जाए और किसने की फसलों के बचाव के लिए कोई कदम उठाया जाए, जब पूंजी पतियों के अरबो रुपए माफ किया जा सकते हैं तो किसानों के भी कर्ज माफ किए जाएं। ज्ञापन के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव बहादुर पटेल, प्रदेश अध्यक्ष अनिल वर्मा,जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक कनौजिया, राष्ट्रीय सचिव जय सिंह पटेल , प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक कनौजिया सहित सैकड़ो की जनसंख्या में किसान व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कमिश्नर के निर्देश के बाद भी राजस्व विभाग ने की खानापूर्ति

- मंडल आयुक्त को गुमराह किया राजस्व विभाग ने
- पूरा मकान तालाब पर ही बना

**इटियाथोक/ गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



कमिश्नर के निर्देश के बाद राजस्व विभाग ने सिर्फ खानापूर्ति की। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि तालाब पर भवन बनाकर अतिक्रमण कर लिया गया है जबकि राजस्व टीम ने मात्र आंशिक कब्जा होना ही दर्शाया है।

एक महीना पहले गिलौली के राजेश शुक्ला ने मंडलायुक्त को पत्र देकर गाटा संख्या 480 में तालाब के भूमि पर बने हुए मकानों के अतिक्रमण को हटाए जाने की मांग की थी। कमिश्नर के आदेश के एक महीना बीतने के बाद राजस्व निरीक्षक ने मौके की जांच और रिपोर्ट लगाने के नाम पर गुमराह कर उल्टी रिपोर्ट लगा दी। इस मामले में शिकायतकर्ता राजेश शुक्ला का कहना है कि उक्त गाटे में तालाब स्थित है। उसी पर निर्माण कर मकान बना लिया गया है। वही लेखपाल हनुमान शरण पांडे ने अपनी रिपोर्ट में महज कुछ आंशिक भाग पर कब्जा होने की रिपोर्ट लगाई है। जो पूरी तरीके से मनगढ़ंत और गलत है। वास्तव में पूरा मकान तालाब की ही जमीन में बना हुआ है।

## खबरें एक नजर में

### एफएमसी कंपनी ने किसानों को किया जागरुक




**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड बेलसर के अंतर्गत दुर्जनपुर घाट में 9 फरवरी को एक किसान गोष्ठी संपन्न हुई। जिसमें एफएमसी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के जोनल मार्केटिंग मैनेजर परमजीत ने किसान गोष्ठी में किसानों को कृषि क्षेत्र में अधिका उत्पाद किस तरह से करनी चाहिए जिसके बारे में विस्तृत जानकारी दी और किसानों को अस्वस्थ किया कि मेरी कंपनी 132 साल पुरानी है और युवा वैश्विक कंपनी हैं। रिसर्च एवं डेवलपमेंट आधारित हैं। कृषि क्षेत्र में नई टेक्नोलॉजी की दवा उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि बेल्जो व वेरिमार्क उन्होंने बताया कि पछेती झुलसा के लिए अचूक व रामबाण औषधि है। जो टमाटर की फसल में लगने वाले झुलसा से बचाती हैं। और अन्य सब्जियों को भी बचाती हैं। फल में चमक प्रदान करती है। कई किसानों ने ट्रायल भी किया है। उन किसानों को 100 प्रतिशत सफल हुए। अख्तर अली ने बताया कि मैंने अपने खेत डाला, खरपतवार भी नष्ट हो गए। और अच्छी पैदावार हुई। आसपास के क्षेत्रों से आए लगभग 200 सौ किसानों ने कंपनी की जानकारी ली।

### गुण्डा एक्ट के तहत नौ अपराधी हुए जिला बदर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जनपद में विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी द्वारा 09 अपराधियों के विरूद्ध धारा 3(1) गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 06 माह के लिए जनपद से जिला बदर कर दिया गया है। इसके अलावा 07 व्यक्तियों को अपने सम्बन्धित थानें में प्रत्येक माह आगामी 06 माह तक उपस्थिति दर्ज कराये जाने के आदेश दिये गये हैं। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार थाना कोतवाली नानपारा अन्तर्गत ग्राम डलईपुरवा दा. लखैयाकलां नि. सुशील व संदीप पुत्रगण तिलकराम व तिलकराम पुत्र गोमती, चन्दनपुर नि. नान्हू पुत्र हबीब, थाना कोतवाली मुर्तिहा के ग्राम पुरैना अमृतपुर नि. राम पुत्र तीरथराम, थाना जरवल रोड के ग्राम लोनियनडीहा जरवल कस्बा नि. विक्रम पुत्र रंगीलाल व कटरा दक्षिणी जरवल कस्बा नि. मो. सईद उर्फ चांद बाबू पुत्र इब्राहीम तथा थाना दरगाह शरीफ के ग्राम कटराबहादुरगंज नि. गोलू पुत्र गुरूदीन व डीहा नि. रामजी पुत्र सियाराम को 06 माह के जिला बदर किया गया है। इसके अलावा थाना जरवलरोड के ग्राम बरवलिया नि. छोटू उर्फ समर सिंह पुत्र मेड़ीलाल, थाना रूपईडीहा के ग्राम पुजारी गांव दा. लखैया नि. राजेश कुमार वर्मा पुत्र राम सेवक, थाना खैरीघाट के ग्राम प्रधानपुरवा नि. श्याम सुन्दर पुत्र मैकूलाल, वीरेन्द्र यादव पुत्र त्रिभुवन, बच्चलाल यादव पुत्र राम सागर व पंकज यादव पुत्र राम मिलन तथा थाना कोतवाली नगर बहराइच के मो. नाज़िरपुरा नई बस्ती नि. वशीक उर्फ राजू पुत्र मो. हसिव को जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्देश दिया गया है कि अपने से सम्बन्धित थाने में आगामी छः माह तक प्रत्येक माह उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करेंगे।

### बसन्त पंचमी पर होगा दो दिवसीय कार्यक्रम

**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** बसंत पंचमी एवं मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर नगर के भटखेरा वार्ड मैं पंडित स्वर्गीय सुरेंद्रधर द्विवेदी द्वारा प्राण प्रतिष्ठित जय महाकालेश्वर शिव मंदिर पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए मंदिर के प्रबंधक एवं व्यापारी नेता योगेश द्विवेदी ने बताया कि मंगलवार को महाकालेश्वर शिव मंदिर पर रामचरितमानस पाठ का आयोजन होगा बुधवार को पाठ के समापन पर हवन के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्री द्विवेदी ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

## श्रीपारस नाथ शुक्ल इंटर कालेज के इंटर के छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** श्री पारस नाथ शुक्ल इंटर कालेज बृजेंद्र नगर चेतरा में इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह में कालेज प्रधानाचार्य बृजेंद्र कुमार शुक्ल ने कहा कि परिश्रम से सफलता एवं विनम्रता से ऊंचाई प्राप्त होती है। लक्ष्य को सामने रखकर मंजिल की ओर बढ़ना चाहिए। कहा कि छात्र जीवन 10वीं एंव 12वीं क्लास की शिक्षा ही जीवन निर्माण का सबसे अहम पड़ाव है। आप सभी अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय व जिले का नाम रोशन करें। कालेज के ग्यारह के छात्र–छात्राओं ने इंटर मीडिएट के छात्र–छात्राओं को गिफ्ट एंव विदाई गीत गाकर विदाई दी। प्रधानाचार्य एंव शिक्षकों ने इंटर के छात्र–छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस दौरान भूपेंद्र कुमार तिवारी, अनिल कुमार मिश्र, दीपक श्रीवास्तव,अशोक तिवारी, रोहित शुक्ल, अखिलेश कुमार, शांती प्रसाद तिवारी,शम्भू दयाल, जितेंद्र शुक्ल, प्रदीप मिश्र, आकाश पाठक, विकासकांत पाठक, हरीश वर्मा, दीपक त्रिपाठी, सुशील मिश्र, पारितोष बाजपेई,शुभम तिवारी,सईद खान, दिवाकर त्रिपाठी, चंद्र प्रकाश, श्वेता तिवारी, सपना मिश्रा, सोनम पांडेय,कामिनी पाल, आफरीन खान, भावना शर्मा, दीक्षा मिश्रा, सायरा खान, इशिका शर्मा मौजूद रहें।

# गलत नियत से बेटी को नेपाल ले जा रहा था सौतेला पिता



- एसएसबी ने पकड़ा तो हुआ बड़ा खुलासा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

मोतीपुर थाना क्षेत्र के जोगनिया गांव निवासी एक ग्रामीण गलत नजर के तहत अपनी सौतेली बेटी को नेपाल लेकर जा रहा था। एसएसबी जवानों ने बालिका के बयान के आधार पर उसे और महिला को पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। मोतीपुर थाना क्षेत्र में भारत नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल के जवान रात में पेट्रोलिंग कर रहे थे कमांडेंट कैलाश चंद्र रमोला ने बताया कि चित्रहवा बाजार में पेट्रोलिंग के दौरान प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र पाल की टीम को एक महिला और पुरुष एक नाबालिक को नेपाल ले जाते दिखाई दिए। रोकर तलाश पूछताछ की गई तो सभी ने जवाब देने में आनाकानी की। इस पर देहात संस्था को सूचना देकर निर्मला शाह की टीम ने मौके पर पहुंच की जांच की। पूछताछ में 12 वर्षीय बालिका ने बताया कि वह निधिपुरवा गांव की निवासी है। जोगिनिया गांव निवासी उसके सौतेले चाचा गोविंद मांगता उस पर गलत नजर रखते हैं जिसके चलते वह राजकुमारी के साथ उसे गलत नियत के चलते नेपाल ले जा रहे थे। जिस पर सशस्त्र बल के जवानों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इसे मानव तस्करी बताया इसके बाद महिला और पुरुष से पूछताछ करने के बाद बालिकाओं को देहात संस्था के सुपुर्द कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक मोतीपुर दद्दन सिंह ने बताया कि एसएसबी की ओर से बालिका को बरामद किया गया है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज की जायेगी।

# शहर की सड़क पर भरा पानी, लोगों को हो रही परेशानी

- जनसुनवाई पोर्टल को अधिकारियों ने बनाया मजाक
- बिना शिकायत निस्तारण के ही आईजीआरएस पोर्टल पर भेज दी समाधान की सूचना





**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

शहर के मोहल्ला ब्राह्मणीपुरा और सरस्वती नगर में बकरी बाजार जाने वाले मार्ग पर काफी पानी भरा हुआ है। मोहल्ले के लोगों ने इसकी शिकायत आईजीआरएस पोर्टल पर की। नगर पालिका अध्यक्ष को भी पत्र दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

मोहल्ले के लोग जलभराव के बीच आवागमन करने को विवश हैं।नगर पालिका परिषद बहराइच के मोहल्ला ब्राह्मणीपुरा वार्ड नंबर 28 में धर्मशाला स्थित है। धर्मशाला के पीछे से छोटी तकिया मोहल्ले में मार्ग गया है। इस मार्ग को बकरी बाजार के नाम से जाना जाता है। मार्ग पर लोगों के घरों का गंदा पानी भरा हुआ है। जल निकासी न होने के चलते मोहल्ले के लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।मोहल्ला निवासी योगेंद्र भूषण श्रीवास्तव और रवि श्रीवास्तव ने नगर पालिका अध्यक्ष के साथ अधिशासी अधिकारी को शिकायती पत्र भेजा था।

लेकिन शिकायती पत्र भेजने के एक माह बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। योगेंद्र भूषण श्रीवास्तव का कहना है कि मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत की गई थी। लेकिन नगर पालिका के अधिकारियों ने बिना कार्य के ही शिकायत का निस्तारण दिखाकर रिपोर्ट लगा दी है। जबकि समस्या जस की तस बनी हुई है।मोहल्ला निवासी अरुण कुमार मिश्रा, राकेश रस्तोगी, सुनीता समेत अन्य ने जल निकासी के उपाय करवाने की मांग की है। शहर के मोहल्ला सरस्वती नगर निवासी प्रतिभा संरक्षण सेवा न्यास के प्रदेश अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र कुमार उपाध्याय बताते हैं कि प्रकरण के

> आईजीआरएस पर जो शिकायत होती है। जांच के बाद ही संबंधित रिपोर्ट लगाते हैं। कहीं दिक्कत है तो उसकी जांच कराकर व्यस्थाएं सही कराई जाएंगी।
>
> प्रमिता सिंह ईओ

निस्तारण हेतु एक मार्च 2023 को जनसुनवाई एप के माध्यम से शिकायत किया था। जिसका निस्तारण 16 मार्च को 2023को नगर पालिका परिषद के द्वारा यह कहते हुए कर दिया गया कि आवेदक के घर के पास की सड़क मुख्यमार्ग से बहुत नीचे है इसलिए वहां इंटरलाकिंग व नाला बनाना बहुत कठिन है ऐसे वर्क सुपरवाइजर के हवाले से कहा गया ।उन्होंने कहा कि वर्क सुपरवाइजर ने स्थलीय निरीक्षण किया और न ही आवेदक से सम्पर्क किया।वह आफिस में बैठकर मामले का निस्तारण कर दिया जो घोर लापरवाही का द्योतक है। डॉ उपाध्याय ने कहा कि जब तो दिन पहले बारिश हुई तब मैंने उस स्थल पर राविश डालकर रास्ता सूखा करने हेतु ईओ नगर पालिका से वाट्सएप पर वीडियो डालकर अनुरोध किया था लेकिन उन्होंने प्रकरण का कोई संज्ञान नहीं लिया इसलिए मजबूरन मुझे आई जी आर एस पर 7 फरवरी 2024 को शिकायत करनी पड़ी और 16मार्च 2023 की आख्या सुलभ सन्दर्भ हेतु टैग भी कर दिया। जिससे कि प्रकरण को गंम्भीरता से लिया जाये लेकिन नगर पालिका परिषद के सक्षम अधिकारियों ने पुरानी आख्या को ही पुनः कापी करके 9 फरवरी 2024 को आख्या अपलोड कर दिया और कर्तव्यों से इतिश्री कर लिया।

# पांच निरीक्षकों व 24 दरोगाओं के कार्य क्षेत्र में बदलाव

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

- पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक करूणाकर पांडेय बने फखरपुर थानाध्यक्ष, उपनिरीक्षक मेहताब आलम हुए लाइन हाजिर

आसन्न लोकसभा चुनावों से पूर्व एसपी वृंदा शुक्ला ने 24 दरोगाओ के तैनाती स्थल में फेरबदल किया है। पांच निरीक्षकों के भी तैनाती स्थल बदले गए है। पुलिस लाइन में तैनात रहे निरीक्षक करूणाकर पांडेय को फखरपुर एसएचओ की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि बौंड़ी थाने में तैनात उपनिरीक्षक मेहताब आलम को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है । अभी और बड़े फेरबदल के आसार जताए जा रहे है।

एसपी वृंदा शुक्ला ने चुनाव सेल प्रभारी संदीप सिंह को सीओ पयागपुर भेजा है। वह साइबर अपराध की विवेचना देखेंगे। सीओ पयागपुर कार्यालय में तैनात रहे निरीक्षक इंद्रजीत यादव चुनाव सेल प्रभारी होंगे। सीओ कैसरगंज कार्यालय में तैनात निरीक्षक जयदीप कुमार दुबे को प्रभारी मानिटरिंग सेल, सम्मन सेल, साक्षी सुरक्षा सेल की जिम्मेदारी दी गयी है। जबकि यहां तैनात रहे निरीक्षक उपेन्द्रनाथ कुमार यादव सीओ कैसरगंज कार्यालय भेजे गए है। वह साइबर अपराध की विवेचना करेंगे।खैरीघाट में तैनात उपनिरीक्षक रंजीत भारती अब नवाबगंज थाने की संतलिया पुलिस चौकी के प्रभारी होंगे। यहां तैनात रहे विजय कुमार चौधरी पयागपुर भेजे गए। रूपईडीहा थाने में तैनात उपनिरीक्षक बिहारी सिंह अब देहात कोतवाली के चित्तौरा पुलिस चौकी प्रभारी बनाए गए है।

पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक दीनानाथ सागर को देहात कोतवाली भेज दिया गया है। एसपी कार्यालय में तैनात उपनिरीक्षक राघवेंद्र प्रताप सिंह को जरवल पुलिस चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक अनिरूद्ध यादव जरवलरोड थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक होंगे। नवाबगंज थाने मे तैनात उपनिरीक्षक रवि कुमार यादव अब देहात कोतवाली के बेड़नापुर चौकी प्रभारी बनाए गए हैं। पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक अशोक सिंह देहात कोतवाली की रायपुर राजा चौकी प्रभारी बनाए गए।ब्रह्मास्त्र सेल प्रभारी विपिन कुमार पयागपुर थाने की खुटेहना पुलिस चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी देखेंगे। यहां तैनात रहे विनय कुमार पांडेय अब देहात कोतवाली भेजे गये है। नानपारा कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक पूर्णेश नारायण पांडेय मोतीपुर थाने की दौलतपुर पुलिस चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी देखेंगे । पयागपुर थाने में तैनात उपनिरीक्षक चंद्र शेखर प्रजापति कैसरगंज थाने भेजे गए है।

मटेरा थाने मे तैनात उपनिरीक्षक दयाराम सरोज इसी थाने के एसएसआई बनाए गए है। पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक सुमन कल्याण चौबे महिला थाने भेजे गये है।बौंड़ी थाने में तैनात उपनिरीक्षक राकेश कुमार पांडेय इसी थाने के एसएसआई बनाए गए है। यूपी डायल 112 में तैनात उपनिरीक्षक योगेश कुमार यादव कैसरगंज थाने भेजे गए है। पयागपुर थाने मे तैनात दरोगा जयराम कुशवाहा नगर कोतवाली भेजे गए है। चुनाव सेल में तैनात दरोगा रमा शंकर मिश्र प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र, चुनाव सेल में तैनात दरोगा बृजराज यादव को विशेश्वरगंज थाने, चुनाव सेल में तैनात दरोगा विश्वकर्मा सिंह को पयागपुर, उपनिरीक्षक सूरज कुमार को मीडिया सेल, मीडिया सेल में तैनात उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह को नवाबगंज थाने में वरिष्ठ उपनिरीक्षक बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तैनात उपनिरीक्षक शिवनाथ गुप्ता को सर्विलांस सेल भेजा गया है।

## अंतर्जनपदीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में नवाबगंज ने जीता फाइनल

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** नानपारा नगर के लग्न मंडप में चल रहे अंतर्जनपदीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में नानपारा एवं नवाबगंज के बीच सोमवार को फाइनल मैच खेला गया। जिसमें नवाबगंज की टीम ने तीन सीटों में मेजबान टीम को 23 एवं 25 के अंतर से हराया। विजेता व उपविजेता टीम को आयोजक मंडल की तरफ से नगद धनराशि व शील्ड प्रदान की गई। नानपारा नगर के कुछ संभ्रांत लोगों द्वारा अंतर्जनपदीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के विभिन्न कोणों से आई 19 टीमों ने प्रतिभाग किया। टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल वहीद कुरैशी एवं कोतवाल मिथिलेश कुमार राय रहे। खिलाड़ियों का परिचय भाजपा के मीडिया प्रभारी पुनीत श्रीवास्तव ने प्राप्त किया ।नॉकआउट मुकाबला जीतने के बाद नानपारा रेड एवं सर्रा कलां के बीच खेला गया जिसमें नानपारा रेड ने अपने प्रतिद्वंद्वी को हराया जबकि दूसरा सेमीफाइनल नवाबगंज एवं जरवल रोड के बीच खेला गया जिसमें नवाबगंज विजई हुआ। दोनों सेमी फाइनल के विजेता के बीच फाइनल मुकाबला हुआ जिसमें नवाबगंज की टीम ने कड़े मुकाबले में मेजबान टीम नानपारा को हराया। विजेता एवं उपविजेता टीम को भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष द्वारा प्रदान की गई। जबकि आयोजक मंडल द्वारा दोनों टीमों को उपहार भेंट किया। प्रतियोगिता में रेफरी के रूप में विनोद सिंह एवं अनूप शर्मा भूमिका निभाई। इस अवसर पर आयोजक मंडल की तरफ से सभासद मुनव्वर उर्फ़ असलम, पवन सिंह राठौड़, अभिनय कुरिया, चेतराम भारती, शेखर सिंह सहित तमाम लोगों का योगदान रहा।

# अमृत फार्मेसी से जिले के लोगों को मिलेगा लाभ : सांसद

- प्रदेश का पांचवा और मंडल का पहला अमृत फार्मेसी खुला

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



मेडिकल कालेज में स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से संचालित अमृत फार्मेसी का उद्घाटन सोमवार को सांसद ने जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ किया। उन्होंने इस मेडिकल से मिलने वाले लाभ के बारे में बताया। जिला मुख्यालय पर संचालित स्टेट मेडिकल कॉलेज परिसर में अमृत फार्मेसी शुभारंभ सोमवार को हुआ।मुख्य अतिथि सांसद अक्षय वर लाल गोंड ने जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह के साथ उद्घाटन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे और एमएलसी डॉक्टर प्रज्ञा त्रिपाठी ने भी फार्मेसी शुभारंभ का फीता काटा।

उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि अस्पताल इलाज के लिए आने वाले लोगों को बाहर मेडिकल कॉलेज में महंगी दवाओं की खरीद करनी पड़ती थी। लेकिन अब इन्हें जिला अस्पताल में ही 40 प्रतिशत की छूट पर दवा मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार ने आम लोगों के हित को लेकर फार्मेसी संचालन करवाया है। जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे ने कहा कि इलाज के बाद दवा के लिए अधिक खर्च नहीं करना पड़ेगा।

सदर विधायक अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि शिवम जायसवाल ने केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों के बारे में बताया। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर संजय खत्री ने बताया कि जिला अस्पताल में सोमवार को अमृत फार्मेसी का उद्घाटन हो गया है। उन्होंने बताया कि मंडल का पहला और प्रदेश का पांचवा अमृत फार्मेसी है। यहां कई प्रकार की दवाएं मिल जायेंगी। इस अवसर पर सीएमएस डॉ एमएमएम त्रिपाठी, अस्पताल मैनेजर रिजवान, मेडिकल कालेज के प्रोफेसर और फार्मेसी के प्रोफेसर समेत अन्य मौजूद रहे।

# पूर्व सांसद राघवेंद्र सिंह की मजबूत दावेदारी, जोरदार स्वागत

- लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी तेज, जिले में भाजपा की जीत के अंतर को बढ़ाने को दिया संदेश

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



पूर्व सांसद एवं हाईकोर्ट अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह की दावेदारी हर दिन मजबूत होती जा रही है। जिले में हर वर्ग का लगातार समर्थन मिल रहा है। सोमवार को शहर में अलग-अलग स्थानों पर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने संगठन को मजबूत करने और जीत के अंतर को बढ़ाने का संदेश दिया।

पूर्व सांसद का प्रभुटाउन स्थित राइजिंग चाइल्ड स्कूल में विद्यालय प्रबंधक अधिवक्ता अरविंद श्रीवास्तव, लोको पायलट राजू श्रीवास्तव, चित्रांश महासभा प्रदेश महामंत्री नागेंद्र श्रीवास्तव, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र नाथ श्रीवास्तव, भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के सहसंयोजक स्वामी जितेंद्र भारती, प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा नगर अध्यक्ष ललित श्रीवास्तव ने बुके देकर स्वागत किया।

पूर्व सांसद एवं हाईकोर्ट अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह ने कहा कि जिले में मिल रहे भरपूर समर्थन से साफ पता चल रहा है कि इस बार यहां की जनता बदलाव चाहती है। हमें बस जीत के अंतर को बढ़ाना है। इससे पहले उन्होंने एफजी कालेज पूर्व प्राचार्य बीडी सिंह और डा. अभय सिंह से मुलाकात की। वहां पर उन्होंने चुनाव को लेकर चर्चा की। साथ ही सरकार की योजनाओं के बारे में बताया। इसके अलावा जगन्नाथ सिंह, अक्षय चौहान, धीरेंद्र सिंह लोधवारी ने दावेदारी का समर्थन किया। हर्ष नारायण सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अभय सिंह, इंद्र वीर सिंह ने स्वागत किया।

### सभासदों का मिला भरपूर साथ

पूर्व सांसद एवं हाईकोर्ट अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह को सभासदों का भी भरपूर समर्थन मिल रहा है। एसपी सिंह, शिक्षक बृजेश प्रजापति, सभासद मोहित सिंह, अनुराग सिंह, राम सजीवन पाल, पुष्पा यादव, रोहित पांडे, अमर चौधरी, पंकज साहू आदि के साथ बैठक करके भाजपा की जीत को लेकर चर्चा की। पूर्व सांसद ने कहा कि वीआईपी जिला होने के बावजूद विकास कार्य सिर्फ भाजपा सरकार में ही हुआ है। वर्तमान सांसद का कहीं पर कोई दखल नहीं है। सिर्फ अभी तक विकास के नाम पर खानापूर्ति ही की गई। जनता अब बदलाव का मन बना चुकी है।

## भाजपा कार्यकर्ता को मिली फोन पर धमकी, ऑडियो हुआ वायरल

- ऑडियो में उक्त व्यक्ति द्वारा प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के लिए उपयोग किए गए आमर्यादित शब्द



बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

भाजपा कार्यकर्ता हरिओम चतुर्वेदी को एक मोबाइल नंबर +917525071628 से अज्ञात व्यक्ति के द्वारा जान से मारने की धमकी दी गईद्य यही नहीं उस व्यक्ति के द्वारा सूबे के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी अपशब्द कहे गए। भाजपा कार्यकर्ता द्वारा इसकी लिखित शिकायत बछरावां कोतवाली मे दी हैद्य इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए प्रार्थी हरिओम चतुर्वेदी ने बताया कि बीते रविवार की रात तकरीबन 11:00 बजे के आसपास मेरे मोबाइल पर एक फोन आया और मुझे आज शब्द के साथ-साथ जान से मारने की धमकी दी गई और प्रदेश के मुखिया को भी अब शब्द कहे गए इस संबंध में मैं स्थानीय कोतवाली पर प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई हैद्य इस बाबत कोतवाली प्रभारी विजेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है, उक्त नंबर की जांच कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### 12 से 6 मार्च तक रोजगार मेला का होगा आयोजन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के संयुक्त तत्वाधान में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत 12 फरवरी से 6 मार्च 2024 तक जनपद के समस्त विकास खण्डों में विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विकास खण्ड डलमऊ में 12 फरवरी 2024 को विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। इसी प्रकार विकास खण्ड लालगंज परिसर में 15 फरवरी को विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जायेगा। 16 फरवरी को विकास खण्ड सरेनी में, 17 फरवरी अमावां, 20 फरवरी महराजगंज, 21 फरवरी शिवगढ़, 22 फरवरी बछरावां, 23 फरवरी डीह, 24 फरवरी छतोह, 26 फरवरी जगतपुर, 27 फरवरी ऊँचाहार, 28 फरवरी दीनशाह गौरा, 29 फरवरी हरचन्दपुर, 01 मार्च खीरो, 02 मार्च रोहनिया, 04 मार्च सतांव एवं 05 मार्च राही एवं विकास खण्ड सलोन परिसर में 06 मार्च को विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जायेगा।

### जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र की राजामऊ ग्राम सभा के लकड़िया खेड़ा में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हुआ। इस संघर्ष में एक पक्ष से तीन महिलाओं सहित एक पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों में ममता 22 वर्ष, श्याम कली 27 वर्ष, संगीता 23 वर्ष तथा बच्चू लाल गंभीर रूप से घायल हुए। वहीं दो लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। गांव में यह विवाद जमीन को लेकर हुआ। मामले की जानकारी बछरावां पुलिस को दी गई। जानकारी मिलने पर बछरावां पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचायाद्य इस बाबत कोतवाली प्रभारी विजेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया की घटना की जानकारी प्राप्त हुई है, आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने विकास भवन स्थित महात्मा गांधी सभागार में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियो के साथ बैठक की। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु सभी का सहयोग जरुरी है। उन्होंने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए यह आवश्यक है कि सभी राजनीतिक दल मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करें। जिससे कि लोग अपने घरों से निकाल कर मतदान करें। साथ ही उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव आचार संहिता का पूरी तरह पालन करने की अपेक्षा की जाती है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल ने कहा कि मतदान के दौरान मतदाताओं को पूरी सुरक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। मतदाताओं को डराने वाले किसी भी तरह के अराजक तत्वों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कोई ऐसा करता हुआ पाया जाता है तो उनके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक के अतिरिक्त सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि गण उपस्थित रहे हैं।

### वुल्नेरबिलिटीय मैपिंग करने के दिए निर्देश

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल ने सभी उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों और सेक्टर मजिस्ट्रेटो के साथ महात्मा गांधी सभागार में बैठक की। बैठक का उद्देश्य आगामी चुनाव को सकुशल संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश देना था। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि इस बात का ध्यान रखा जाए कि मतदाताओं को मतदान करने में किसी प्रकार की असुविधा ना हो। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने बूथों और क्षेत्रों की अभी से गहन समीक्षा कर ले। बुथों पर आने जाने में मतदाताओं को असुविधा ना हो। उन्होंने कहा कि शस्त्र रजिस्टर और चुनाव रजिस्टर अभी से ठीक कर लिए जाए। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी उपजिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी अपने मजरों में अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखें। ऐसे स्थानों को चिन्हित कर ले जो पहले से भी विवादित रहे हैं। इस बात का ध्यान रखा जाए कि किसी भी प्रभावशाली व्यक्ति के द्वारा मतदाताओं को डराया धमकाया मनाया ना जाए। यदि कोई ऐसा करता हुआ पाया जाता है तो ऐसी स्थिति में सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की जाए। बैठक में अपर जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक के अतिरिक्त सभी उप जिलाधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट और क्षेत्राधिकार उपस्थित रहे।

### लोकतंत्र में मतदाता ही सर्वोपरि : अन्नू टण्डन

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** लोकतंत्र में मतदाता सर्वोपरि होते है तथा अपने अमूल्य मत से जिसे चुनते है, वह सदन में जनता की आवाज बनकर जनहित और देश हित में काम करता है। विधानसभा भगवन्तनगर के दो दर्जन से अधिक गांवों में जनसंपर्क कर पूर्व सांसद सपा लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती अन्नू टंडन ने गांवों की नुक्कड़ सभाओं में उक्त बात कही। श्रीमती अन्नू टंडन ने आज ओसियां, अरम, राजापुर पिपरहा, अकबरपुर, कुम्भी, दुबई, मानपुर, बेहटा, ससान, मगरायर, मेहरबानखेड़ा आदि गांवों का दौरा कर नुक्कड़ सभाएं की तथा कहा कि बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर ने शिक्षित बनो संगठित हो और संघर्ष करो का नारा दिया था जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना बाबा साहेब के जमाने में था। वर्तमान की भाजपा सरकार सरकारी शिक्षा सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं और प्रशासनिक व्यवस्था को धीरे-धीरे ध्वस्त कर गरीबों को शिक्षा स्वास्थ्य और कानूनन हक हासिल करने की व्यवस्था ध्वस्त कर रही है। यदि आपने सपा को जिताया तो देश में बाबा साहेब के बनाए संविधान का शासन होगा। गरीबों को मुफ्त दवाई मुफ्त पढ़ाई की पहले वाली ब्यवस्था लागू होगी। आज रामराज्य का नारा देकर भाजपा सरकारें रावण राज्य चला रहीं हैं। सत्ताबली धनवली गरीबों और कमजोरों की जमीन और धन लूट रहे है। प्रशासन निरंकुश होकर सीमाविहीन घूसखोरी और भ्रष्टाचार में लिप्त है हर ओर जंगलराज कायम है। अन्त में उन्होंने कहा कि मैं आपके परिवार की बेटी हूं आप लोगों की सेवा करने की नियत लेकर निकली हूं और वही मेरा लक्ष्य है। सभा में प्रमुख रूप से धर्मेन्द्र यादव पूर्व जिलाध्यक्ष, ओमप्रकाश पासवान विधानसभा अध्यक्ष, उदय प्रताप सिंह, शिवनारायण गौड, रूपनारायण पटेल, बबलू शुक्ला, प्रमोद तिवारी, गुड्डू शुक्ला, आशीष पटेल, निर्मल रावत, रमाकान्त पटेल, शान्ती देव रावत, भानू पटेल, अरूणेन्द्र यादव, अजमत अली आदि मौजूद रहे।



### न्यू स्टैंडर्ड कॉलेज ऑफ एजुकेशन में छात्रों ने बनाई मानव श्रृंखला

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत न्यू स्टैंडर्ड कॉलेज ऑफ एजुकेशन सलेथू महाराजगंज में छात्रों के द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर व सही का चिन्ह बनाते हुए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है इसी के साथ ही सभी बच्चों ने मतदान करते समय उंगली में लगाई जाने वाली स्याही की उंगली दिखाकर सभी को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया । मतदाता जागरुकता अभियान मैं छात्र छात्राओं के साथ एन.सी.सी.कैडेट ने भी बढ़ चढ़ के हिस्सेदारी निभाई । मानव श्रृंखला का आयोजन महाविद्यालय की ईएलसी क्लब के सदस्यों के द्वारा किया गया क्लब के सदस्यों में बताया कि हम लोग अपने आसपास के क्षेत्र में मतदान के पहले नए मतदाताओं को जोड़ने का कार्य और मतदान के दिन मतदान प्रतिशत बढ़ाने के कार्य में सहयोग करेंगे। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. शिव ओम श्रीवास्तव, डी.एल.एड. प्राचार्य धीरेंद्र सिंह, गौरव मिश्रा, डॉ.अरुण चौधरी, अनीता मौर्या, खुशबू सिंह, डॉ. वंदना पांडे ,प्रेम शंकर जायसवाल, रेखा मिश्रा आदि प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## अमृत योजना बनी अभिशाप, वार्ड वासियों में आक्रोश

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

जिले भर में चल रही अमृत योजना के तहत सिविल लाइन डाली जा रही है और यहां पर भी यह कार्य किया जा रहे हैं वहां पर कार्यवाही संस्था पर लगातार सवालिया निशान जरूर उठाएं जिसकी शिकायत जिला अधिकारी से लेकर प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला तक से की गई लेकिन कहीं भी समय से कार्य पूरा नहीं कराया जा रहा है रायबरेली के सर्वोदय नगर में भी अमृत योजना के तहत निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसको लेकर स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश देखने को मिला लोगों का साफ तौर पर कहना है कि 3 महीने से ज्यादा का समय हो चुका है लेकिन अभी तक कार्य पूरा नहीं कराया गया है यहां के रहने वालों के



लिए आने-जाने का एकमात्र यही रास्ता है समय अवधि बी जाने के बाद भी अभी तक कार्य पूरा नहीं कराया जा सकता है जिससे आवागमन मैं काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है कई बार शिकायत की गई ठेकेदारों से भी शिकायत की गई लेकिन इसका असर होता नहीं दिख रहा है जिसका खामियाजा समस्त वार्ड नंबर 12 के वीडियो को झेलना पड़ रहा है फिलहाल इसकी जिम्मेदारी नगर पालिका की भी रहती है पूरे प्रदेश में जहां निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने जीत का परचम लहराया था वही रायबरेली में भी भारतीय जनता पार्टी की नगर पालिका अध्यक्ष थी लेकिन उनके कार्य को लेकर सभी 34 वार्डों में उनका विरोध भी रहा क्योंकि काम सिर्फ कागजों पर हुए वार्ड वासियों को इसी तरह से समस्याओं का सामना करना पड़ा जिसको लेकर रायबरेली की जनता ने कांग्रेस से उम्मीदवार शत्रुघ्न सोनकर को अपना बहुमत देकर रिकार्ड मतों से जीत दिलाई थी लेकिन जी जाने के बाद शायद नगर पालिका अध्यक्ष भी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं आने वाले 2024 के चुनाव में हमारे वार्ड वासियों में आक्रोश है और हम लोग चुनाव बहिष्कार करने का भी काम करेंगे अगर हमारे वार्ड की समस्याओं का निस्तारण नहीं होता है तो फिलहाल आप देखना यह होगा कि खबर प्रकाशित होने के बाद कुंभकरणीय है नींद में सो रहे अधिकारी नींद से जागते हैं या नहीं या देखने वाली बात होगी।

## स्टार किड्स के ग्रैण्ड फिनाले में बच्चों ने रैम्प पर बिखेरा जलवा

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

माधव सेवा संस्थान के द्वारा बच्चों का नृत्य और मॉडलिंग प्रतियोगिता का रंगारंग आयोजन किया गया। शहर के रतापुर स्थित गोल्डन दीप होटल मे संपन्न हुए कार्यक्रम का शुभारंभ एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अरविंद श्रीवास्तव तथा व्यापार मंडल अध्यक्ष त्रिलोचन सिंह छाबड़ा द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी प्रभाकर गुप्ता, राइजिंग चाइल्ड स्कूल की प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

माधव सेवा संस्थान की अध्यक्ष प्रियंका अवस्थी ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि कला और संस्कृति के क्षेत्र में रायबरेली की प्रतिभाओं को मुख्य पटल पर लाने के लिए संस्थान कृत संकल्पित है।





बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता जूनियर ग्रुप में इर्निका ने बाजी मारते हुए जहां प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं रिथान्या और सिद्धान्त ने क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर ग्रुप में दर्श प्रथम, सिया एवं श्रद्धा संयुक्त रूप से द्वितीय तथा अर्पिता तृतीय रहीं। नृत्य प्रतियोगिता के उपरांत बच्चों ने रैम्प पर कैटवॉक कर जमकर जलवा बिखेरा। रंग बिरंगे पारिधानों में हुए फ़ैशन शो में इर्निका, आन्या, जसलीन, कर्णिका, कात्यायनी, माही, श्रद्धा, सिया, दर्श, शताक्षी, कुशाग्र का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा।

रैंप एवं फैशन शो, कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। विशिष्ट अतिथि भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अरविंद श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा बच्चे देश की धरोहर हैं और इस तरह के आयोजनों से बच्चों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अधिक अवसर प्राप्त होता है।

## बादाम समझकर खा लिया जेट्रोफा का फल

- जेट्रोफा बीज खाने से नौ बच्चो को हालत बिगड़ी, सीएचसी में चल रहा इलाज

शिवगढ़ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



जनपद के शिवगढ़ थाना क्षेत्र के भौसी गांव में बच्चों ने बादाम समझ कर जेट्रोफा के बीज खा लिये, जिससे आधा दर्जन से अधिक मासूमों की हालत बिगड़ गई। सभी बच्चों को आनन-फानन में शिवगढ़ सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां पर उनकी हालत खतरे से बाहर बतायी जा रही है। वहीं, बच्चों के परिजनों ने बताया कि जेट्रोफा का जहरीला फल खाने से सभी बच्चों का मुंह सूखने लगा और उनकी हालत बिगड़ने लगी।

जानकारी के मुताबिक ये सभी बच्चे गांव में ही किसी के यहां ट्यूशन पढ़ने गए थे, जहां बादाम समझकर जेट्रोफा डीजल पौधे का फल खा लिया द्य जिसके बाद सभी बच्चों की हालत बिगड़ गई, बच्चों के परिजनों ने तुरंत उन्हे शिवगढ़ सीएचसी में भर्ती करवाया है, जहां बच्चों का इलाज चल रहरा है। मौके पर डॉ अनिल और सुरेश सभी बच्चों के इलाज में जुटे हुए हैं द्य बच्चों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है द्य बीमार बच्चों में 9 साल की प्रिया पुत्री स्व केशव कक्षा चार की छात्रा, 7 साल की रिया पुत्री स्व केशव कक्षा दो की छात्रा, 12 साल के अंकुल पुत्र राम कुमार कक्षा तीन, 10 साल की सोनी पुत्री हरिश्चंद्र कक्षा चार, 10 साल की कंचन पुत्री सुख्मी लाल कक्षा पांच, छः साल के अंकुश, 4 साल के अर्पित पुत्र राम रूप कक्षा तीन, 8 साल की माही पुत्री महेश कक्षा दो, आठ साल की मोनिका पुत्री मायाराम कक्षा तीन में पढ़ती हैं।

सीएमओ डॉक्टर वीरेंद्र सिंह ने बताया कि नौ लोगों का इलाज चल रहा है, सभी खतरे से बाहर हैं फिर भी बछरावां सीएससी से भी एक टीम शिवगढ़ के लिए भेज दी गई है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में सिलेंडर में लगी आग



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के कस्बा अंतर्गत बीते रविवार की देर शाम लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर रेलवे स्टेशन के पास दुकान में रखे एक सिलेंडर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गईद्य आग लगने से आसपास हड़कंप मच गयाद्य स्थानीय लोगों की भारी मशक्कत के बाद किसी तरह से आग पर काबू पाया गया, गनीमत यह रही कि किसी प्रकार का कोई हादसा नहीं हुआद्य सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पा लियाद्य आसपास के लोगों की मानी जाए तो उनका कहना है कि यह आग अचानक से लग गई, पता नहीं आग कैसे लगी है, उसकी अभी जानकारी नहीं हो पाई है।

## बैसवारा डिग्री कॉलेज में छात्र प्रोत्साहन कार्यक्रम संपन्न

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

महाविद्यालय में बैसवारा एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर छात्र एवं छात्राओं के लिए छात्र प्रोत्साहन कार्यक्रम के तहत 80 छात्र एवं छात्राओं को आर्थिक सहायता के चेक प्रदान किए गए। यह छात्र प्रोत्साहन कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष अत्यंत आर्थिक रूप से पिछड़े छात्र एवं छात्राओं हेतु बैसवारा एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान किया जाता है।

कार्यक्रम में अध्यक्षीय वक्तव्य देते हुए प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य वास्तविक अच्छे नागरिक बनाना है ना कि केवल बौद्धिक उन्होंने आगे कहा समाज में सिर्फ बौद्धिकता से ही सभी परेशानियों का हल नहीं हो





सकता । इसके लिए व्यक्ति को सबसे पहले एक अच्छे नागरिक होना पड़ेगा।

छात्र एवं छात्राओं के इस छात्र सम्मान समारोह 2024 में ,उप प्रबंधक ब्रह्म प्रकाश सिंह, प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव,डॉ .शैलेंद्र कुमार सिंह, पूर्व प्राचार्य एवं वरिष्ठ आचार्य डॉक्टर निरंजन राय, डॉ. पुष्पा बरनवाल,आचार्य वी. के. भारद्वाज ने भी विचार व्यक्त किए और कहां कि ऐसे सहायता कार्यक्रमों से महाविद्यालय अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का ठीक ढंग से प्रेरणात्मक रूप में निर्वहन करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर 80 से अधिक छात्र एवं छात्राओं को आर्थिक सहायता का चेक माननीय प्रबंधक, उप प्रबंधक,प्राचार्य एवं वरिष्ठ आचार्यों द्वारा सभी छात्र एवं छात्राओं को दिया गया। जिससे सभी छात्र छात्राओं और उनके अभिभावकों में एक खुशी का माहौल है कि महाविद्यालय अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन कर रहा है । छात्र सम्मान समारोह 2024, जिसमें रामचंद्र, आयुष द्विवेदी, अनामिका श्रीवास्तव, काजल, काजल निर्मल, मानसी तिवारी, रचना वर्मा, दिव्यांशी यादव, कुमकुम, निधि शर्मा, सानू अंशिका सिंह, मानसी गुप्ता, शिवानी शर्मा, शिवलोचना, रोशनी सिंह, सलोनी सिंह, गौरव यादव, पल्लवी देवी, शिखा, श्वेता तिवारी, ओमप्रकाश, आकांक्षा साहू, वैशाली वर्मा, नीलम, पम्मी, कोमल निर्मल आदि को आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया गया। इस आर्थिक सहायता कार्यक्रम से सामाजिक परिवेश में एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ है ।जिससे निश्चित रूप से सभी छात्र एवं छात्राएं लाभान्वित होंगे और अपने कैरियर में ऊंचाइयां प्राप्त करेंगे।

### डलमऊ में रोजगार मेले का हुआ आयोजन

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** ग्रामीण क्षेत्र के पढ़े लिखे एवं योग्य युवक एवं यूतियों को रोजगार से जोड़ने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के तहत सोमवार को जिला सेवायोजन कार्यालय उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त प्रयास से डलमऊ में रोजगार मेले का आयोजन किया गया डलमऊ ब्लॉक परिसर में आयोजित हुए रोजगार मेले में बड़ी संख्या में युवक एवं युवतियों ने हिस्सा लिया आयोजित रोजगार मेले का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी सत्यदेव यादव के द्वारा किया गया रोजगार मेले में देश एवं प्रदेश की जानी-मानी निजी कंपनियां प्रतिनिधित्व मंडल द्वारा योग्य युवक एवं युवतियों का चयन किया गया मेले में निजी क्षेत्र में जानी-मानी कंपनी सफायर हेल्थ सॉल्यूशन लेंसकार्ट केयर हेल्थ सॉल्यूशन मदर्सन सुमी प्राइवेट लिमिटेड एवं पीपल ट्री वेंचर्स आदि कंपनियों के प्रमुख द्वारा युवाओं का साक्षात्कार लिया गया और अपनी अपनी कंपनी के लिए चयनित किया गया कल 294 प्रतिभागियों ने रोजगार मेले में हिस्सा लिया जिसमें 168 अभ्यर्थियों का चयन किया गया इस मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक दिनेश पाल एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## श्री गोविंद सिंह स्मारक वॉलीबॉल प्रतियोगिता में केतनपुर चैंपियन

- प्रतियोगिता में कुल 14 टीमों ने लिया भाग
- मुख्य अतिथि पूर्व विधायक हरचंदपुर राकेश सिंह ने फीता काटकर किया वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन

सरेनी (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।

रविवार को सरेनी स्थित श्री गोविंद सिंह इंटर कॉलेज रौतापुर के प्रांगण में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी वार्षिक वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया !वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक हरचंदपुर राकेश सिंह ने फीता काटकर किया। साथ ही श्री सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह वर्धन किया।

प्रतियोगिता में कुल 14 टीमों ने भाग लिया,जिसमें से चार टीमें (रौतापुर, रामपुर, केतनपुर व करकसा) सेमीफाइनल में पहुंची !फाइनल में केतनपुर और करकसा की टीम पहुंची, जिसमें



विजेता केतनपुर और उपविजेता करकसा की टीम रही। इस प्रतियोगिता में पुरस्कार वितरण प्रबंधक तारक दत्त सिंह,अवनीश प्रताप सिंह,प्रभाकर सिंह (उपाध्यक्ष), राम प्रताप सिंह (प्रधानाचार्य, दुधवन इंटर कॉलेज), अवनेंद्र बहादुर सिंह,धर्मेंद्र सिंह (प्रधान) आदि के द्वारा किया गया। वहीं वॉलीबॉल प्रतियोगिता में चंद्र प्रताप एवं अरविंद सिंह कमेंटेटर की भूमिका में नजर आए। कार्यक्रम की व्यवस्था की जिम्मेदारी दुर्गेंद्र सिंह, अनुराग सिंह, अरुण गिरि,गौरव राजपूत, सुनील सिंह आदि सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने संभाली। अंत में प्रधानाचार्य शशि शंकर पांडेय ने आए हुए समस्त आगंतुकों का आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सभी कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव के मद्देनजर हमेशा रहे सक्रिय : विवेक पांडे

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

ब्लॉक सभागार महराजगंज में मंडल अध्यक्ष विवेक पांडे के नेतृत्व में बैठक की गई हाल फिलहाल में भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन में बदलाव करते हुए विवेक पांडे को मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई विवेक पांडे की अध्यक्षता में ब्लॉक सभागार में कार्यकर्ताओं के साथ प्रथम बैठक की गई जिसमें विवेक पांडे ने कहा कि अभी से सभी लोगों को लोकसभा का चुनाव देखते हुए लग जाना है और एक बार फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है विवेक पांडे ने इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं से परिचय जाना और कहा कि हम सभी का कार्य है कि मंडल को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएं। इस मौके पर अतुल कुमार पांडे पवन सिंह विनोद सत्रोहन लोधी संतलाल लोधी अवधेश मिश्रा सोनू पंडित अंबिका मिश्रा सोमेंद्र पटेल राघवेंद्र प्रताप सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा पंकज श्रीवास्तव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।


### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मो. यूनुस पुत्र मो. शमी निवासी वार्ड नंबर 8 पैगंबर नगर, नगर पंचायत महाराजगंज मैं अपनी पत्नी महरून निशां पत्नी मो. यूनुस के गलत आचरण व चाल-चलन से आजिज आकर मैं उसे अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। अतः इनके द्वारा किए गए कार्य में उनकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी मेरी तथा मेरे परिवार की अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**मो. यूनुस पुत्र मो. शमी निवासी वार्ड नंबर 8 पैगम्बर नगर, नगर पंचायत महराजगंज, तहसील, थाना महराजगंज, जनपद रायबरेली**

## आम चुनाव की ओर बढ़ता देश

संसद का शनिवार को अंतिम सत्र समाप्त हो गया। इसके साथ ही देश अब अगली लोकसभा के लिये आम चुनाव की ओर बढ़ चला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार का दूसरा कार्यकाल पहले (2014-19) के मुकाबले कहीं अधिक कसैली यादें छोड़ गया है। 17वीं लोकसभा के सत्रावसान की बेला में सदन के नेता होने के नाते श्री मोदी से स्वाभाविकत: यही उम्मीद थी कि वे एक सकारात्मक नोट के साथ पक्ष-विपक्ष के सदस्यों से विदा होते, लेकिन जाते हुए उन्होंने अपनी सरकार की प्रमुख उपलब्धियों के रूप में तीन तलाक एवं कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाये जाने का उल्लेख कर साफकर दिया कि वे ध्रुवीकरण का एजेंडा लेकर ही तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिये जनता का समर्थन मांगने जा रहे हैं। अंतिम सत्र के आखिरी दो दिनों में संसद में संयुक्त प्रगतिशील मोर्चा (यूपीए) सरकार के 2004 से 2014 तक चले डॉ. मनमोहन सिंह के दो कार्यकाल के कामकाज को लेकर श्वेत पत्र लाकर उन्होंने और भाजपा ने संकेत दे दिये हैं कि कांग्रेस के प्रति नफ़रत व झूठ अब भी उनके सर्वाधिक भरोसेमंद हथियार हैं। देखना होगा कि सितम्बर, 2022 से कांग्रेस एवं उसका साथ पाकर मजबूत होता संयुक्त प्रतिपक्ष इंडिया, भाजपा को तीसरी बार केन्द्र की सत्ता पाने से रोक पाता है या नहीं। हालांकि अबकी स्थिति न 2014 जैसी है, और न ही 2019 वाली। अब तो भाजपा के सामने चुनौती है कि वह किसी प्रकार से कांग्रेस के नेतृत्व में बने इंडिया गठबन्धन को रोके। सामान्य तौर पर तो किसी भी चुनाव के पहले सरकार के कामकाज का आकलन होता है और उसके आधार पर सत्ताधारी दल जनता की अदालत में उपस्थित होता है। इसी के बरक्स विरोधी दल सरकार की नीतियों व कार्यक्रमों की नाकामियों को उजागर करते हैं। दोनों ओर की बातें सुन-समझकर मतदाता अपना फैसला मतपेटियों के माध्यम से सुनाते हैं। यही स्वस्थ लोकतंत्र में सरकारें चुनने या हटाने का तरीका होता है, परन्तु मोदी सरकार के कार्यकाल में वह परम्परा जाती रही। विपक्ष की ओर से या देश-दुनिया के किसी भी मंच से सरकार से पूछे गये सवालों का जिम्मेदारीपूर्ण ढंग से जवाब देने सा समय चला गया। प्रधानमंत्री ने 10 वर्षों में कोई भी विधिवत प्रेस कांफ्रेंस नहीं ली- दोनों ही कार्यकालों में। सैकड़ों तरह के मुद्दे उठे और चले गये लेकिन अपने पूर्ववर्ती प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को मौनमोहन कहने वाले नरेन्द्र मोदी स्वयं चुप्पी साधे रहे। अत्यधिक दबाव में जो दो-तीन मर्तबा उन्होंने कहा, वह लोग उंगलियों पर गिन सकते हैं। करोड़ों की लागत से और एक व्यवस्थित प्रचार तंत्र के जरिये खुद की महामानव की छवि गढ़कर केन्द्र की सत्ता हासिल करने वाले श्री मोदी के 10 वर्ष का हर क्षण स्वयं के महिमा मंडन और विपक्ष को अपमानित करते हुए गुजरा। विधायिका, कार्यपालिका एवं बड़े पैमाने पर न्यायपालिका के साथ सारी संवैधानिक संस्थाओं, जांच एजेंसियों तथा मीडिया को अपनी मुट्ठी में जकड़कर नरेन्द्र मोदी दूसरा कार्यकाल समाप्त होते-होते इतने शक्तिमान हो गये हैं कि अब काडर आधारित पार्टी कहलाने वाली भाजपा व उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तक उनकी जेब में हैं। संसदीय शिष्टाचार को ठेंगा दिखाते हुए संसद के दोनों सदनों यानी लोकसभा व राज्यसभा के क्रमशरू अध्यक्ष व सभापति तो छोड़िये, राष्ट्रपति से भी वे ऊपर हैं। भारत को लोकतंत्र की जननी एवं लोकतंत्र देश की रगों मेंश् होने का दावा करने वाले नरेन्द्र मोदी ने देश की सम्पूर्ण संसदीय प्रणाली एवं लोकतांत्रिक मूल्यों व प्रणाली को ध्वस्त कर दिया है।

# स्वतंत्रता आंदोलन में थी सरोजिनी नायडू की अहम भूमिका

**केवल 13 वर्ष की आयु में ही 1300 पदों की लेडी ऑफ द लेक नामक पहली लंबी कविता और करीब 2000 पंक्तियों का अपना पहला विस्तृत नाटक लिखकर अंग्रेजी तथा अन्य भाषाओं पर अपनी पकड़ का परिचय दिया था। पढ़ाई के साथ-साथ वह कविताएं भी लिखती थी और उनका पहला कविता संग्रह 'द गोल्डन थ्रैशहोल्ड' 1905 में प्रकाशित हुआ, जो आज भी पाठकों के बीच बेहद लोकप्रिय है। अत्यंत मधुर स्वर में अपनी कविताओं का पाठ करने के कारण उन्हें 'भारत कोकिला' कहा जाता था। उन्हें 'शब्दों की जादूगरनी' के नाम से भी जाना जाता था। 14 वर्ष की उम्र में ही उन्होंने लगभग सभी प्रमुख अंग्रेजी कवियों की रचनाओं का अध्ययन कर लिया था। मेधावी होने के कारण 1895 में हैदराबाद के निजाम ने उन्हें ज्यादा से ज्यादा ज्ञान अर्जित करने के लिए वजीफे पर इंग्लैंड भेजा और इस प्रकार केवल 16 साल की उम्र में ही वह उच्च शिक्षा के लिए लंदन चली गई। पहले लंदन के किंग्स कॉलेज और उसके बाद कैम्ब्रिज के गिरटन कॉलेज में उन्हें अध्ययन करने का अवसर मिला। इंग्लैंड का मौसम अनुकूल नहीं होने के कारण वह 1898 में ही इंग्लैंड से स्वदेश लौट आई।**

**योगेश कुमार गोयल**



**राष्ट्रीय महिला दिवस/सरोजिनी नायडू की 145वीं जयंती (13 फरवरी) पर विशेष**

**13 फरवरी 1879 को हैदराबाद में एक बंगाली परिवार में जन्मी सरोजिनी नायडू की 135वीं जयंती के अवसर पर 13 फरवरी 2014 से देश में राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की शुरुआत की गई थी और आज समूचा देश उनकी 145वीं जयंती मना रहा है। सरोजिनी नायडू के पिता अघोरनाथ चट्टोपाध्याय एक रसायन वैज्ञानिक और निजाम कॉलेज के संस्थापक थे जबकि उनकी माता वरदा सुंदरी बंगाली कवयित्री थी। सरोजिनी के पिता चाहते थे कि उनकी बेटी भी उन्हीं की भांति महान् वैज्ञानिक बने लेकिन सरोजिनी को कविताओं से अगाध प्रेम था, जिसे वह कभी त्याग नहीं सकी।**

आजादी के राष्ट्रीय आन्दोलन में उल्लेखनीय योगदान देने वाली स्वतंत्रता सेनानियों में 'नाइटिंगेल ऑफ इंडिया' तथा 'भारत कोकिला' के नाम से विख्यात प्रख्यात कवयित्री और देश के सर्वोत्तम राष्ट्रीय नेताओं में से एक सरोजिनी नायडू का नाम सदैव आदर के साथ स्मरण किया जाता है। उनके नाम का जिक्र होते ही एक ऐसी महिला की छवि उभरकर सामने आती है, जिन्हें कई भाषाओं में महारत हासिल थी और जिनकी लिखी कविताएं हर ओर धूम मचाती थी। उन्हीं के सम्मान में उनके जन्मदिवस 13 फरवरी को अब प्रतिवर्ष 'राष्ट्रीय महिला दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

13 फरवरी 1879 को हैदराबाद में एक बंगाली परिवार में जन्मी सरोजिनी नायडू की 135वीं जयंती के अवसर पर 13 फरवरी 2014 से देश में राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की शुरुआत की गई थी और आज समूचा देश उनकी 145वीं जयंती मना रहा है। सरोजिनी नायडू के पिता अघोरनाथ चट्टोपाध्याय एक रसायन वैज्ञानिक और निजाम कॉलेज के संस्थापक थे जबकि उनकी माता वरदा सुंदरी बंगाली कवयित्री थी। सरोजिनी के पिता चाहते थे कि उनकी बेटी भी उन्हीं की भांति महान् वैज्ञानिक बने लेकिन सरोजिनी को कविताओं से अगाध प्रेम था, जिसे वह कभी त्याग नहीं सकी। वह बचपन से ही पढ़ाई-लिखाई में बहुत तेज थी और उन्होंने केवल 12 वर्ष की आयु में ही मद्रास यूनिवर्सिटी से मैट्रिक की परीक्षा में शीर्ष स्थान हासिल किया था तथा केवल 13 वर्ष की आयु में ही 1300 पदों की लेडी ऑफ द लेक नामक पहली लंबी कविता और करीब 2000 पंक्तियों का अपना पहला विस्तृत नाटक लिखकर अंग्रेजी तथा अन्य भाषाओं पर अपनी पकड़ का परिचय दिया था।

पढ़ाई के साथ-साथ वह कविताएं भी लिखती थी और उनका पहला कविता संग्रह 'द गोल्डन थ्रैशहोल्ड' 1905 में प्रकाशित हुआ, जो आज भी पाठकों के बीच बेहद लोकप्रिय है। अत्यंत मधुर स्वर में अपनी कविताओं का पाठ करने के कारण उन्हें 'भारत कोकिला' कहा जाता था। उन्हें 'शब्दों की जादूगरनी' के नाम से भी जाना जाता था। 14 वर्ष की उम्र में ही उन्होंने लगभग सभी प्रमुख अंग्रेजी कवियों की रचनाओं का अध्ययन कर लिया था। मेधावी होने के कारण 1895 में हैदराबाद के निजाम ने उन्हें ज्यादा से ज्यादा ज्ञान अर्जित करने के लिए वजीफे पर इंग्लैंड भेजा और इस प्रकार केवल 16 साल की उम्र में ही वह उच्च शिक्षा के लिए लंदन चली गई। पहले लंदन के किंग्स कॉलेज और उसके बाद कैम्ब्रिज के गिरटन कॉलेज में उन्हें अध्ययन करने का अवसर मिला। इंग्लैंड का मौसम अनुकूल नहीं होने के कारण वह 1898 में ही इंग्लैंड से स्वदेश लौट आई। जब वह इंग्लैंड से लौटी, तब फौजी डॉक्टर डा. गोविन्दराजुलु नायडू के साथ विवाह करने को उत्सुक थी, जिन्होंने तीन साल पहले उनके समक्ष विवाह का प्रस्ताव रखा था। हालांकि शुरू में सरोजिनी के पिता इस शादी के खिलाफ थे लेकिन बाद में 19 साल की उम्र में उनकी शादी डा. गोविन्दराजुलु के साथ हो गई।

1914 में जब सरोजिनी नायडू पहली बार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से मिली, तभी उनके विचारों से प्रभावित होकर वह वतन के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने को तत्पर हो गई और अपना जीवन देशसेवा में समर्पित कर दिया। 1915 से 1918 तक उन्होंने भारत के स्वतंत्रता आंदोलनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आजादी की लड़ाई में संकटों का डटकर मुकाबला करते हुए वह एक वीरांगना की भांति गांव-गांव, गली-गली घूमकर देश-प्रेम की अलख जगाकर देशवासियों को उनके कर्त्तव्य की याद दिलाती रही। उन्होंने न केवल गांधीजी के अनेक सत्याग्रह आन्दोलनों में हिस्सा लिया और जीवन-पर्यन्त उनके विचारों तथा मार्ग का अनुसरण किया बल्कि 'भारत छोड़ो आंदोलन' के तहत जेल भी गई थी। दांडी मार्च के दौरान गांधीजी के साथ अग्रिम पंक्ति में चलने वालों में वह भी शामिल थी। उनके विनोदी स्वभाव के कारण उन्हें 'गांधीजी के लघु दरबार में विदूषक' भी कहा जाता था। महात्मा गांधी के अलावा सरोजिनी नायडू गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर, गोपाल कृष्ण गोखले, एनी बेसेंट तथा पं. जवाहरलाल नेहरू के साथ भी विशेष रूप से जुड़ी रही। गोपाल कृष्ण गोखले को तो वह अपना राजनीतिक पिता मानती थी। गांधीजी तो अपने पत्रों में सरोजिनी नायडू को कभी 'डियर बुलबुल' तो कभी 'डियर मीराबाई' और कभी-कभी मजाक में 'अम्माजान' या 'मदर' भी लिखते थे, वहीं सरोजिनी भी गांधीजी को मजाकिया अंदाज में कभी 'जुलाहा' तो कभी 'लिटिल मैन' और कभी 'मिकी माउस' कहा करती थी। गांधीजी ने 8 अगस्त 1932 को सरोजिनी नायडू को लिखे एक पत्र में उन्हें 'बुलबुल' नाम से सम्बोधित किया था और उसी पत्र में उन्होंने स्वयं के लिए 'लिटिल मैन' शब्द इस्तेमाल किया था। सरोजिनी कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष भी बनी। वह 1925 में कानपुर में हुए कांग्रेस अधिवेशन की अध्यक्ष बनी और 1932 में भारत की प्रतिनिधि बनकर दक्षिण अफ्रीका भी गई।नायडू अपना भाषण क्षेत्रानुसार अंग्रेजी, हिन्दी, बांग्ला अथवा गुजराती भाषा में देती थी। गांधीजी ने मधुर आवाज और उनके भाषणों से प्रभावित होकर ही उन्हें 'भारत कोकिला' की उपाधि दी थी। देश की आजादी के बाद सरोजिनी नायडू भारत की पहली महिला राज्यपाल बनी लेकिन यह पद स्वीकार करते समय वह स्वयं को 'कैद कर दिए गए जंगल के पक्षी' की भांति अनुभव कर रही हैं किन्तु वह पं. जवाहरलाल नेहरू का बहुत सम्मान करती थी, इसलिए उनकी इच्छा को टाल नहीं सकी। महिलाओं के अधिकारों के लिए काफी संघर्ष किया।

**विचार**

# रेडियो की खनक सदैव रहेगी बरकरार?

**डॉ. रमेश ठाकुर**

**विश्व रेडियो दिवस (13 फरवरी) पर विशेष**

**रेडियो की अहमियत मानव जीवन से कितना वास्ता रखती है, जिसका अंदाज मौजूदा वर्ष-2024 की थीम से लगा सकते हैं। इस बार की थीम 'सूचना देने, मनोरंजन करने और शिक्षित करने वाली एक सदी' रखी गई है जिसका उद्देश्य रेडियो के उल्लेखनीय अतीत, प्रासंगिक वर्तमान और गतिशील भविष्य पर व्यापक प्रकाश डालना। ये सच है कि सूचना यो मनोरंजन विधाओं में चाहे कितने ही साधन क्यों न उपलब्ध जाएं। पर, रेडियो की अहमियत और उसकी प्रासंगिकता कभी भी कम नहीं होगी। विश्व रेडियो दिवस सालाना 13 फरवरी को मनाया जाने वाला एक अंतरराष्ट्रीय दिवस है, जिसे यूनेस्को ने अपने 36 वें वार्षिक सम्मेलन से मनाने का निर्णय लिया था।**

इसमें दो राय नहीं कि सूचना-मनोरंजन की पारंपरिक उपाधि सदैव रेडियो के हिस्से ही रहेगी। आज का दिन रेडियो के लिए खास है। क्योंकि समूचा संसार आज 'विश्व रेडियो दिवस' मना रहा है। रेडियो की अहमियत मानव जीवन से कितना वास्ता रखती है, जिसका अंदाज मौजूदा वर्ष-2024 की थीम से लगा सकते हैं। इस बार की थीम 'सूचना देने, मनोरंजन करने और शिक्षित करने वाली एक सदी' रखी गई है जिसका उद्देश्य रेडियो के उल्लेखनीय अतीत, प्रासंगिक वर्तमान और गतिशील भविष्य पर व्यापक प्रकाश डालना।

ये सच है कि सूचना यो मनोरंजन विधाओं में चाहे कितने ही साधन क्यों न उपलब्ध जाएं। पर, रेडियो की अहमियत और उसकी प्रासंगिकता कभी भी कम नहीं होगी। विश्व रेडियो दिवस सालाना 13 फरवरी को मनाया जाने वाला एक अंतरराष्ट्रीय दिवस है, जिसे यूनेस्को ने अपने 36 वें वार्षिक सम्मेलन से मनाने का निर्णय लिया था। 13 फरवरी ही वह तारीख थी जो 1946 में अमेरिका में पहली बार रेडियो ट्रांसमिशन से संदेश भेजा गया था और संयुक्त राष्ट्र रेडियो की शुरुआत हुई. इसलिए संयुक्त राष्ट्र रेडियो की वर्षगांठ के दिन से ही वर्ल्ड रेडियो डे मनाने का चलन आरंभ हुआ। विश्व के ऐसे कई छोटे मुल्क जो अब भी काफी पिछड़े हुए हैं, वो सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिहाज से आधुनिक युग में भी रेडियो पर ही निर्भर हैं। भारत में भी आजादी के कुछ दशकों तक संचार का प्रमुख जरिया रेडियो ही रहा। 80 के दशक से पूर्व जनमानस के बचपन का सीधा वास्ता भी रेडियो से ही होता था! संचार के विभिन्न आयाम जैसे, गाना, समाचार, स्वर चित्रहार, अच्छी-बुरी सभी सूचनाएं रेडियो से ही मिलती थीं।

लाइव मैच की कमेंट्री हो, या सरकारी कामकाज, खेतिबाड़ी, रोजगार आदि की जानकारी का भी एक मात्र साधन रेडियो ही होता था। नब्बे के दशक के बाद जैसे ही देश ने बदलाव की अंगड़ाई ली, उसके बाद बहुत कुछ पीछे छूट गया, काफी कुछ बदला. हालांकि उससे कुछ समय पहले 'ब्लैक एंड बाईट' टीवी ने दस्तक दे दी थी। लेकिन जबसे कलर टीवी का आगाज हुआ, लोगों की अभिरुचि एकाएक रेडियो से कम हूई। इसके बाद 'आल इंडिया रेडियो' ने भी प्रादेशिक स्तर पर कई स्टेशनों को समेट लिया। तब, दर्शक तेजी से टीवी की ओर दौड़े, लेकिन एक वर्ग ऐसा था जिसका मन फिर भी रेडियो से नहीं डगमगाया? उन्होंने सदैव रेडियो को ही प्राथमिकता दी, उनके लिए रेडियो ना सिर्फ संगीत का रंगमंच रहा, बल्कि, मन का संचार, आत्मा का संगीत और भावनाओं की अभिव्यक्ति जैसा रहा। वक्त चाहे कितना ही क्यों न बदले, लेकिन रेडियो का वजूद हमेशा जिंदा रहेगा। रेडियो को सुनने वालों की कमी नहीं होगी। नित नए निजी रेडियो एफएम खुल रहे हैं। नए-पुराने ज़माने के गाने लोग आज भी मोबाइल के जरिए एफफम पर सुनते हैं, दरअसल वो जानते हैं कि जो मजा रेडियो में है वो और अन्य में नहीं? मौजूदा केंद्र सरकार रेडियो के प्रचार व प्रसार-प्रसारण पर ज्यादा ध्यान दे रही है। तभी, प्रधानमंत्री खुद अपना पसंदीदा प्रोग्राम 'मन की बात' रेडियो पर करते हैं। रेडियो के प्रति उनका स्नेह काबिले तारीफ है। रेडियो दिवस के मनाने की पीछे भी एक लंबी कहानी है।

'स्पेन रेडियो अकादमी' ने 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाने के लिए पहली बार सार्वजनिक रूप से प्रस्ताव रखा था। फिर साल 2011 में यूनेस्को के सदस्य देशों ने उस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकारा। तब जाकर 13 फरवरी का दिन 'विश्व रेडियो दिवस' के लिए मुकर्रर हुआ। पर, असल मायनों में हिंदुस्तान को ही रेडियो का जनक माना जाता है। एक लॉजिक है इसके पीछे? एक जमाने में अफगानिस्तान, नेपाल और एशियायी देशों के शासक-राजा सिर्फ भारतीय रेडियो को ही सुना करते थे, क्योंकि वो भारतीय प्रस्तोताओं के प्रस्तुतिकरण के कायल होते थे। हमसे प्रेरणा लेकर ही उन्होंने अपने देशों में रेडियो का प्रसार करवाया। रेडियो की सबसे प्रसिद्ध और खनकती सुरीली अमीन सयानी की आवाज आज भी लोगों के कानों में गूंजती है।

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इमरजेंसी की घोषणा भी रेडियो के ही जरिए की थी। मॉर्डन जमाना भी रेडियो के महत्व और जरूरत से वाकिफ है। गत कुछ वर्षों से विश्व के देश रेडियो की ओर ज्यादा ध्यान देने लगे हैं। तभी, 2023 में, विश्व रेडियो दिवस का विषय 'रेडियो और शांति' रखा गया जिसका उद्देश्य शांति को बढ़ावा देना और संघर्ष को रोकने के लिए स्वतंत्र रेडियो के महत्व पर ध्यान केंद्रित करना था। वहीं, कोरोना काल में वर्ष-2021 में, 'नई दुनिया, नया रेडियो थीम निर्धारित की गई जिसका मकसद थी, कोविड-19 महामारी द्वारा लाए गए परिवर्तनों को अपनाने और आकार देने में रेडियो की भूमिका पर केंद्रित थी। रेडियो को तवज्जो देने का ये सिलसिला यूं ही जारी रखने की दरकार भी है।

# परीक्षा के समय सहायक तौर-तरीके व अकादमिक अपेक्षाएं

**प्रो. सरोज शर्मा/डॉ. सुनीता जे. कथूरिया**



बड़ी संख्या में बच्चे जो अपनी परीक्षाओं, विशेषकर बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, वे सभी अपने अकादमिक प्रदर्शन को लेकर चिंता और तनाव का अनुभव करते हैं। इसके कारण विभिन्न प्रकार की मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो जाती हैं। बच्चे अक्सर माता-पिता और परिवार, शिक्षकों व स्कूल प्रणाली, सहपाठियों, मीडिया और बड़े पैमाने पर समुदाय की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का दबाव महसूस करते हैं। इसलिए, बच्चों को परीक्षा की चुनौतियों से उबरने में मदद करने के लिए सहायक तौर-तरीकों और अकादमिक अपेक्षाओं के बीच संतुलन बनाना महत्वपूर्ण है।

तनाव और चिंता का आकलन करने के लिए किए गए शोध अध्ययनों से पता चला है कि छात्र सिरदर्द, हृदय गति में वृद्धि, उच्च रक्तचाप, पेट दर्द, मांसपेशियों में ऐंठन, पीठ दर्द, लगातार थकान, कब्ज, दस्त और नींद की गड़बड़ी सहित शारीरिक परेशानियों की शिकायत करते हैं। बोर्ड के छात्र तनाव और चिंता के प्रति संवेदनशील होते हैं क्योंकि वे शारीरिक व भावनात्मक परिवर्तन के महत्वपूर्ण दौर में होते हैं। इन अध्ययनों में उल्लेख किया गया है कि उत्तरोत्तर तनाव सीधे तौर पर मानसिक स्थिति से जुड़ा है और स्मरणशक्ति में भी कमी लाता है। ये गड़बड़ियां वर्षों तक बनी रह सकती हैं, जिनके कारण स्कूल तथा आगे चलकर कार्यस्थल में काम करते वक्त क्षमता पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है।

जब हम परीक्षा तनाव पर नज़र डालते हैं, तो हमें पता चलता है कि एक बच्चे के जीवन में दो सबसे महत्वपूर्ण लोग उनके माता-पिता और शिक्षक हैं। मुक्त संचार, भावनात्मक समर्थन प्रदान करना, सकारात्मक मानसिकता को बढ़ावा देना, बच्चे की भावनाओं को मान्य करना, ट्रिगर की पहचान करना, विश्राम तकनीक सिखाना, शारीरिक गतिविधि और स्वस्थ आदतों को प्रोत्साहित करना, आश्वासन और पुन- आश्वासन प्रदान करना, तनाव प्रबंधन सिखाना तथा अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना, इसके कुछ कारगर उपाय हैं। अनिश्चितता को दूर करके और स्पष्ट अपेक्षाएं व अध्ययन सामग्री प्रदान करके, शिक्षक छात्रों को अधिक तत्पर तथा आत्मविश्वास महसूस करने में मदद कर सकते हैं। शिक्षक छात्रों को सूझ-बूझ और विश्राम तकनीकों का निर्देश देकर तनाव कम करने की रणनीतियों को पाठ्यक्रम में शामिल कर सकते हैं, ताकि वे कठिन दिनों में उनका अभ्यास कर सकें।

परीक्षा की चुनौतियों और तनाव पर काबू पाने में सहायता के लिए देखभाल एवं सहायक घरेलू माहौल भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इसमें छात्र की भलाई और शैक्षणिक अपेक्षा के बीच एक बेहतर संतुलन बनाए रखते हुए सहायता, प्रेरणा और समझ प्रदान करना शामिल है। सचेत पालन-पोषण में आपके बच्चे का समर्थन करना, समझना और परीक्षा के दबावों व चुनौतियों से निपटने के दौरान उसके साथ रहना शामिल है। अपने बच्चे को यह समझाएं कि परीक्षा में उनका प्रदर्शन चाहे जैसा भी हो, आप हमेशा उनके साथ हैं यह बहुत महत्वपूर्ण बात है। अपने बच्चों को उनकी भावनाओं को व्यक्त करने और उनकी आलोचना किए बिना परीक्षा पर चर्चा करने की अनुमति दें। उन पर उत्कृष्टता की अत्यधिक मांग का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। उन्हें एक अध्ययन कार्यक्रम बनाने में मदद करें, जिसमें ब्रेक और डाउनटाइम शामिल हो।



# राशिफल

**मेष:-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। नये लक्ष्य व कायरें में व्यस्त रहेंगे। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रम का पूरा लाभ प्राप्त होगा। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

**बृषभ:-** रोजगार में लाभकारी स्थिति मन को प्रसन्न रखेगी। सामाजिक कायरे में व्यस्त रहेंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। कुछ नये संबंधों के प्रति मन उत्साहित होगा।

**मिथुन:-** वाक्यपटुता व व्यवहार कुशलता से संबंधों में प्रभावी होंगे। भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी।

**कर्क :-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुबिधाग्रस्त होगा। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक बनेगी। अतरू इसे सुधारें।

**सिंह:-** नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कार्यक्षेत्र में अनवरत् व्यस्तता रहेगी। योजनाओं के फ्लीभूत होने से मन प्रसन्न होगा।

**कन्या:-** कोई नयी इच्छा मन पर प्रभावी होगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। कार्यक्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी। अपने स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

**तुला:-** निराशावादी विचार योजनाओं की सार्थकता में बाधक हैं। एक साथ कई सारी चिंताओं से मन ग्रसित होगा। अभिभावको एवं श्रेष्ठजनों के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। घर में प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिक:-** नई प्रतिभाएं उजागर होंगी। प्रिय लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में उसके परिणाम हेतु चिंतित होगा। रोजगार में स्थिति अनुकूल होगी।

**धनु:-** कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। सभी इच्छाओं को सकार करने से पूर्व गहन सोच-विचार करें। आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है।

**मकर:-** मर्यादा व पद का ख्याल रखते हुए अपने उच्छृंखल मन पर नियन्तण्ररखें। आकस्मिक कोई सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कुंभ:-** महत्वपूर्ण कायरें की पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। प्रतिभाओं पर भरोसा रख अपने महत्वपूर्ण लक्ष्यों को फ्लीभूत करने हेतु केंद्रित हों।

**मीन:-** नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। काफी दिनों से अवरोधित कोई कार्य हल होने की संभावना है। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

# पाक ने अपने दिखावटी लोकतंत्र को भी धमाका करके उड़ा दिया

**नीरज कुमार दुबे**



**पाक में सोशल मीडिया पर लोग लिख रहे हैं कि हमने सुना था कि 1970 में जनादेश का चीरहरण हुआ था लेकिन अब देख भी लिया कि कैसे जनादेश को पलटा जाता है। जनता कह रही है कि सरकार चुनने का अधिकार उसका है और उसकी पसंद का सम्मान किया जाना चाहिए, उसके फैसले को पलटा नहीं जाना चाहिए। इस बीच, पाकिस्तान में चुनाव के नाम पर हुई धोखेबाजी अंतरराष्ट्रीय मीडिया की सुर्खियों में भी आ चुकी है। वहां के हालात को देखते हुए अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ समेत तमाम देशों ने मांग की है कि चुनाव में अनियमितताओं और धोखाधड़ी के मामलों की जांच की जाए।**

जब देश पाकिस्तान में इस समय गजब हो रहा है। पहले चुनाव टाले जाते रहे और अब चुनाव परिणाम टाले जा रहे हैं। चुनाव परिणामों को अचानक से पलट दिया जा रहा है। अंतिम चुनाव परिणामों की घोषणा में हो रही देरी के लिए कभी संचार सेवाओं में खराबी का बहाना बनाया जा रहा है तो कभी किसी और तकनीकी कारण का हवाला दिया जा रहा है।

खास बात यह है कि सारी कारगुजारियों पर पर्दा डालने के लिए कभी पाकिस्तान के राष्ट्रपति से बयान दिलवा कर लोगों को भरमाने का प्रयास किया जा रहा है तो कभी खुद सेनाध्यक्ष बयान जारी कर देश में चल रही चुनावी धांधली से लोगों का ध्यान बंटाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन पब्लिक सब जानती है इसलिए वह सेना और नेताओं के बयानों से आश्वस्त होकर घर बैठने की बजाय सड़कों पर उतर कर हंगामा कर रही है। पाकिस्तानी मीडिया की तमाम रिपोर्टें दर्शा रही हैं कि जनादेश को पलटने और जबरन नवाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद पर बैठाने का जो खेल चल रहा है उससे अवाम बिल्कुल खुश नहीं है। लोग कह रहे हैं कि जब सेना को ही प्रधानमंत्री का सलेक्शन करना था तो यह इलेक्शन क्यों करवाये गये? लोग सवाल कर रहे हैं कि जब जनादेश का कोई मतलब ही नहीं है तो पहले ही आर्थिक दुश्वारियां झेल रहे देश पर चुनावी खर्च के रूप में और आर्थिक बोझ क्यों बढ़ाया गया? पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्टें तो यहां तक कह रही हैं कि सेना में भी कुछ लोग अब इमरान खान को ही दोबारा कमान सौंपने के पक्ष में हैं। इस तरह की भी रिपोर्टें सामने आ रही हैं कि विदेशों में भी जहां-जहां पाकिस्तानी रहते हैं वह वहां पर इमरान खान के समर्थन में रैलियां निकाल रहे हैं। पाकिस्तान में भी कोने-कोने में बच्चों से लेकर बूढ़े तक इमरान खान के पक्ष में नारेबाजी करते देखे जा सकते हैं।

पाकिस्तान में इस वक्त जो सूरत ए हालात हैं वह दर्शा रहे हैं कि यदि सेना ने पब्लिक की ओर अनदेशी की तो देश को गृह युद्ध की ओर बढ़ने से रोकना मुश्किल हो जायेगा। पाकिस्तानी सेना को समझना होगा कि इस बार जनता ने किसी पार्टी के समर्थन में या किसी के विरोध में मत देने की बजाय सेना के विरोध में वोट डाला है इसलिए टीवी स्क्रीनों पर मतगणना के रुझानों और परिणामों को देख कर लोग नाराज हो रहे हैं और चुनाव अधिकारियों के खिलाफ भी जनता सड़कों पर नजर आ रही है।

पाकिस्तान में सोशल मीडिया पर लोग लिख रहे हैं कि हमने सुना था कि 1970 में जनादेश का चीरहरण हुआ था लेकिन अब देख भी लिया कि कैसे जनादेश को पलटा जाता है। जनता कह रही है कि सरकार चुनने का अधिकार उसका है और उसकी पसंद का सम्मान किया जाना चाहिए, उसके फैसले को पलटा नहीं जाना चाहिए। इस बीच, पाकिस्तान में चुनाव के नाम पर हुई धोखेबाजी अंतरराष्ट्रीय मीडिया की सुर्खियों में भी आ चुकी है। वहां के हालात को देखते हुए अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ समेत तमाम देशों ने मांग की है कि चुनाव में अनियमितताओं और धोखाधड़ी के मामलों की जांच की जाये।

इस बीच, सभी प्रमुख पार्टियां अपनी अपनी जीत का दावा भी कर रही हैं। लेकिन एक चीज स्पष्ट हो चुकी है कि नवाज शरीफ को निर्बाध रूप से प्रधानमंत्री पद पर बैठाने की पाकिस्तानी सेना की कोशिशों को तगड़ा झटका लगा है क्योंकि पाकिस्तान में नेशनल असेंबली में किसी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलता दिखाई दे रहा है और देश त्रिशंकु असेंबली की ओर बढ़ रहा है। जाहिर है पाकिस्तान में अब जो भी सरकार बनेगी वह गठबंधन की बनेगी। गठबंधन के लिए नवाज शरीफ ने बिलावल भुट्टो और उनके पिता आसिफ अली जरदारी से संपर्क साधा है। दूसरी ओर इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने खुद को सबसे ज्यादा सीटें मिलने का दावा करते हुए कहा है कि वह किसी को समर्थन नहीं देगी बल्कि जो भी सरकार बनेगी उसका नेतृत्व वही करेगी। इमरान खान की पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं का आह्वान भी किया है कि जहां-जहां नतीजे घोषित नहीं किये जा रहे वहां के मतगणना केंद्रों के बाहर वह प्रदर्शन करें। जनता से मिले समर्थन से गद्गद् इमरान खान ने जेल में बंद होने के बावजूद नवाज शरीफ पर निशाना साध दिया है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने एआई (कृत्रिम मेधा) की मदद से एक वीडियो संदेश भेजकर आम चुनाव में जीत का दावा किया है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# जल जीवन मिशन समूह पेयजल योजना की डीएम ने की समीक्षा

▸ जल जीवन मिशन के कार्यों को युद्ध स्तर पर पूर्ण करने के निर्देश

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



जल जीवन मिशन के अंतर्गत हरौलीपुर एवं पत्योरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि हरौलीपुर एवं पट्योरा डाडा ग्राम समूह पेयजल योजना के अंतर्गत विभिन्न कंपोनेंट में शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर इसके समयबद्ध ढंग से संचालन सुनिश्चित कराया जाए। पाइप लाइन डालने के पश्चात टेस्टिंग कार्य पूर्ण हो जाने के पश्चात क्षतिग्रस्त सड़कों का समय से पुनर्निर्माण किया जाए। क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्निर्माण हो जाने के पश्चात हर घर जल प्रमाणन का कार्य तेजी के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित गांवों में शत प्रतिशत डोर टू डोर पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएं। जिन गांवों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत सभी कार्य पूर्ण हो गए हैं वहां पर रोस्टर के अनुसार पेयजल सप्लाई की जाए। कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों के सुचारू ढंग से संपादन के लिए पर्याप्त मैन पावर की व्यवस्था रखी जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अवशेष कार्य को पूर्ण कर जल्द से जल्द पेयजल की सप्लाई का लाभ ग्रामीणों को दिलाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने पाइप पेयजल योजना के अन्तर्गत खुदी हुई सड़के छोड़ने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए,कहा कि किसी भी दशा में खुदी हुई सड़के न छोड़ी जाए। उनको तत्काल दुरुस्त कराया जाए। ताकि आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत खोदी गयी सड़कों के कारण आम नागरिकों को असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने संबंधित ठेकेदारों को कड़ी चेतावनी देते कहा कि अगर कोई ठेकेदार द्वारा खोदी गयी सड़क के कारण चुनाव प्रभावित होता है तो संबंधित ठेकेदार के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान एडीएम नमामि गंगे सुरेश कुमार, अधिशासी अभियंता जल निगम संदेश तोमर, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि, ठेकेदार सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## आमजन व व्यापारियों से संवाद कर सुरक्षा का दिलाया भरोसा

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जिले में चाक-चौबंद सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था तथा महिला सुरक्षा को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रमुख मार्गों, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई तथा अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों, दुकानदारों एवं अव्यवस्थित तरीके से वाहन खड़ा करने वाले लोगों से वार्ता कर शासन की मंशानुरुप उन्हें व्यवस्थित तरीका अपनाने के लिए निर्देश दिए गए। आमजन को आश्वस्त कराया गया कि पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है। संवेदनशील स्थानों में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग की गई साथ ही यातायात नियमों के उल्लंघन में वाहनों के ई-चालान किये गये । पुलिस के अभियान से अराजकतत्वों में हड़कंप मचा रहा।

# हिरण्यकश्यप और भक्त प्रह्लाद की कथा का उपस्थित भागवत प्रेमी भक्तों ने किया रसपान

**चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज।**



चरखारी विकासखंड के ग्राम पंचायत नटूरा में चल रही सप्तदिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण अनुष्ठान में राजस्थान से पधारी हुई कथा व्यास कल्पना पांडे द्वारा राजा उत्तानपाद एवं ध्रुव एवं हिरण्यकश्यप और भक्त प्रह्लाद की कथा का उपस्थित भागवत प्रेमी भक्तों को रसपान कराते हुए बताया गया कि ईश्वर सर्वत्र व्याप्त है ईश्वर को जो निष्कपट और निष्काम भाव से स्मरण करता है तो ईश्वर अवश्य ही भक्तों की हर तरह से रक्षा करते है इसमें किसी भी प्रकार का कोई संशय नहीं है कथा व्यास द्वारा भगवान श्री नरसिंह अवतार की कथा के साथ ही भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का संगीतमय कथा का रसपान कराते हुए कथा प्रेमियों को थिरकने पर मजबूर कर दिया, कथा के आनंद में पूरा कथा पंडाल नृत्य करने लगा, बता दें कि उपरोक्त श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 8 फरवरी से 14 फरवरी तक होना है इसके उपरांत भंडारा के साथ ही श्रीमद् भागवत कथा का समापन हो जाएगा श्रीमद् भागवत कथा में समस्त ग्राम वासियों के सहयोग के साथ ही परीक्षित की भूमिका रमाकांत राजपूत अपनी पत्नी श्रीमती सुखवती के साथ निर्वहन कर रहे हैं कथा में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रविंद्र राजपूत, कमलेश तिवारी, धीरू मिश्रा सहित बड़ी संख्या में गांव के कथा प्रेमी भक्तों के साथ ही माताएं बहने भी कथा का श्रवण कर रही हैं

## खबरें एक नजर में

### अयोध्या काण्ड की कथा के साथ रामकथा सम्पन्न

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के प्राचीन बजरंगबली मंदिर सुंदरकांड समिति द्वारा प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी नव दिवसीय मानस कथा का अयोध्या काण्ड के साथ समापन हो गया, कथावाचक गौरांगी गौरी ने नौ दिनों में श्री राम जन्म, राम विवाह, वन गमन, सीताहरण, भरत चरित्र लंका दहन, श्री राम का अयोध्या में पुनः आगमन की कथा सरल शब्दों में कहीं बताया गया कि मानस कथा हर किसी को सुननी वा अपने जीवन में उतारनी चाहिए कथा में बढ़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे । सुन्दर काण्ड समिति के सदस्य अनिल अग्रवाल, सुबोध गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को सुबह सुन्दर काण्ड एवं हवन पूजन के बाद कन्या भोज एवं विशाल भंडारा होगा और दिन भर झांकियों का कार्य क्रम होगा।

### लकड़ी काट रहे मजदूरों को दबंगों ने पीटा

**मौदहा, समृद्धि न्यूज।** लकड़ी काट रहे मजदूरों को गांव के दबंगों ने बेरहमी से पीटने के साथ ही उनकी जेब में पड़े रुपये भी छीन लिए। पीड़ित की तहरीर पर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सिसोलर थाना क्षेत्र के ग्राम परेहटा निवासी शैलेंद्र प्रजापति पुत्र दयाराम ने सिसोलर थाने में दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह बीते ग्यारह फरवरी को गांव के भूरा यादव के खेत में लकड़ी काट रहा था तभी गांव के दबंग चच्चू तिवारी और अविनाश तिवारी अपने आठ दस साथियों के साथ आए हाथों में लाठी डंडे और नाजायज तमंचा लेकर आ गए और मां बहिन की गंदी गंदी गालियां देते हुए मारपीट करने लगे साथ ही उसकी जेब में पड़े दो हजार रुपए भी छीन लिए इतना ही नहीं पीड़ित ने बताया कि उक्त लोगों ने कहीं भी शिकायत करने पर फोर व्हीलर चढ़ा कर हत्या करने की धमकी दी है जिससे पीड़ित परिवार सदमे में है।पीड़ित की तहरीर पर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है और मामले की जांच की जा रही है।

### प्रधान ने सरकारी कार्य में बांधा डालने की दर्ज कराई रिपोर्ट

**राठ, समृद्धि न्यूज।** जरिया थाने के चकअमरपुरा गांव निवासी शिवनारायण ने बताया कि वह गांव का प्रधान है। ग्राम पंचायत के राजस्व ग्राम चकअमरपुरा शासन के निर्देशानुसार मॉडल शॉप का निर्माण कार्य कराने के लिए लेखपाल वीरेंद्र कुमार द्वारा दो माह पूर्व भूमि का चिन्हांकन पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बगल में गाटा संख्या 84/8 पर किया गया था। जिस पर ग्राम पंचायत द्वारा पिलर खुदाई का कार्य प्रारंभ कराया गया। बताया कि बालमुकुंद पुत्र देशराज द्वारा कार्य बंद करवा दिया गया। खोदे गए पिलरों को दुबारा पुरवा दिया गया। कई बार उसने कार्य शुरू करने का प्रयास किया। लेकिन बालमुकुंद कार्य शुरू नहीं करने दे रहा है। बताया कि 10 फरवरी को थाना दिवस में शिकायत की थी। तभी उसे लेखपाल व सचिव के साथ मौके पर पहुंच कर कार्य शुरू करना चाहा। तभी उक्त व्यक्ति आया व कार्य करने से रोक दिया। बताया कि वह गाली गलौज कर कार्य शुरू नहीं करने नहीं। ग्राम प्रधान ने उक्त के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### अनियंत्रित बोलेरो पलटी, दो की मौत, दो घायल

**मौदहा, समृद्धि न्यूज।** कानपुर सागर हाईवे 34 में रविवार रात महोबा की ओर जा रही अनियंत्रित बोलेरो खाई में पलट गई। वाहन में सवार चार लोगों में दो की मौत हो गई। वहीं चालक व उसका रिश्तेदार गंभीर रूप से घायल होने पर कानपुर रेफर किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के छिरका गांव निवासी देवी चरन उर्फ बऊवा (21) अपने साथी छोटेलाल (45) पुत्र रामखिलावन के साथ बच्चा (55) पुत्र शिवका व पवन (24) पुत्र महेंद्र कुशवाहा निवासी ग्राम पथिया थाना ललपुरा गांव से रविवार देर शाम करीब 6.30 बजे बोलेरो UP91V2234 से गहबरा जा रहे थे। कार देवीचरन चला रहा था। जैसे ही हाईवे में शिवभोग ढाबा के पास पहुंचे तभी बोलेरो अनियंत्रित तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गई। हादसे में कार सवार चारों लोग घायल हो गए। इस सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से एंबुलेंस के जरिए चारों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी लाई। जहां पर बच्चा पुत्र शिवका तथा छोटेलाल पुत्र रामखेलावन को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। कार चालक देवी चरण उर्फ बऊआ व पवन को गंभीर चोटों के चलते कानपुर रेफर किया गया है। वहीं पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### भाई की हत्या कर शव गायब करने का आरोप



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** पुलिस की गैर जिम्मेदाराना कार्यशैली के चलते एक पीड़ित भाई पिछले नौ सालों से भाई के वियोग में तड़प रहा है। वर्ष 2014 में गांव का ही एक ठेकेदार उसे रोजगार दिलाने के लिए बंगलौर ले गया था। तबसे वह घर वापस लौटकर नहीं आया। पीड़ित करीब 35 ग्रामीणों के साथ मुख्यालय आकर अपर एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। सिसोलर थानाक्षेत्र के भुलसी गांव निवासी पीड़ित भाई नंदकिशोर उर्फ नंगू सोमवार को करीब 35 ग्रामीणों के साथ मुख्यालय आकर अपर एसपी को शिकायती पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। बताया कि उसके भाई सुरेश की शादी 18 अप्रैल 2012 को जनपद छतरपुर के गौरिहार थानाक्षेत्र के चूहाखेड़ा गांव निवासी गोविंद की पुत्री सोना के साथ हुई थी। बताया कि उसका भाई मजूदरी करने के सिलसिले में गांव के लल्लू निषाद (ठेकेदार) के साथ वर्ष 2014 में बैंगलोर गया था। जो वहां पहले से ठेकेदारी का काम करता था। जो गांव व क्षेत्र से अपने साथ मजदूर ले जाता था। उक्त ठेकेदार का उसके घर अक्सर आना जाना रहता था। इसी दौरान उसकी भाभी से उसके अवैध संबंध हो गए। जिसकी भनक उसे व परिवार वालों को नहीं थी। जब भी वह उससे अपने भाई के संबंध में जानकारी लेता तो कहता कि अभी उसको छुट्टी नहीं मिल रही है। इसी के चलते वह घर नहीं आ रहा है। जिसकी शिकायत उसने संबंधित थाना में कई बार की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई आज तक नहीं की।

# यज्ञ के साथ जागरण आयोजित



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

भेड़ी गांव स्थित मां महेश्वरी प्रांगण में यज्ञ व जागरण का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक व भाजपा में शामिल हुए जिला पंचायत सदस्य दुष्यंत सिंह परिहार ने किया। जिसमें इस पवित्र स्थान पर यज्ञ कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जहां पर हजारों श्रद्धालु पहुंचकर अपनी अर्जी लगाकर मां से आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। इस सिद्ध स्थान पर आसपास के आम जनमानस का मानना है कि जो भी मां महेश्वरी धाम पहुंचता है उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। भाजपा के दुष्यंत सिंह परिहार ने कार्यक्रम में पहुंचकर मां से आशीर्वाद प्राप्त कर लोगों से अपील की कि यह कार्यक्रम ऐसे ही हर वर्ष होता रहे और हम सभी बराबर

# सपा, बीएसपी छोड़ भाजपा में शामिल होने की लगी होड़

▸ भाजपा की विचारधारा व नीतियों से प्रभावित होकर ली सदस्यता

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिले के कुलपहाड़ क्षेत्र के जैतपुर कस्बे के कृष्णा मैरिज हाउस में विधान सभा मिलान समारोह का लोकसभा प्रभारी संजय द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजन किया गया।

आयोजन में विकासखंड पनवाड़ी, चरखारी, जैतपुर के ग्राम प्रधानों पूर्व प्रधानों बीडीसी सदस्यों ने सपा बसपा छोड़कर भाजपा में आस्था जताई। वहीं जिला पंचायत सदस्य बैंदों मृत्युंजय प्रताप सिंह ने भी भाजपा का दामन थामा। सभी सदस्यता लेने वाले जनप्रतिनिधियों, समाज सेवियों सक्रिय कार्यकर्ताओं को बीजेपी का पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। भारी संख्या में सदस्यता के लिए सभी ब्लॉकों के जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रधानों में जैतपुर छोटेलाल अहिरवार, गेंदा रानी रजपुरा, देव सिंह चंदौली, अखिलेश जैलबार शिव कुमारी लाडपुर, नन्हे राम अजनर, कीरत राज बडेरा खुर्द, ओम प्रकाश बरखेड़ा, संध्या राज बघोरा, आशा देवी पचारा, रणविजय बछेछर कला, देव सिंह बुधौरा, संदीप कुमार सतारी, उमा देवी अकौना,शिव कुमारी लाडपुर, सुधा पिपरी, सुषमा रानी नकरा, सहित 63 ग्राम पंचायत के प्रधानों सहित सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता, सहकारी बैंक हमीरपुर महोबा जिला अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी, पूर्व जिला अध्यक्ष कमलेश सक्सेना, बुंदेलखंड विकास बोर्ड सदस्य रामस्वरूप श्रीवास, पूर्व विधायक अंब्रेश कुमारी, ब्लॉक प्रमुख जैतपुर संदीप राजपूत, कुलपहाड़ चेयरमेन वैभव अरजरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी, सहसंयोजक मयंक तिवारी, मंडल अध्यक्ष मानवेंद्र, मंडल अध्यक्ष अजनर पवन राजपूत, पालिका अध्यक्ष महोबा संतोष चौरसिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र द्विवेदी, मंडल उपाध्यक्ष दिनेश गोस्वामी, जिला पंचायत सदस्य अरविंद नायक, सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सड़क पर सामग्री रखकर किया जा रहा अवैध कब्जा

▸ हाल यही रहा तो भविष्य में हो सकती है दुर्घटना

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**





राष्ट्रीय राजमार्ग पर बालू को डंप कर विक्रय करने का धंधा खूब फल फूल रहा है। बालू के सड़क किनारे लगे ढेर जहां शासन के आदेशों को खुलेआम चुनौती देते नजर आ रहे हैं, वहीं किसी बड़ी दुर्घटना होने से भी इंकार नहीं किया जा सकता है।

बता दें कि शासन के सख्त गाइड लाइन के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण करना मना है। ऐसा पाया जाता है तो अतिक्रमणकारी के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि शासन के ऐसे सभी निर्देश उन गरीब और बेरोजगार लोगों पर लागू होते हैं, जो सड़क किनारे पटरी पर अपना ठेला आदि खड़ाकर रोजी रोटी कमाकर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। जबकि बालू का गोरखधंधा करने वाले महोबा रोड राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे खुलेआम बालू के बड़े-बड़े ढेर लगाकर शासन के निर्देशों की धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे है। ऐसा नहीं है कि इस राज्य मार्ग से निकलने वाले प्रशासनिक अधिकारियों की नजर न पड़ती हो, वह भी सबकुछ देखकर अनजान बने हुए हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़े छोटे सभी प्रकार के वाहन दिन रात भर्राटे भरते है और इसी मार्ग पर बालू कारोबारियों द्वारा ट्रकों से बालू मंगवाकर डंप करने तथा ट्रेक्टर ट्रालियों में भरकर बिक्री करने का सिलसिला चलता रहता है। बालू से लदे आड़े तिरछे खड़े वाहनों के कारण कभी भी किसी दुर्घटना होने से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। जानकारों की माने तो बालू का धंधा करने वालों को पंजीकरण कराकर चिन्हित स्थान डंप कर विक्रय करने का नियम लागू होता है, लेकिन सड़क किनारे अतिक्रमण कर बालू का ढेर लगाकर विक्रय करने का गोरखधंधा विभागीय अधिकारी के मिली भगत की ओर इशारा करते प्रतीत होते हैं। यही कारण है कि अधिकारी भी सब कुछ देखते हुए अनजान बने हुए हैं। ऐसा लगता है कि वह भी किसी बड़ी दुर्घटना होने के बाद ही संज्ञान लेने के फिराक में बैठे हैं।

# किसानों ने मुख्यमंत्री का देखा लाइव प्रसारण

**मुस्करा समृद्धि न्यूज।**



भाजपा किसान मोर्चा ग्राम परिक्रमा यात्रा का सोमवार को वृहद उद्घाटन डिजिटल माध्यम से राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, किसान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर ने सरकार की योजनाएं बताईं। ब्लॉक प्रांगण में बड़ी संख्या में किसानों ने शिरकत की।

अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा सिद्धार्थ सिंह ने की। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा शिव शंकर सिंह, जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, राठ विधायक मनीषा अनुरागी, कृष्ण कुमार गुप्ता, सत्तीदीन प्रजापति मौजूद रहे। किसानों को योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख वीर नारायण सिंह राजपूत, जिपं सदस्य करन सिंह राजपूत दद्दू, मंडल अध्यक्ष शक्ति चौरसिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, सहकारी समिति अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, जिलामंत्री कुबेर सिंह राजपूत, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्लोक अग्रवाल, वेद प्रकाश आर्य, अमित सिंह, उत्कर्ष पांडेय आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष धर्मपाल राजपूत ने किया।

# सांसद ने सुनी जन समस्याएं

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय जनता पार्टी के गांव चलो अभियान के तहत श्रीनगर कस्बे में प्रवास पर आए सांसद ने कस्बे के लोगो की जन समस्याएं सुनी व ग्रामीणों को भाजपा की योजनाओं की जानकारी दी भारतीय जनता पार्टी के गांव चलो अभियान के तहत मंडल श्रीनगर में हमीरपुर महोबा तिंदवारी क्षेत्र के सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल प्रवास पर रहे जिसमें उन्होंने लोगों की जन समस्याएं सुनी और कस्बे के श्री राम जानकी चरनदासी मंदिर श्रीनगर में भगवान के दर्शन कर पार्टी पदाधिकारियो के साथ बैठक ली व गांव चलो अभियान के पत्रक देते हुए बांस पहाड़िया में चौपाल लगाकर लोगों की व्यक्तिगत समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों से बात की और केंद्र व राज्य की चल रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी,गांव चलो अभियान के संयोजक आशीष मिश्रा ने बताया की इस कार्यक्रम के दौरान नमो एप, सरल एप डाउनलोड कर उसकी गतिविधियां संचालित करते हुए, व जनमानस से सम्पर्क कर उनको केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए बताया जा रहा है, जिससे लोगों को मदद मिल सके, इस मौके पर सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल,चेयरमैन कुलपहाड़ वैभव अरजरिया,भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ राजेश नामदेव, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि भंडरा रामकरन मिश्रा,ग्राम प्रधान सिजहरी नरेश राजपूत,ग्राम प्रधान श्रीनगर आशीष राजपूत,राजेंद्र दीक्षित,मंडल उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा, जिला अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा संदीप तिवारी,मंडल महामंत्री बृजकिशोर राजपूत, नारायण कुशवाहा,ब्रजेश गुप्ता,संजू नरवरिया,पंकज मिश्रा, राजेश गुरुदेव, संजय शर्मा,मुकेश चौधरी, मनोहर अग्रवाल, धर्मेंद्र नायक, नरेन्द्र गंगेले,नीरज शिवहरे ,अमान कुशवाहा,अनूप नरवरिया, हर्ष रिछारिया,उमाशंकर विश्वकर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# अधिशाषी अभियन्ता जल निगम की हठधर्मिता से लोगों में आक्रोश

**खरेला/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



खरेला कस्बा के आधे से अधिक वार्ड मे पानी की सप्लाई के लिए प्रस्तावित पानी की टंकी जिला प्रशासन के लिए परेशानी का सबब बन गया है जिसमें समतल स्थल पर टंकी बनाए जाने पर कडे विरोध के बाद भी जनता की सुनवाई न करते हुए जल निगम मनमानी पर उतारू है और आम जनमानस भी अब सड़कों पर आकर विरोध प्रदर्शन के लिए तैयार है तथा मांग पूरी न होने पर 12 फरवरी से अनिश्चितकालीन धरना देने का ऐलान किया गया है।

अधिशाषी अभियन्ता जल निगम की हठधर्मिता और निर्माणकर्ता ठेकेदार से सांठ गांठ ने प्रशासन के सामने परेशानी पैदा कर दी है और अब नगर पंचायत के 09 सभासदों सहित आधी आबादी ने प्रस्तावित स्थल पर ही पानी की टंकी न बनाए जाने धरना प्रदर्शन कर मुख्य सडक को जाम किया गया। तथा इसकी सूचना मुख्यमन्त्री' जल निगम सहित स्थानीय प्रशासन को भेजी जा चुकी है। आज दोपहर खरेला थाना में चरखारी एसडीएम प्रदीप कुमार, एडीम एवं कुलपहाड़ सीओ से वार्ता करते हुए ज्ञापन सौपा गया।

जिसमें पत्रकार-चन्द्रशेखर तिवारी, अजय विश्कर्मा, वि.हि.म (गौरक्षा प्रकोष्ठ) ब्लॉक अध्यक्ष-प्रदीप भदौरिया, भानू प्रताप राजावत (सभासद), जयन्त प्रताप सिंह, एडवोकेट मोनू तिवारी, पत्रकार रामशरण बुधौलिया, प्रताप बाबू' (सभासद)जुगुल किशोर खरे' रामबाबू' प्रवीण मिश्रा' सुरेश आदि ने 12 फरवरी को पानी टंकी के लिये सड़क जामकर करके प्रदर्शन किया

अमृत-2 योजना के तहत कस्बा खरेला के करीब आधा दर्जन वाडो को पानी की सुचारू रूप से सप्लाई के लिए पहाड़ पर पानी की टंकी बनाने का प्रस्ताव नगर पंचायत द्वारा पारित करते हुए स्थल की एनओसी जारी की गयी थी। शासन द्वारा 32.32 करोड़ रूपया निर्गत होने के बाद जल निगम ने अपनी मर्जी से ही स्थल परिवर्तन कर दिया तथा पहाड़ की जगह समतल स्थल पर टंकी निर्माण प्रस्तावित कर दिया और समतल स्थान पर टंकी बनने पर कस्बा के लोगों ने घोर आपत्ति जताई है तथा मुहाल रायसिंह, सादराय प्रथम, सादराय तृतीय, मानिक व डींगुरराय आदि मुहल्लों में पानी की सप्लाइ न पहुच पाने की शंका के बीच तमाम पत्राचार किए लेकिन जल निगम के अधिशाषी अभियन्ता पहाड़ के नीचे ही टंकी बनवाने पर तुले हुए हैं। आन्दोलनकारियों का आरोप है कि चूंकि पहाड़ पर निर्माण सामग्री को पहुचाने में अधिक लागत आ रही है जिससे ठेकेदार ने अधिशाषी अभियन्ता से सांठ गांठ करते हुए स्थल परिवर्तन करा लिया है। लेकिन कस्बा के लोग हर हाल में पहाड़ पर ही टंकी का निर्माण कराने की मांग पर अडिग हैं। भाजपा के जिलाध्यक्ष के गृह कस्बा खरेला में प्रशासन की हठधर्मिता पर भी लोग सवालिया निशान उठा रहे हैं तथा लोगों का कहना है कि सत्ता पक्ष के जिलाध्यक्ष के कस्बा में ही कस्बा के लोगों की सुनवाई प्रशसान नहीं कर रहा है तथा न्याय पाने के लिए अनशन तक करना पड़ रहा है जिसे सत्ता पक्ष के लिए भी चुनौती माना जा रहा है।

# अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लि. ने नए परिसर में कार्य प्रारम्भ किया

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लि.इटावा ने नये परिसर में कार्य करना प्रारम्भ किया।अर्बन को- ऑपरेटिव बैंक लि.इटावा के महाप्रबन्धक सतीश कुमार ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक से पूर्वानुमति प्राप्त करने के उपरान्त बैंक की मुख्य शाखा व प्रधान कार्यालय का संचालन नवीन परिसर 28 कृष्णा नगर भरथना रोड इटावा पर कार्य प्रारम्भ कर दिया है।सोमवार को विधि विधान से हवन पूजन करके नये कार्यालयों का उदघाटन बैंक के अध्यक्ष डा.अजन्ट सिंह यादव ने फीता काट कर किया।

इस अवसर पर बैंक के संचालक मण्डल के सदस्य राम नाथ सिंह (उपाध्यक्ष), अरविन्द कुमार यादव, जगपाल सिंह,आशुतोष नारायण, राजेन्द्र प्रसाद यादव,लड्डुन अहमद, प्रमोद शंखवार, धीरेन्द्र सिंह, कश्मीर सिंह, श्रीमती सरला देवी, श्रीमती सुषमा चतुर्वेदी एवं श्रीमती श्याम किशोरी आदि के साथ-साथ महताब सिंह,शिवपाल सिंह, संजीव कुमार अग्रवाल (सीए), पीडी राही, राज पाल यादव, सुरेश चन्द्र त्रिपाठी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

इस अवसर पर प्रबन्धक मुख्यालय प्रमोद कुमार पोरवाल, प्रबन्धक मुख्य शाखा प्रदीप कुमार, श्याम कुमार अग्रवाल (प्रबन्धक), लल्लन सिंह माथुर लेखाकार, इम्तियाज अहमद, अनुज यादव, कुलदीप सिंह, श्रीमती सोनी, प्रशान्त यादव, श्याम सिंह एवं श्रीमती राम बेटी के द्वारा कार्यक्रम में पधारे हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया गया।

# ससुरालीजनों पर नवविवाहिता की हत्या का आरोप

▸ पीड़ित भाई ने सोमवार को बहन का किया अंतिम संस्कार

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



नवविवाहिता की शादी के एक सप्ताह बाद संदिग्ध हालत में उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने ससुरालीजनों पर अप्राकृतिक कृत्य व प्रताड़ित करने का आरोप लगाकर एसपी से कार्रवाई की मांग की है। वहीं सोमवार को मृतका का अंतिम संस्कार नगर के मोक्षधाम में कर दिया गया।

मृतका के भाई अजय ओमरे निवासी यमुना ब्रिज पीडब्लूडी कॉलोनी ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी बहन सगुन (35) की शादी पिछले तीन फरवरी को उरई कस्बा राजेंद्र नगर निवासी इं. नितिल ओमरे के साथ हुई थी। आरोप लगाया कि शादी में विदाई के बाद दहेज के लिए प्रताड़ित किया। उसकी बहन के साथ अप्राकृतिक कृत्य किया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। उसकी जेठानी उर्मिला ने फोन पर उसकी हालत के संबंध में जानकारी दी। जिसपर वह सभी लोग सात फरवरी को उसकी ससुराल पहुंचे। बहन का इलाज कराने के लिए उसके पति व ससुर रामबाबू से कहा, तो उन लोगों ने कहा कि हमने इलाज करा दिया है। अब आप चाहते हो तो उसे इलाज के लिए ले जा सकते हो। तब उन्होंने उरई के अस्पताल में जाकर दिखाया तो चिकित्सकों ने कहा कि कानपुर ले जाओ। जिसपर वह उसे विमल नर्सिंग होम सर्वोदय नगर कानपुर आठ फरवरी को रात्रि करीब डेढ़ बजे भर्ती कराया। इसके बाद बृजराज हास्पिटल हमीरपुर में दिखाया। जहां से उसे फिर कानपुर दिखाने को कहा।

बताया कि हैलट अस्पताल जब ले गए तो दिखाते समय उसकी मौत हो गई। जिसका पोस्टमार्टम कानपुर में 11 फरवरी को कराया और ससुरालीजनों को सूचित किया, लेकिन वह लोग नहीं आए और न ही शव का अंतिम संस्कार करने को तैयार हुए। पीड़ित भाई ने एसपी से सभी ससुरालीजनों पर कार्रवाई की मांग की है।

# डीएम ने फिर लगायी जल जीवन मिशन योजना में धीमी गति पर फटकार

- 15 दिन में पाइप लाइप बिछाने में खुदी सड़कों को करायें दुरुस्त

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज



जल जीवन मिशन परियोजना की वर्चुअल समीक्षा करते डीएम समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी** राजेश कुमार पाण्डेय ने शासन की महत्वपूर्ण महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन हर घर जल परियोजना अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों की अद्यतन प्रगति की वर्चुअल समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान वर्तमान की कार्य प्रगति धीमी होने पर संबंधित कार्यदायी संस्था को फटकार लगाते हुए कमिश्निंग बढ़ाए जाने के साथ ही मैन पावर एवं मशीनरी बढ़ाए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शिथिल प्रगति पर कंपनियां बहाना ना बनाएं, बल्कि कार्य योजना बनाएं के निर्धारित अवधि में लक्ष्य कार्य कैसे पूर्ण करना है। उन्होंने कहा कि हर घर नल, हर घर जल केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनहित में महत्वाकांक्षी एवं शीर्ष प्राथमिकता की योजना है, इस योजना के धरातल पर क्रियान्वयन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी लंबित परियोजनाओं को युद्ध स्तर पर कार्य कर पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि पेयजल योजना के तहत पाइप बिछाने व सड़क रैस्टोरेशन के समय उच्च गुणवत्ता एवं मानक के अनुसार ही सामग्री का प्रयोग किया जाए। पाइपलाइन बिछाने में तोड़ी गई सड़कों की मरम्मत अगले 15 दिन में पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने जल निगम एवं टीपीआई अधिकारियों को निर्देशित किया कि निरंतर भ्रमणशील रहकर कार्यों की गुणवत्ता व कार्य की निगरानी कर प्रगति में सुधार लाया जाए। उन्होंने सला परियोजना, जल योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि सभी ग्रामों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराये जाने हेतु एक सप्ताह में युद्ध स्तर पर कार्य कर आपेक्षित सुधार हेतु निर्देशित किया। जीवीपीआर डीजीएम चंद्रमोहन को रायपुरा, मधेपुरा एवं कोटा आदि में जलाधारित परियोजना की धीमी प्रगति फटकार लगाते हुए सख्त निर्देश दिए कि एक सप्ताह के अंदर प्रगति में सुधार लाएं, प्रगति खराब होने पर दंडात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, अधिशाषी अधिकारी जल निगम अंचल सहित आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष एवं सकुशल रूप से संपन्न कराए जाने हेतु डीएम की अध्यक्षता में बैठक संपन्न



बलरामपुर। समृद्धि न्यूज

**पुलिस भर्ती** परीक्षा को शुचितापूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराए जाने हेतु बैठक एमएलके पीजी कॉलेज में डीएम अरविंद सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा जनपद में 17 एवं 18 फरवरी को 14 परीक्षा केंद्रों पर लिखित परीक्षा का आयोजन कराया जाएगा। जिसमे कुल 8016 अब अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पर्यवेक्षक लगाए जाएंगे। बैठक में डीएम ने कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा को शुचितपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराए जाने के लिए सेक्टर,स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पर्यवेक्षक सभी तैयारी पूर्ण कर लें। परीक्षा केदो का भ्रमण कर समस्त बिंदुओं का का आकलन कर ले। रेलवे स्टेशन एवं बसअड्डा पर बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों के लिए विभिन्न सुविधाए आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर लिया जाए। परीक्षा केंद्र व्यवस्थापक की भूमिका अति महत्वपूर्ण होगी। किसी भी दशा में कोई भी गड़बड़ी न हो यह केंद्र व्यवस्थापक सुनस्चित करेंगे। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा परीक्षा केदो पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव, समस्त एसडीएम, क्षेत्राधिकार व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन, निष्पक्ष एवं शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु डीएम की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

**बलरामपुर।** आगामी बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन, निष्पक्ष एवं शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु एमएलके पीजी कॉलेज में डीएम अरविंद सिंह की अध्यक्षता के बैठक संपन्न हुई। बोर्ड परीक्षा में जनपद में 64 परीक्षा केंद्र पर कुल 34 हजार परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। बैठक में डीएम सिंह ने कहा की बोर्ड परीक्षा को शुचितापूर्ण, निष्पक्ष एवं नकलविहीन ढंग से सम्पन्न कराए जाने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापक की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। सभी अपने दायित्व एवं कर्तव्यों से भलीभांति अवगत हो जाए। परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर सभी व्यवस्था को देख लें। परीक्षा केंद्र पर प्रकाश, शौचालय,पेयजल की व्यवस्था को देख ले। परीक्षा केंद्र पर कक्ष के दरवाजे,खिड़कियां सही हो यह भी सुनिश्चित कर लें। उन्होंने कहा की परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्र की सीलिंग, पैकिंग आदि की प्रक्रिया का पालन शासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए किया जाए। परीक्षा केंद्र पर कोई भी व्यक्ति इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस अथवा मोबाइल लेकर न जाने पाए यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान गड़बड़ी करने वालों पर कानून के तहत गंभीर विधिक कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा परीक्षा केदो पर सुरक्षा को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार,अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव ,डीआईओएस, समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक उपस्थित रहे।

## लूट का वाँछित अभियुक्त गिरफ्तार

**उतरौला (बलरामपुर)।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी उतरौला ज्योतिश्री के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली उतरौला के कुशल नेतृत्व में बीते सोमवार को थाना कोतवाली उतरौला में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दूबे व उनकी टीम उपनिरीक्षक मनीष कुमार मिश्रा,कांस्टेबल उपेन्द्र सिंह, कांस्टेबल विशाल द्विवेदी, कांस्टेबल लक्की यादव के द्वारा थाना कोतवली उतरौला पर पंजीकृत मु0अ0सं 369/2023 धारा 392 भा0दं0वि0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त बृजेश त्रिगुणायक पुत्र दिलीप कुमार निवासी ग्राम दारी चौरा थाना श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर को बिथरिया परसपुर से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय रवाना किया गया ।

## मिस्टर यूपी बाडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में उतरौला के आकिब रहमानी ने द्वितीय व जैन खान ने टाप फाइव में स्थान प्राप्त कर बढ़ाया उतरौला का मान

उतरौला(बलरामपुर ) समृद्धि न्यूज

**रविवार शाम** राजधानी लखनऊ में आयोजित मिस्टर युपी बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में उतरौला के 24 वर्षीय आकिब रहमानी 65 से 70 किलोग्राम पुरुष भार वर्ग में फर्स्ट रनर अप तो वहीं 26 वर्षीय इमामुद्दीन जैन खान ने टॉप फाइव में जगह पक्का कर उतरौला का मान बढ़ाया। प्रदेश के विभिन्न जिलों के बॉडी बिल्डर्स ने चैंपियनशिप में अपने कौशल का प्रदर्शन किया। जैसे ही निर्णायक मंडल द्वारा आकिब रहमानी को द्वितीय तथा जैन खान को टॉप 5 में स्थान हासिल करने का घोषणा किया वहां पर मौजूद उनके परिवार वाले और साथी खुशी से झूम उठे। आयोजक द्वारा दोनों लोगों को प्रमाण पत्र, ट्रॉफी, मेडल व अन्य उपहार देकर सम्मानित किया गया।



छोटे से शहर से मिस्टर युपी बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने गए आकिब रहमानी एवं जैन खान सम्मान पाकर भावुक हो गए। आयोजक मंडल व कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मिस्टर युपी में आकिब रहमानी को दूसरा व जैन खान को टॉप फाइव में स्थान हासिल करने की जानकारी सोशल मीडिया पर साझा होते ही क्षेत्र के लोगों ने दोनों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए जमकर मुबारकबाद दिया। क्षेत्रवासियों का कहना है कि दोनों युवक अपनी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से आज इस मुकाम तक पहुंचे हैं। आकिब रहमानी ने कहा कि वह पिछले दो वर्षों से इस तैयारी में जुटे थे। इस बार द्वितीय स्थान से संतोष करना पड़ा है। आगे और बेहतर तैयारी के साथ प्रतिभा करूंगा और मिस्टर यूपी का किताब उतरौला लाने का पूरा प्रयास करूंगा। जैन खान उतरौला तहसील में संग्रह अमीन के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि बॉडी बिल्डिंग का शौक है। ड्यूटी करने के बाद अपने इस शौक को पूरा करने में जुट जाता हूं। कुछ दिन पूर्व उंगली में इंजरी हो जाने के कारण अच्छी तैयारी नहीं हो पाई। अगली बार पूरी तैयारी के साथ प्रतिभाग करूंगा। मिस्टर युपी का खिताब अपने नाम करने की तमन्ना है।

## संवेदनशील, अतिसंवेदनशील बूथों का एसडीएम, सीओ ने किया निरीक्षण




जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज

**आगामी** लोकसभा के चुनावों की तैयारियों की शुरुआत हो गई है। नगर व ग्रामीण क्षेत्र के पूर्व में रहे संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथों का एसडीएम व सीओ ने निरीक्षण कर बूथों पर उपलब्ध सुविधाओं व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। लोकसभा चुनावों को संपन्न कराने के लिए तहसील क्षेत्र में 248 बूथ बनाए गए हैं। तहसील क्षेत्र में उरई जालौन विधानसभा क्षेत्र के 101 और कालपी विधानसभा क्षेत्र के 147 बूथ बनाए गए। अभी तक संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों का निर्धारण नहीं हुआ है। चुनाव से पूर्व बूथों पर आवश्यक सुविधाएं मुहैया हो जाएं, इसके लिए पुलिस व प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। एसडीएम सुशील कुमार व सीओ रामसिंह ने नगर के पोलिंग बूथ जालौन बालिका इंटर कालेज, पूर्व माध्यमिक विद्यालय नगर पालिका, छत्रसाल इंटर कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय सुढ़ार सालाबाद के बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पोलिंग बूथों के भवन की स्थिति, बिजली, पानी, दिव्यांगों के लिए रैंप, शौचालय के साथ सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान बूथों पर सुविधाएं ठीक ठाक मिली। पोलिंग बूथ तक पहुंचने के रास्ते भी देखे गए। जिससे वहां तक आसानी से वाहनों के आलावा मतदाता भी पहुंच सकें। चुनाव के दौरान बाहर से आने वाले सुरक्षा बलों के रहने के सुरक्षित व सुव्यवस्थित स्थलों की भी तलाश की गई। जिसमें औरैया रोड पर स्थित कन्हैयालाल मैमोरियल बाल विद्या मंदिर का भवन, छत्रसाल इंटर कॉलेज, सेठ वीरेंद्र कुमार स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कैलाशीदेवी श्रवण कुमारी महाविद्यालय का भवन को देखा गया।


## सूचना

मैने अपने बड़े पुत्र जगदीश चन्द्र के गलत चाल चलन के चलते अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। जगदीश चन्द्र द्वारा किये गये कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे व मेरे परिवार को कोई लेना देना नहीं है।

**चन्द्रप्रकाश पुत्र मैकूलाल निवासी ग्राम खिरिया मुकुन्द, पो0 ज्योता तहसील सदर, जिला फर्रुखाबाद।**


## परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने हेतु खंड शिक्षा अधिकारी उतरौला मजिस्ट्रेट नामित

**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला के महुआधनी में स्थित छत्रपति शाहूजी महाराज राजकीय पालिटेक्निक में विषयवार सेमेस्टर परीक्षा व बैक पेपर परीक्षा सुचारू रूप से करायी जा रही हैं। परीक्षा को सकुशल निर्विघ्न एवं सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न करने हेतु जिलाधिकारी द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी उतरौला सतीश कुमार को मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। कार्यवाहक प्रधानाचार्य रईस अहमद ने बताया कि परीक्षा प्राविधिक शिक्षा परिषद लखनऊ के निर्देशानुसार मजिस्ट्रेट की निगरानी में सुचारू रूप से संपन्न कराई जा रही है। 16 जनवरी से शुरू हुई परीक्षा 14 फरवरी को समाप्त होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा की निगरानी सीसीटीवी के माध्यम से लखनऊ स्थित मुख्यालय से की जा रही है। कंप्यूटर साइंस, कंप्यूटर हार्डवेयर, नेटवर्किंग और अप्लाइड मैथ, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक, ऑटो मोबाइल इंजीनियरिंग के छात्र परीक्षा दे रहे हैं। साथ ही 475 छात्र छात्राएं डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग और विशिष्ट बैच के 116 छात्र-छात्राएं डिप्लोमा इन फार्मेसी की परीक्षा दे रहे हैं।

## प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद पहली बार सपरिवार अयोध्या पहुंचे 'आप' के दोनों मुख्यमंत्री

- अपने बीच में शीर्ष नेतृत्व को पाकर उत्साह से लबरेज हुए पार्टी कार्यकर्ता,किया जोरदार स्वागत।
- प्रभु श्रीराम सभी के आराध्य, यात्रा राजनीतिक नहीं: अनिल

अयोध्या। समृद्धि न्यूज



**भगवान श्री** रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद सोमवार को पहली बार सपरिवार अयोध्या पहुंचे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तथा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का जोरदार स्वागत किया गया।स्वागत के बाद इन दोनों मुख्यमंत्रियों ने श्री राम जन्मभूमि पहुंचकर भगवान श्री रामलला का दर्शन पूजन किया और फिर वापस हो लिए।इस दौरान अपने शीर्ष नेतृत्व को देखने और उनसे मिलने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं के अलावा आम जनमानस में भी काफी ललक देखी गई हालांकि वाहनों के लंबे काफिले,समर्थकों के भारी हुजूम और पुलिस प्रशासन की चुस्त व्यवस्थाओं के चलते उनकी इच्छाएं पूरी न हो सकी।इन सबके बीच यह जरूर रहा कि इन दोनों मुख्यमंत्रियों ने पार्टी परिवार के सदस्यों और आम जनमानस की भावनाओं का सम्मान करते हुए एयरपोर्ट पर उतरने से लेकर वापस एयरपोर्ट पहुंचने तक अपने वाहन के अंदर से उनके अभिवादन को सहर्ष स्वीकार कर उसका प्रतिउत्तर देते रहे जिससे लोगों का मनोबल और बढ़ा नजर आया।सोमवार की पूर्वाह्न महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचने पर जिलाध्यक्ष एडवोकेट अनिल प्रजापति व अयोध्या प्रभारी संजीव निगम सहित पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने गगनभेदी नारेबाजी के बीच दोनों मुख्यमंत्रियों के साथ उनके परिवार के सदस्यों का शिष्टाचार स्वागत कर उनकी अगवानी की। इसी क्रम में एयरपोर्ट से रामनगरी में दाखिल होते ही महानगर अध्यक्ष कुलभूषण साहू,जिला उपाध्यक्ष सूरज प्रधान,अयोध्या विधानसभा अध्यक्ष शुभम श्रीवास्तव,महाराणा प्रताप वार्ड पार्षद सुफियान,महासचिव सुनील मौर्य, जिला उपाध्यक्ष संदीप पटेल,सत्य प्रकाश मौर्य,विधानसभा अध्यक्ष गोसाईगंज हर्षवर्धन,शकुंतला देवी,गायत्री मिश्रा,यू.के द्विवेदी, इसराइल शारजाह,मास्टर दिलीप वर्मा व स्वर्णिम वर्मा आदि बहुत से साथियों ने रामनगरी में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवत मान का जोरदार स्वागत किया। स्वागत की श्रृंखला के बाद इन दोनों मुख्यमंत्रियों ने वाहन के लंबे काफिले के साथ सपरिवार श्री राम जन्मभूमि पहुंचकर भगवान श्री रामलला का दर्शन पूजन किया और इसके बाद वहां से वापस हो गए।इस दौरान पार्टी जिलाध्यक्ष एडवोकेट श्री प्रजापति ने बताया कि भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार आज सपरिवार दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवत मान ने अयोध्या आकर उनका दर्शन पूजन किया है।इस दौरान का महर्षि वाल्मीकि हवाई अड्डे पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा अपने दोनों चहेते नेताओं का जोरदार स्वागत किया गया है।उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम सभी के आराध्य हैं और प्रभु श्री राम में सभी की आस्था है,इसे राजनीति से नहीं जोड़ा जाना चाहिए।

### रामलला का दर्शन मेरे लिए सौभाग्य-केजरीवाल

**अयोध्या।** सोमवार को अयोध्या पहुंचे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज रामलला का दर्शन पूजन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।प्रभु राम का दर्शन करके असीम शांति का अनुभव मिला और बहुत अच्छा लगा जिसका वर्णन शब्दों में नहीं किया जा सकता।उन्होंने कहा कि पूरे समाज और पूरे विश्व के लिए सौभाग्य की बात है।अयोध्या में भव्य और सुंदर मंदिर बनकर तैयार हुआ है।प्रतिदिन लाखों राम भक्त दर्शन पूजन करने आ रहे हैं, इस आस्था को देखकर दिल गदगद हो जाता है।उन्होंने कहा कि और हमने भगवान से सभी के लिए देश के लिए सुख शांति और स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की है। वहीं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि लंबे समय से जो इच्छा थी,वो आज पूरी हो गई। भारत धार्मिक आस्था वाला देश है।हम लोग इकट्ठे होकर देश के हर पर्व और त्यौहार को मनाते है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम के सामने उन्होंने देश में तरक्की और सबसी खुशहाली सुख,शांति और भाईचारा की प्रार्थना की है। उन्होंने कहा कि भारत एक गुलदस्ता है और गुलदस्ते में अलग अलग रंग के फूल है जिनकी अलग अलग खुशबू है।


## कार्यालय ग्रा0पं0 भगुआ नगला वि0ख0 बढ़पुर, जनपद फर्रु0

पत्रांक -मीमो/ग्रा0पं0कार्य/टेण्डर दिनांक 12/02/2024

पन्द्रहें वित्त/पंचम राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायत भगुआ नगला द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 13/02/2024 से 20/02/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 20/02/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव व निविदादाता की मौजूदगी में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | ग्राम पंचायत | सामग्री विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | जमानत राशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नीलम के घर से सुरेन्द्र के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | भगुआ नगला | समस्त सामग्री स्टीमेट अनुसार | 2.72 | 5500 | 500 |
| 2 | सत्यपाल सिंह के प्लाट से दीपसिंह के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | // | // | 3.32 | 6600 | 500 |
| 3 | मलिखान के घर से पांचाल घाट रोड तक नाली निर्माण कार्य | // | // | 2.49 | 5000 | 500 |
| 4 | सत्यपाल सिंह के प्लाट से दीपसिंह के घर तक दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य | // | // | 1.55 | 3100 | 500 |
| 5 | एस0एन0 पाण्डेय के घर से जिदान के घर तक नाली व मिट्टी भराव कार्य | // | // | 1.30 | 2600 | 500 |

**नियम व शर्ते-** 1-आपूर्तिकर्ता का जीएसटी रजिस्ट्रेशन, पेनकार्ड, आधार कार्ड की छायाप्रति लगाना अनिवार्य है। 2-सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। 3- निविदा बिना किसी सूचना के निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

ग्राम प्रधान (अनुपम) ग्राम भगुआ नगला, वि0,ख0 बढ़पुर सचिव (अतुल अग्निहोत्री)


## पात्र परिवारों को समय पर नहीं मिल पा रहा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ

उतरौला(बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज

**प्रधानमंत्री आवास** योजना का लाभ पात्र परिवारों को समय पर नहीं मिल पा रहा है। योजना के तहत मिलने वाली आर्थिक मदद नहीं मिलने से लोगों के घरों का निर्माण अधर में लटका हुआ है। उतरौला नगर के करीब पचीस परिवार किराये के मकानों में रहने को विवश हैं। पात्र परिवारों ने योजना के तहत मिलने वाली किस्त अटकने के बारे में बताया। नगर के वार्ड 23 सुभाष नगर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभ पाने वाले 10 पात्र परिवारों को अब तक योजना का पूरा लाभ नहीं मिला है। ऐसे में अपने घर में रहने का उनका सपना अधूरा ही है। उनका कहना है कि योजना के तहत पूरी कागजी कार्रवाई करने के बाद भी तीसरी किस्त अब तक नहीं मिली है। पात्र परिवारों के हालात फिलहाल ऐसे बने हैं कि किसी मकान की छत नहीं है तो किसी के शौचालय का निर्माण नहीं हुआ है।



कुछ के मकान का तो ढांचा ही अधूरा पड़ा है। इन तमाम स्थितियों में उन्हें किराये के मकान में रहना पड़ रहा है। पात्र परिवारों का कहना है कि किसी को तीन साल को किसी को दो वर्ष से पीएम आवास किस्त का पैसा नहीं मिला है। छम्मू पत्नी मोहम्मद रब ने तीन साल पहले पीएम आवास योजना लेने के लिए आवेदन किया था। अभी तक तीसरा किस्त न मिलने से मकान अधूरा पड़ा है। इसी तरह कमालुद्दीन, इसरायल को भी अंतिम किस्त के रुपयों का इंतजार है। अंतिम किस्त ना मिलने से फर्श और प्लास्टर संबंधी कार्य अधूरा पड़ा है। 50 हजार रुपये की तीसरी किस्त मिलने पर ही काम आगे बढ़ा पाएंगे। रोज अली पुत्र ईदु, शहाबुद्दीन पुत्र गुलाम रसूल, शाहिद पुत्र गुलाम मोहम्मद, रेहाना पत्नी शब्बू ,अतिकुर्रहमान पुत्र असगर अली व रफी नगर निवासी मोअज्जम अली ने पीएम आवास योजना के तहत मकान का आधा निर्माण कार्य कर लिया है, लेकिन तीसरी किस्त नहीं मिलने से छत नहीं डाल पाए हैं। दो साल से ये काम अधर में लटका हुआ है। नगर परिषद के चक्कर काटने पर भी समाधान नहीं हुआ। मजबूरीवश परिवार के साथ किराये पर मकान लेकर रहना पड़ रहा है। हसीन जहां पत्नी मुर्तुजा, यासमीन पत्नी सन्जू, नजमा पत्नी मन्नू, मोना पत्नी कमरुद्दीन, सीमा पत्नी मोहम्मद अनीस का वर्ष 2021-22 में प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ था। पहली किस्त मिलने के बाद इन सभी को अगली किस्त न मिलने के कारण मकान का निर्माण अधर में लटका हुआ है। कई बार नगर पालिका कार्यालय के चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन अभी तक उनको दूसरी किस्त का लाभ नहीं मिल पाया है। मकान का निर्माण कार्य अधर में लटकने से पूरा परिवार परेशान है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज, जनपद-कन्नौज

पत्रांक-919/ना.पा.प. गुरसहायगंज/2023-24 दिनांक- 09.02.2024

### ई-निविदा सूचना

ई-निविदा हेतु निकाय में पंजीकृत ठेकेदार, बिडर्स/कॉन्टैक्टर्स, वेण्डर्स एवं शासनादेश संख्या-3/2017/1067/78-2-2017-42 आईटी/2017 अनुभाग-2 दिनांक 12.05.2017 के क्रम में यू.पी. इलेक्ट्रॉनिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड बिडर्स/कॉन्टैक्टर्स/वेण्डर्स को प्रतिभाग करने हेतु अवसर प्रदान करते हुए ई-निविदायें,ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in के माध्यम से ई-निविदाएं निम्न कार्यक्रम के अनुसार आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज /ANN Stage | Vendor Stage | प्रारम्भ तिथि व समय | अन्तिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | | 13.02.2024 06:00 PM | |
| | | Tender Download | 13.02.2024 06:00 PM | 21.02.2024 10:00 AM |
| | | Bid Submission | 13.02.2024 06:00 PM | 21.02.2024 10:00 AM |
| | Close of Bid | | | 21.02.2024 10:00 AM |
| | Technical Bid Opening | | | 21.02.2024 10:00 AM |
| | Financial Bid Opening | | After Approval of Technical Bid | |

**नोट-** निविदा सम्बन्धी नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी http://etender.up.nic.in पर निर्धारित समय पर या कार्यालय अवधि में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
गुरसहायगंज-कन्नौज

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
गुरसहायगंज-कन्नौज

# देश की दिशा व दशा तय करेगा लोकसभा चुनाव: राजपाल कश्यप

**▸ राजपाल कश्यप के नेतृत्व में पीडीए महापंचायत का आयोजन किया गया**

छिबरामऊ, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**समाजवादी पार्टी के** राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार ग्राम अहिरुआ राजा रामपुर में पीडीए महापंचायत का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप में डॉक्टर राजपाल कश्यप पूर्व एमएलसी अंकुर सिंह यादव के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाजवादी पार्टी के पूर्व एमएलसी राजपाल कश्यप ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण है जो देश की दशा व दिशा दोनों को तय करने का काम करेगी। उन्होने सभी नौजवान व पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि एक वोट समाजवादी पार्टी खाते में डाल दीजिए क्योंकि भाजपा सरकार विपक्षी नेताओं को बहुत ही परेशान करने में लगी हुई हैं, क्योकि नेताओं के ऊपर ईडी छापेमारी करने का काम कर रही है। विकास कार्यों की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही है भाजपा सरकार में किसानों व आम जनता पर महंगाई की मार पड़ रही है जिससे उनकी कमर टूट गयी है। इस बार जनता देश में महागठबंधन की सरकार बनाएगी। भारतीय जनता पार्टी से जनता ऊब चुकी है। नौजवान अपना हक मांगते हैं, तो भाजपा सरकार लाठी बरसती है। सपा सरकार में किसानों की कोई बात हो या नौजवानों की बात हो ,विकास कार्यों की कोई बात हो, अखिलेश यादव ने सौ सैया अस्पताल, राजकीय इंटर कॉलेज, बिजली, पानी जैसी मूलभूत समस्याओं से वंचित लोगों को सुविधा प्रदान करने का काम किया। तथा बड़े पैमाने पर विकास कार्य कराकर लोगों को सुविधाएं मुहैया प्रदान करने का काम किया है। चुनाव में एकजुट होने का आह्वान करते हुए कहा कि सभी नेता व कार्यकर्ता एकजुट होकर अखिलेश यादव को कन्नौज लोकसभा से सांसद बनाने का काम करें जिससे आगे आने वाले समय में अखिलेश यादव आप लोगों को विकास के माध्यम से कुछ दे सकें। भाजपा केवल झूठे वादे व जुमलेबाजी के अलावा कोई काम नहीं करती। धरातल पर कोई काम नहीं है न कोई विकास कार्य है, केवल उनका काम हिंदू-मुस्लिम करना ही रह गया है जिससे जनता अब ऊब चुकी है। पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने कहा कि लगातार भाजपा सरकार समाजवादियों के ऊपर जुल्म ढा रही है, आए दिन झूठे मुकदमे में फंसाने का काम कर रही है क्योंकि उनके पास इसके अलावा और कोई काम नहीं रह गया है। भाजपा सरकार विकास नहीं करती वह सिर्फ जुमलेबाजी के अलावा कोई काम नहीं करती है। समाजवादी कार्यकर्ता चुनाव में भाजपा को सबक सिखाने का कार्य करेंगे। गैस सिलेंडर के दाम रू1200 पहुंच गए तभी तो राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पीडीए द्वारा गांव-गांव आह्वान कर कहा कि अगर हमारे किसी भी कार्यकर्ता को तंग करेगी पुलिस तो उसकी खैर नहीं, कार्यक्रम का संचालन आदिल प्रवेश ने किया, रामसेवक पाल प्रदेश उपाध्यक्ष, रामसेवक बाथम जिला अध्यक्ष, बाबा राम प्रकाश यादव, प्रताप सिंह यादव, बजरंग सिंह चौहान, अतर सिंह वर्मा, उमेश पाल, विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पटेरिया, ग्रंथ सिंह प्रधान, सुरजीत नायक, देवेश शर्मा, वीरेंद्र कश्यप, पवन ठाकुर, दिनेश शर्मा, कुलदीप प्रजापति, राजवीर प्रजापति व सुरेश कठेरिया सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्तागण मौजूद रहे।



# अनिल पंडित ने ग्रहण किया पालिका ईओ का पदभार

**▸ नागरिकों की समस्याओं का समय से होगा निस्तारण: ईओ**

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज



नवागंतुक अधिशाषी अधिकारी

**आयोग द्वारा** तत्कालीन अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह का स्थानान्तरण होने के बाद सोमवार को शासन द्वारा अनिल पंडित को नवनियुक्त अधिशाषी अधिकारी के पद पर तैनाती दी गई। पालिका का चार्ज लेने के उपरांत उन्होंने कहा कि पालिका कर्मी शासन की मंशानुसार कार्य करें।

सोमवार को बागपत जनपद की नगर पालिका खेकडा से स्थानांतरित होकर आयें नवनियुक्त अधिशाषी अधिकारी अनिल पंडित ने स्थानीय नगर पालिका परिषद कार्यालय में पहुंचकर कार्यभार ग्रहण करनें के उपरांत पालिका कर्मियों की बैठक ली। जिसमें प्रधान लिपिक आरपी सिंह से नगर की सफाई व्यवस्था, विकास कार्यों सहित स्वच्छता अभियान आदि कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि पालिका कर्मी आपसी सामंजस्य से कार्य करते हुये पालिका में आने वाले हर फरियादी की शिकायतों का निस्तारण करें। उन्होंने सभी कर्मचारियों से मुलाकात की और आदेशित किया कि नगर की सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाये। इस अवसर पर प्रधान लिपिक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, अशोक शर्मा, अनिल प्रजापति, जगदीश सिंह, मनोज तिवारी, गौरव मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## अर्चना शर्मा बनीं कायमगंज की तहसीलदार



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** तहसीलदार का जनपद झांसी के लिए स्थानान्तरण हो गया। अब नायब तहसीलदार को तहसीलदार का चार्ज दिया गया। जानकारी के अनुसार तहसीलदार अलोक कटियार का तबादला जनपद झांसी के लिए हो गया है।उन्हें कार्यमुक्त किया जा चुका है। अब तहसीलदार का चार्ज नायब तहसीलदार अर्चना शर्मा को बनाया गया है। चार्ज संभालते ही अर्चना शर्मा ने कहा कि वह शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। फरियादियों की लम्बित समस्याओ का शीघ्र निस्तारण किया जायेगा। साथ ही उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि वह भी अपनी डियूटी का बखूबी निर्वहन करें। हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

## बार एसोसिएशन को एल्डर कमेटी द्वारा 20 फरवरी तक नई वोटर लिस्ट तैयार करने के दिए गए निर्देश

**छिबरामऊ कन्नौज।** बार एसोसिएशन एल्डर कमेटी की बैठक में वार्षिक चुनाव के लिए सदस्य शुल्क पर विचार कर शीघ्र जमा करने के निर्देश दिए गए। बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के मध्य नजर बार एसोसिएशन की सूचना पर एल्डर कमेटी के अध्यक्ष रमाकांत दीक्षित पूर्व विधायक संतोष चतुर्वेदी वरिष्ठ अधिवक्ता सरोज दुबे धर्मपाल सिंह जयवीर सिंह यादव ने बैठ कर वार्षिक चुनाव के लिए अधिवक्ताओं से शीघ्र सदस्यता शुल्क जमा करने के निर्देश बार एसोसिएशन अध्यक्ष रामचंद्र मिश्रा महासचिव चंद्रजीत यादव को नई वोटर लिस्ट प्रकाशित करने के दिए निर्देश।

## गुरसहायगंज महोत्सव का शुभारंभ 15 फरवरी से

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** नागरिकों एवं महिलाओं बच्चों के मनोरंजन व खरीदारी के लिए नगर के तिर्वारोड गीता टाकीज के निकट गुरसहायगंज महोत्सव एवं व्यापार मेला उद्योग विकास प्रदर्शनी का 15 फरवरी को शुभारंभ किया जाएगा। यह जानकारी मेला के आयोजक भूरा खॉन ने दी। बताया कि गुरसहायगंज महोत्सव में बच्चों के लिए मनोरंजन का खजाना एवं महिलाओं के लिए सबसे सस्ती घरेलू उपभोग की बस्तुये व सौंदर्य प्रशाधन सामग्री व खाने-पीने की व्यवस्थाओं सहित बच्चों के लिए आकर्षक झूले, मिकी माउस, मारुति कार सर्कस, भूत बंग्ला एवं मैजिक शो आदि के आयोजन किए जाएंगे। इस दौरान उनके साथ सानू, बसीम आदि मौजूद रहे।

## बेला की अधिक उपज हेतु पोषक तत्वों के प्रयोग का उचित समय: डा.कनौजिया



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के अनौगी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र कन्नौज के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ वीके कनौजिया तथा उद्यान वैज्ञानिक डॉ अमर सिंह ने बेला की खेती करने वाले किसान भाइयों को जानकारी देते हुए बताया कि फरवरी माह में बेला की फसल में खाद एवं उर्वरको का प्रयोग किया जाना पुष्पों की अधिक पैदावार के लिये आवश्यक है। उर्वरक देने के पूर्व बेला के पौधे की जड़ के पास से चारों तरफसे लगभग 15-20 से0मी0 मिट्टी हटा कर लगभग 7 से 8 के दिन के लिये खुला छोड़ दे। जिससे पौधे की जड़ों मे सूर्य का प्रकाश मिल सके तथा उसने पौधों में कठोरता आ सके इसके बाद प्रति पौधा की दर से 10 किलो सड़ी गोबर की खाद 100 ग्राम नाइट्रोजन ( 160 ग्राम यूरिया)150 ग्राम फास्फोरस (330 ग्राम डीएपी) 100 ग्राम पोटाश ( 167 ग्राम एमओपी), 25 ग्राम मैगनीज सल्फेट, 3 ग्राम बोरेक्स तथा 6 ग्राम जिंक सल्फेट प्रति पौधा की दर से प्रयोग करें जिससे फूलों के उत्पादन में 20 से 25 तक उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है। इससे पौधों पर फूल लगभग 15 से 20 दिन अधिक समय तक आते हैं।

# भाजपा ग्राम परिक्रमा यात्रा बैठक आयोजित

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज





**भारतीय जनता** पार्टी के राष्ट्रीय आह्वान हम परिक्रमा यात्रा सुराराम कार्यक्रम के रामबकाश वर्मा वरिष्ठ कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी की अध्यक्षता में एक जनसभा रामलीला मैदान कस्बा बिशनगढ़ में आयोजित की गई जनसभा में मौका अतीत के रूप में राज्य मंत्री असीम अरुण सांसद कन्नौज सुब्रत पाठक, विधायक अर्चना पांडे विधानसभा के विधायक कैलाश राजपूत द्वारा सभी ने भाग लिया सभी नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि देश और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है चारों तरफ विकास की गंगा बह रही है इससे पहले ही सरकारों ने परिवारवाद की राजनीति की थी अगर किसी को भारत रत्न दिया तो भी परिवार देखकर ही दिया गया इस देश में बड़े-बड़े नायक पैदा हुए लेकिन कांग्रेस पार्टी सिर्फ अपनों को ही यह सम्मान देती रही मोदी जी ने आज देश में पांच महान नायकों को भारत रत्न से सम्मानित किया जिसमें हमारे पूर्व गृहमंत्री लालकृष्ण आडवाणी जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन समर्पित किया चौधरी चरण सिंह जो किसानों के मसीहा थे कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री बीपी नरसिंग राव आज हैंभारत सरकार ने परिवार की राजनीति न करके देश के विकास की राजनीति की है जो भी सरकार द्वारा योजनाएं चलाई गई अप योजनाओं का लाभ सभी को मिला है चाहे वह किसी भी समाज का भी वर्ग हो या किसान भाइयों को उनके सम्मान के लिए 6000 सम्मान निधि देने का काम किया है हमारे बुजुर्ग महिलाओं की पेंशन घर में घरेलू के लिए खाना बनाने की बात हो उज्ज्वला योजना देने का काम कर देश का नाम विश्व में बड़े सम्मान के साथ लिया जाता है सारे विश्व की निगाहें हमारे देश मोदी जी पर हैं आज हमारे देश की सीमाएं सुरक्षित हैं दुश्मन हो या पड़ोसी देश की मजाल नहीं कि हमारे देश की तरफ निगाहें उठा के देख ले जिन माफियाओं ने जमीनों पर कब्जे किए थे उनको मिट्टी में मिला दिया हमारी मां बेटी पर गलत निगाहें डालते महिलाएं सुरक्षित हैं महिलाओं को सम्मान व बराबरी देने का काम मोदी जी ने किया विपक्ष आज मोदी और भाजपा सरकार की भर्ती हुई लोकप्रियता को देखकर बौखला गई है लेकिन हमें पूरी उम्मीद है कि हमारी जनता अबकी बार मोदी जी के सपने को साकार कर 400 से पर पुणे मोदी जी को भारत का प्रधानमंत्री बनाएगी कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदोरिया नरेंद्र राजपूत पूर्व जिला अध्यक्ष राहुल गुप्ता नगर पंचायत अध्यक्ष सॉरी जिला पंचायत सदस्य प्रमोद राजपूत तालग्राम ब्लॉक प्रमुख पुच्ची ठाकुर छिबरामऊ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बादाम सिंह पाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## भारतीय किसान यूनियन (बलराज गुट) ने धरना/प्रदर्शन/कर लिखित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा

**छिबरामऊ कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन (बलराज गुट) के तत्वाधान में तथाकथित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान छिबरामऊ जनपद कन्नौज के प्राचार्य एवं वरिष्ठ प्रवक्ता अलका शर्मा द्वारा बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार वरिष्ठ प्रवक्ता अलका शर्मा द्वारा डायट छिबरामऊ कन्नौज में समय से न आने, अध्यापक उपस्थिति रजिस्टर में साइन न करने, बिना शिक्षा संस्थान में जाए हुए। सैलरी लेने सरकारी धन का दुरुपयोग करने जिसकी शिकायत ज्ञापन के माध्यम से उच्च अधिकारियों को करने के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई न होने,प्राचार्य हरि सिंह शक्ति द्वारा निरंतर वरिष्ठ प्रवक्ता अलका शर्मा को बचाने का प्रयास करने अन्य स्थानीय समस्याओं को लेकर सन्तोष पाठक मीडिया प्रभारी/प्रभारी उ0प्र0 भारतीय किसान यूनियन ( बलराज गुट) के बजे सौरीख तिराहा छिबरामऊ पर एकत्र हो कर किसान रैली के रूप में प्रस्थान कर सौरिख छिबरामऊ मार्ग होते हुए पर तहसील छिबरामऊ पहुंच कर उपजिलाधिकारी छिबरामऊ कार्यालय के सामने दरी बिछा कर अनिश्चित कालीन धरना/प्रदर्शन प्रारंभ कर दिया गया है उप जिलाधिकारी को लिखित ज्ञापन सौपा धरना प्रदर्शन के लिए भारतीय किसान यूनियन बलराज के कार्यकर्ता सौरिख तिराह पर एकत्रित होकर दर्जनों वाहन सैकड़ो दो पहिया वाहन के साथ हजारों किसान तहसील परिसर में नारेबाजी करते हुए पहुंचे उप जिला अधिकारी को लिखित ज्ञापन सोपा इस मौके पर प्रदेश मीडिया प्रभारी संतोष पाठकप्रदेश कोषाध्यक्ष जयकिशन प्रदेश उपाध्यक्ष पिंटू यादव प्रदेश सचिव विजेंद्र सिंह यादव प्रदेश महामंत्री गौरव यादव जिला अध्यक्ष चौधरी प्रताप सिंह समस्त जिला अध्यक्ष फर्रुखाबाद कुलदीप यादव समस्त टीम के साथ मैनपुरी अरुण पाठक जिला उपाध्यक्ष आज सैकड़ो किसान नेता मौजूद रहे।

# पुलिस ने विभिन्न बैंकों में चलाया चेकिंग अभियान



**▸ कोतवाल नें बैंक अधिकारियों से ली सुरक्षा के संबंध में जानकारी**

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

**उच्चाधिकारियों के** निर्देशन में कोतवाली पुलिस द्वारा नगर की बैंकों में चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें प्रभारी निरीक्षक द्वारा बैंकों में संदिग्ध व्यक्तियों की खोजबीन करते हुए मौजूद लोगों से बैंक में आने का कारण पूछा। इसके बाद अधिकारियों से बैंक की सुरक्षा के संबंध में जानकारी ली। सोमवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा ने दल बल के साथ नगर की जीटी रोड स्थित बैंक ऑफइंडिया, तिर्वा रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक, आर्यावर्त ग्रामीण बैंक, सब्जी मंडी स्थित पंजाब नेशनल बैंक, नगर के मोहल्ला रामगंज स्थित भारतीय स्टेट बैंक एसएमई शाखा एवं बैंक ऑफ बड़ौदा में पहुंचकर संदिग्ध व्यक्तियों की खोजबीन करते हुए मौजूद लोगों से संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना देने सहित साइबर क्राइम से बचने के उपाय बताएं। इसके बाद प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा ने बैंक अधिकारियों से वार्ता कर बैंक की सीसीटीवी, अलार्म सहित आगंतुक रजिस्टर का निरीक्षण कर सुरक्षा के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान कस्बा प्रभारी रोविन सिंह सहित कांस्टेवल अमन ठाकुर, विनय कुमार, विनीत चौधरी, दीपांशु, कौशल, प्रियंका आदि मौजूद रहे।

# मोबाइल की मदद व्यापार में करें वृद्धि: मुन्नी देवी

**▸ पालिकाध्यक्षा व वरिष्ठ समाजसेवी नें किया प्रतिष्ठान का उद्घाटन**

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

**तकनीकि युग** में आगे बढनें के लिये मोबाइल बेहद जरूरी हैं। मोबाइल का प्रयोग करके कोसों दूर रहनें बाले रिस्तेदारों से वीडियों कॉल कर आमने सामनें देख और बात कर सकते हैं। कहा कि नवनीत मोबाईल के प्रतिष्ठान में मोबाइल से संबन्धित भी प्रकार की एसेसरीज उपलब्ध होगीं। कहा कि नागरिकों को गुणवत्ता परक उत्पाद उपलब्ध कराना व्यापारी का दायित्व है। यह बात सोमवार को नगर के तिर्वारोड बीएमपी स्कूल के सामनें स्थित नवीन प्रतिष्ठान नवनीत मोबाइल का फीता काटकर उद्घाटन करने के उपरांत पालिकाध्यक्षा मुन्नी गुप्ता ने कही। वहीं वरिष्ठ समाज सेवी अशोक गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में तकनीकि युग है। जिसमें युवा मोबाइल तकनीकि का प्रयोग कर अपा बौद्धिक विकास भी कर सकते हैं। इससे पूर्व कार्यक्रम के आयोजक रामपाल गुप्ता, सभासद प्रतिनिधि धर्मेंद्र गुप्ता, नवनीत गुप्ता ने अतिथियों को फूल मालायें पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा नेता संजीव गुप्ता उर्फ संजू, अनुराग गुप्ता, अंकित श्रीवास्तव, सभासद परमजीत, भूरा कठेरिया सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



प्रतिष्ठान का फीता काटकर उद्घाटन करतीं पालिकाध्यक्षा व समाजसेवी

# 24 घंटे में समस्याओं का निस्तारण न हुआ तो भाकियू देगा अनिश्चितकालीन धरना





अमृतपुर, समृद्धि न्यूज

**भारतीय किसान** यूनियन टिकैट गुट के द्वारा शिकायतों का निस्तारण न होने के संबंध में उप जिलाधिकारी को लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया। जिसमें उप जिलाधिकारी को चेताया गया कि अगर 24 घंटे के अंदर उनकी शिकायतों का निस्तारण न हुआ तो 13 फरवरी को तहसील प्रांगण में अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। जिसका जिम्मेदार स्वयं प्रशासन होगा। भारतीय किसान यूनियन टिकैट गुट के पदाधिकारियों ने अमृतपुर तहसील पहुंचकर तहसील के प्रांगण में धरना प्रदर्शन किया तथा उसके बाद जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने उपजिलाअधिकारी को अवगत कराया कि दिनांक 10 फरवरी एवं 11 फरवरी को ग्राम कमालुद्दीनपुर में राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति में पैमाइश की गई थी। उपरोक्त गलत पैमाइश को लेकर तीन प्रार्थना पत्र दिए जा चुके हैं। उनके बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने उपजिलाधिकारी से मांग की है कि 24 घंटे के अंदर उपरोक्त प्रार्थना पत्र का निस्तारण कर दिया जाए। निस्तारण उपरोक्त समय में न होने की स्थिति में 13 फरवरी को भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के पदाधिकारियों द्वारा तहसील प्रांगण में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

**भण्डाफोड़** | पुलिस की छापामार कार्यवाही में असलहा बनाते एक हिस्ट्रीशीटर को दबोचा, एक फरार

# एसओजी व कोतवाली पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का किया भण्डाफोड़

**▸ भारी मात्रा में बने-अधबने असलाह और असलाह बनाने वाले उपकरणों को किया बरामद**

कन्नौज, समृद्धि न्यूज



**एसओजी** व सदर कोतवाली पुलिस ने संयुक्त रुप से कार्यवाही कर एक अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भण्डाफोड़ कर दिया। इस दौरान पुलिस ने एक शख्स को गिरफ्तार कर लिया वहीं उसका एक साथी पुलिस टीम को चकमा देकर भाग गया। पुलिस टीम ने यहां से 21 अवैध असलहा और असलाह बनाने वाले उपकरण बरामद किए हैं। सोमवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने पुलिस लाइन सभागार में पत्राकारों के समक्ष आरोपी को पेश करते हुए मामले का खुलासा किया है। सोमवार को पुलिस लाइन सभागार में आयोजित हुई प्रेस कान्फ्रेन्स में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि सदर कोतवाली प्रभारी विष्णुकांत तिवारी और एसओजी प्रभारी कमल भाटी ने टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर फूलपुर गांव के बाहर बने सरकारी ट्यूबवेल के पास छापामार कार्यवाही की। यहां अवैध शस्त्र फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा था। छापामार कार्यवाही के दौरान पुलिस टीमों ने यहां से एक शख्स को पकड़ लिया, जबकि यहां मौजूद दूसरा शख्स पुलिस को चकमा देकर भाग निकला। एसपी ने बताया कि पकड़ा गया शख्स कोतवाली गुरसहायंगज क्षेत्र के समधन के ग्राम गौरीनवादा निवासी राशिद खान है, जोकि हिस्ट्रीशीटर है। एसपी ने बताया कि इस अवैध शस्त्र फैक्ट्री में राशिद का काम में साथ देने वाले जनपद हरदोई के ग्राम पुन्नापुरवा निवासी रामदास राजपूत पुलिस टीम को चकमा देकर भाग निकला, जिसकी पुलिस तलाश में जुट गई है, जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने मौके से 21 अवैध असलाह और भारी मात्रा में असलाह बनाने वाले उपकरण भी बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि हिस्ट्रीशीटर राशिद खान ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि वह लगभग 5-6 सालों से अवैध शस्त्र फैक्ट्री चला रहा है। वह यहा से बनाए गये तमंचे को 4 हजार रुपए में व बन्दूक को 12 हजार रुपए में बेच देता है। बताया कि इस अवैध काम से वह अपनी संपत्ति बनाने का काम कर रहा था। एसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपी राशिद के खिलाफ विधिक कार्यवाही कर जेल भेजा जाएगा। वहीं एसपी ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भण्डाफोड़ करने वाली एसओजी व कोतवाली पुलिस टीम की पीठ थपथपाते हुए जमकर प्रशंसा की है।

## प्रेम सम्बन्ध में बाधा बनने पर युवक ने की थी बुजुर्ग देशराज की हत्या

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**थाना ठठिया** क्षेत्र के ग्राम जयसुखपुरवा में दो दिन पूर्व 70 वर्षीय वृद्ध किसान की हत्या के मामले के नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया है। आरोपी युवक ने पुलिस हिरासत में बताया कि प्रेम प्रंसग में बाधा बनने पर वृद्ध की हत्या को अंजाम देकर उसे बोरवेल में फेंक दिया था। बता दें कि विगत दो दिन पूर्व ठठिया थाना क्षेत्र के ग्राम जयसुखपुरवा निवासी 70 वर्षीय वृद्ध देशराज का शव गांव के बाहर एक बोरवेल में पड़ा मिला था। देशराज के सिर पर चोटों के निशान और गले में गमछा कसा हुआ था और शव को घसीट कर बोरवेल में डाले जाने के निशान जमीन पर मिले थे। जिसको देखकर हत्या कर शव को बोरवेल में फेंके जाने की आंशका जताई गई थी। वहीं मृतक देशराज के पुत्र बृजेश ने गांव निवासी युवक रोशन उर्फ विकास पर हत्या करने का संदेह जताते हुए पुलिस को तहरीर दी थी।

# बाइक से टकराकर ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, दो की मौत, तीस घायल

- ट्रैक्टर-ट्राली पर सवार होकर मकनपुर मेले में जा रहे थे लोग
- जिलाधिकारी व एसपी ने पहुंचकर घायलों के लिए हालचाल

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

**बाइक सवार** को टक्कर मार ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गयी। जिससे बाइक सवार सहित ट्राली में बैठी लगभग 30 सवारियां घायल हो गयीं। उन्हें उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद लगभग डेढ़ दर्जन लोगों को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जहां डाक्टर ने दो को मृत घोषित कर दिया।

पड़ोसी जनपद शाहजहाँपुर के मिर्जापुर इस्लामनगर निवासी बाबू पुत्र गरीब उम्र करीब 40 वर्ष अपने ट्रैक्टर-ट्राली में लगभग 35 सवारियों को लेकर मकनपुर के मेले में जा रहा था। जब उसका ट्रैक्टर थाना शमसाबाद के ग्राम वलीपुर भगवंत के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रही बाइक से ट्रैक्टर की भिड़ंत हो गयी। जिससे ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गयी। ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार 18 वर्षीय अर्जुन पुत्र हरपाल व 8 वर्षीय नैतिक पुत्र सूरज निवासी तेराजाकेट कन्नौज घायल हो गये। दोनों घायल बाइक सवारों को 108 एम्बुलेंस के ईएमटी मुकेश ने लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं ट्रैक्टर पलटने से चालक बाबू के साथ उसकी पत्नी 40 वर्षीय कल्लो, थाना मऊदरवाजा के कटरी धर्मपुर निवासी 65 वर्षीय अजीजन, शाहजहाँपुर के मिर्जापुर इस्माइल नगर निवासी 35 वर्षीय खजाना पत्नी रियाजुद्दीन, 60 वर्षीय खातून पत्नी असगर, 60 वर्षीय नजमा पत्नी सौना, रिजाजुद्दीन का 04 वर्षीय पुत्र सलमान, 19 वर्षीय शर्मील पुत्र रिजाजुद्दीन, 30 वर्षीय नानुका पुत्र शब्बीर, 22 वर्षीय सइना पत्नी शानू, सलीम का 2 वर्षीय पुत्र जमशेद, 35 वर्षीय अजीयन पुत्र बाबुद्दीन, 60 वर्षीय लटूरी पुत्र छोटे को लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया। जहाँ ईएमओ डॉ0 वैभव यादव ने अजीयन और लटूरी को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह, एसपी विकास कुमार, अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अवनींद्र सिंह आदि लोहिया अस्पताल पहुंचे और मरीजों के हालचाल लेकर घायलों की बेहतर चिकित्सा व्यवस्था के निर्देश दिये।



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण — समृद्धि न्यूज



लोहिया अस्पताल में घायल महिला के हालचाल लेते डीएम व एसपी

# चोरी में वांछित दो अभियुक्तों को पुलिस ने दबोचा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**कोतवाली मोहम्मदाबाद** पुलिस ने चोरी के मुकदमे में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार दिनांक 8 फरवरी को अज्ञात अभियुक्तगणों द्वारा पीड़ित धर्मवीर पुत्र स्व0 मनीराम निवासी ग्राम तेरा सकवाई कोतवाली मोहम्मदाबाद के घर का ताला व खिड़की तोड़कर घर में रखा सामान जैसे 05 पीतल की परात व 02 भगौना पीतल व 8 टंकी पीतल आदि चोरी कर लेने के सम्बध में दिनांक 10 फरवरी को पीड़ित उपरोक्त की तहरीर पर पुलिस ने मु0अ0सं0 22/2024 धारा 457, 380 भादवि बनाम अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत कराया गया था। कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस द्वारा दिनांक 12 फरवरी को घटना का अनावरण करते हुए 02 अभियुक्तगण अनिल बाल्मीकि पुत्र कल्लू वाल्मीकि, विजय पाल बाल्मीकि पुत्र रामसनेही बाल्मीकि निवासीगण ग्राम तेरा कोतवाली मोहम्मदाबाद को चोरी के माल सहित गिरफ्तार कर लिया। अभियोग उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी की गयी है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 05 पीतल की थाल पुरानी, 04 थाली पीतल पुरानी, 01 परात पीतल पुरानी, 01 चमचा पीतल पुराना, 01 बड़ा व 01 छोटा लोटा पीतल पुराना, 01 बेला पीतल पुराना, 01 भगौना पीतल पुराना बरामद किया है। अभियुक्त अनिल बाल्मीकि पर दो मुकदमे तथा अभियुक्त विजयपाल पर दो मुकदमे थाना कोतवाली मोहम्मदाबाद में पंजीकृत हैं। इस मौके पर प्र0नि0 मनोज कुमार भाटी, उ0नि0 सूर्यप्रकाश उपाध्याय, का0 गुलाम गौस, का0 अनीश कुमार मौजूद रहे।



पुलिस हिरासत में अभियुक्त — समृद्धि न्यूज

# सिपाही की हत्या करने वाले अभियुक्त को दस वर्ष का कारावास व एक लाख का जुर्माना

- 31 वर्ष पूर्व बस लूट के दौरान बदमाशों ने दो सिपाहियों को मारी थी गोली
- अन्य आरोपियों की हो चुकी है मौत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**बस में** लूटपाट कर रहे बदमाशों का विरोध करने पर दो पुलिस कर्मियों को बदमाशों ने गोली मार दी थी। जिसमें एक सिपाही की मौके पर ही मौत हो गई थी। विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट अपर जिला एवं शस्त्र न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने अभियुक्त रामऔतार को धारा 396 के आरोप में दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास व एक लाख रुपये के अर्थदंड की सजा से दंडित किया। जुर्माना अदा न करने पर एक वर्ष के अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। 6 अप्रैल 1993 में साहूकार सिंह ने थाना नयागांव जनपद एटा ने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की थी। जिसमें दर्शाया था कि मैं मुकदमे के संदर्भ में एटा से पैरवी करके वापस नया गांव बस संख्या यूएमडी/9331 से आ रहा था। बस को चालक अवधेश चल रहा था। इस बस में तमाम सवारियां बैठी थी। जैसे ही नयागांव बॉर्डर पर बस पहुंची, तभी गांव के सिपाही भानूप्रताप शर्मा, रामकिशन यादव मय राइफल के बस में चढ़ गए। जो नया गांव की तरफ अंतिम बस लेकर गए थे। समय करीब 7:30 पर जैसे ही बस नगला झौंत मौजा बिछौली थाना मेरापुर के पास पहुंची। गांव से पहले ही मास्टर रामदास निवासी झौंत द्वारा रोका और उसमे बैठा लिया, तभी गाड़ी में लगभग 100-150 कदम आगे ही चल पाई थी, रामनाथ यादव पुत्र मटरु लाल के मकान के पास 5-6 आदमी खड़े थे। जिन्होंने बस को रोकने को कहा। जिस पर ड्राइवर से मास्टर रामदास ने कहा कि चलो गाड़ी मत रोको शराबी लोग हैं, तभी ड्राइवर ने गाड़ी कुछ आगे बढ़ा दी। उनमें से एक आदमी गाड़ी पर चढ़ गया और ड्राइवर को गालियां देते हुए अपने हाथ में तमंचा निकालकर धमकाया कि गाड़ी आगे बढ़ाई तो गोली मार दूंगा। ड्राइवर डर गया और उसने गाड़ी रोक दी। हाथों में तमंचा देख सिपाही ने अपनी जान की परवाह न करते हुए बदमाश को पकड़ने की कोशिश की, तभी उसके दो साथी बदमाश तमंचा निकालकर बस में चढ़ आये और सवारियों को धमकी दी कि कोई भी अपनी जगह हिला तो गोली मार देंगे। इस दौरान सिपाहियों से मारपीट होने लगी। दोनों सिपाही पर बदमाश लिपट गए और बस के नीचे उतार ले गए। बदमाशों ने दोनों सिपाहियों के तमंचे से गोली मार दी। जिसके एक सिपाही भानूप्रताप शर्मा मौके पर ही मौत हो गई। दूसरा गंभीर घायल हो गया। घटना के समय बस में बैठे नगपाल पुत्र राज बहादुर सिंह, शकूरे सिंह पुत्र रुप सिंह निवासी खरसुलिया थाना नयागांव व अन्य सवारी चालक परिचालक ने पूरी घटना देखी। परिचालक के कहने पर ड्राइवर गाड़ी भाग ले गया। उसी घटना में बदमाश कुंवर पाल यादव निवासी नौली थाना मेरापुर, रामविलास यादव निवासी लोह बनिया थाना मऊदरवाजा, राधे यादव निवासी नया नगला नवाबगंज की पहचान कर ली गई। कई लोग ज्ञात नाम पते बताए गए। मुकदमे के दौरान धनीराम उर्फ बरुआ, राधे पुत्र रघुवीर यादव, रामविलास पुत्र बादाम सिंह यादव की मृत्यु हो चुकी है। शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट अपर जिला एवं शस्त्र न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने अभियुक्त रामऔतार को धारा 396 के आरोप में दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास व एक लाख रुपये के अर्थदंड की सजा से दंडित किया। जुर्माना अदा न करने पर एक वर्ष के अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वहीं धारा 412 के आरोप से दोष मुक्त कर दिया।

# बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर लाखों का जेवरात चोरी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बन्द पड़े मकान का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों का माल पार कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव नरैनामऊ निवासी टिंकू उर्फ रंजीत श्रीवास्तव पुत्र गनेश श्रीवास्तव परिवार सहित दिल्ली में रहते हैं। घर में ताला बन्द रहता है। इसी का फायदा उठाकर चोर मकान के मुख्य गेट का ताला तोड़कर घर में दाखिल हो गये। इसके बाद वहां रखे बक्से में रखे सोने का हार, मंगल सूत्र, सोने की अगूठी, चाँदी की पायल सहित लगभग 10 लाख का सामान चोर चुरा ले गये। घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने जॉच पड़ताल की। ग्रामीणो की चर्चा के अनुसार किसी जानकार ने चोरी की घटना को अन्जाम दिया है। बताते चलें कि कायमगंज क्षेत्र में आये दिन हो रहीं चोरियों से ग्रामीणों की नींद उड़ी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस गश्त के नाम पर खानापूर्ति करती है, तभी चोरी की घटनाओं में इजाफा हो रहा है। जिससे ग्रामीणों में पुलिस के प्रति रोष है।



जांच पड़ताल करती पुलिस

# खबरें चलते-चलते

## लुईस खुर्शीद को न्यायालय से मिली जमानत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद की ओर से अपने अधिवक्ता के माध्यम से एमपी/एमएलए कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की। जिसे अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्ञानेन्द्र कुमार जमानत प्रार्थना पत्र को स्वीकार किया तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट ने यह भी आदेश दिया कि अभियुक्ता लुईस खुर्शीद द्वारा 20 हजार धनराशि का स्वयं का बंध पत्र एवं समान धनराशि के दो प्रतिभूपत्र निष्पादित करने पर उक्त मामले में जमानत पर रिहा किया जाता है। अभियुक्ता लुईस खुर्शीद के अधिवक्ता की ओर से धारा 43, 46 के मामले में जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। अभियुक्ता उपरोक्त आत्मसमर्पण कर न्यायिक अभिरक्षा में है। अभियुक्ता की ओर से कथन किया गया कि उक्त प्रकरण में रंजिशन झूठा फंसाया गया है। उपरोक्त अपराध जमानतीय अपराध है। वह एक वृद्ध महिला और कई बीमारियों से ग्रसित है। अभियुक्ता द्वारा गवाहों को प्रभावित किये जाने की कोई आशंका नहीं है। सहायक अभियोजन अधिकारी द्वारा पृष्ठांकन किया गया कि लुईस खुर्शीद के विरुद्ध भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवाशर्ते विनियम) अधि0 1996 एवं तत्सम्बन्धी उ0प्र0 नियमावली 2009 की धारा 43,46 नियम 45 का उल्लंघन किया गया है। अपराध जमानतीय है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्ञानेन्द्र कुमार जमानत प्रार्थना पत्र को स्वीकार किया तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट ने यह भी आदेश दिया कि अभियुक्ता लुईस खुर्शीद द्वारा 20 हजार धनराशि का स्वयं का बंध पत्र एवं समान धनराशि के दो प्रतिभूपत्र निष्पादित करने पर उक्त मामले में जमानत पर रिहा किया जाता है।

## रंगदारी मांगने के मामले में बब्बन की रिमांड मंजूर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रंगदारी मांगने के मामले में मोहम्मदाबाद ब्लाक प्रमुख अमित दुबे उर्फ बब्बन की मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दण्डाधिकारी ने 14 दिन की रिमाण्ड मंजूर कर दी है। बसपा नेता हाजी फजल मंसूरी पुत्र सलीम मंसूरी निवासी भूसा मण्डी फतेहगढ़ ने 28 मार्च 2023 को रंगदारी मांगने व मांग पूरी न होने पर जानमाल की धमकी देने के मामले में अमित दुबे उर्फ बब्बन व शवा खान, हैदर अली के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। इसी मामले में पुलिस ने रिमाण्ड पर लेने के लिए न्यायालय में प्रार्थना पत्र दायर किया था। जिसे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दण्डाधिकारी ने स्वीकार करते हुए अमित दुबे उर्फ बब्बन की 14 दिन की रिमाण्ड मंजूर कर दी है। अमित दुबे इस समय जनपद हरदोई के जिला कारागार में निरुद्ध है।

## माघ मेला रामनगरिया में डीएम, एसपी के कैंप कार्यालय में लगी आग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** माघ मेला रामनगरिया में डीएम, एसपी के कैंप कार्यालय में अचानक आग लग गयी। जिससे हड़कंप मच गये। इस दौरान कपड़े और गद्दे जल गये। मेला क्षेत्र में अस्थाई रूप से डीएम व एसपी का कार्यालय बनाया गया है। जिसके विश्राम कक्ष में सोमवार को शॉर्ट सर्किट से आग लग गयी। जिससे मेला क्षेत्र में हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि आग ने विकराल रुप नहीं ले पाया। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। सरकारी कार्यालय के कर्मियों समेत फायर बिग्रेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया।

## बाइक चोरी की दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव करनपुर बांसमई निवासी राजबहादुर पुत्र गंगाराम जाटव ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 1 फरवरी को वह अपने परिजनों के साथ घर के बरामदे में सोया था, तभी रात में किसी समय अज्ञात चोरों ने उसकी बाइक यू.पी.76एएल8292 रंग काला जो कि घर के बरामद में खड़ी थी, चोरी कर ली। पीड़ित जब सुबह उठा तो बाइक न देखकर वह हैरान रह गया। उसने बाइक की काफी खोजबीन की, लेकिन बाइक नही मिली। उसने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

# सीएमओ को लोहिया के निरीक्षण में दवाओं पर नहीं लगी मिली एक्सपायरी चिट

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**मुख्य चिकित्साधिकारी** डॉ अवनींद्र कुमार ने आवास विकास स्थित डॉ राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने डॉक्टर के कक्षों का निरीक्षण करने के साथ ही एनआरसी वार्ड का भी निरीक्षण किया। जहां पर उन्हें 10 बच्चे भर्ती मिले और व्यवस्थाएं दुरुस्त मिलीं। डॉक्टर को समय से ड्यूटी करने के निर्देश दिए। इसके बाद रसोई घर का निरीक्षण किया। जहां पर उन्होंने दाल और सामग्री देखी। साथ ही रसोईया से बात कर बेहतर भोजन बनाने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने दवा स्टोर रूम का निरीक्षण किया। उन्हें रजिस्टर मेंटेन नहीं मिला और दवाओं की लगाई गई चिट पर एक्सपायरी डेट नहीं मिली। जिस पर उन्होंने स्टोर इंचार्ज फार्मासिस्ट अरविंद प्रजापति से नाराजगी जताई। उन्हें अस्पताल में अंधेरा मिला। एक जगह पर वह अंधेरे की वजह से गिरते गिरते बचे। अंधेरा मिलने पर जनरेटर रूम पहुंचे और वहां पर जनरेटर ऑपरेटर को जमकर हड़काया। साथ ही दो ड्रम में करीब 200 लीटर डीजल भरा हुआ मिला। जिसके संबंध में जनरेटर ऑपरेटर ने कहा कि महिला अस्पताल का है। जिस पर महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ0 कैलाश दुल्हानी से पूछा तो उन्होंने बताया कि यह मेरा नहीं है। सीएमओ ने बताया कि अस्पताल में सुधार हो रहा है। अस्पताल में अंधेरा मिलने पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश देने की बात कही है। जनरेटर रूम में रखे 200 लीटर डीजल के संबंध में पूछे जाने पर कहा कि जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# शादी समारोह में खाने को लेकर घराती व बाराती में चलीं कुर्सियां

- पुलिस ने कराया समझौता, बगैर दुल्हन लिये बाराती बैरंग लौटे

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

**शादी समारोह** में खाने को लेकर दुल्हन पक्ष और दूल्हा पक्ष आपस में भिड़ गये। इस दौरान जमकर मारपीट व कुर्सियां चलीं। जिससे दोनों तरफ से कई लोग घायल हो गये। बिना विवाह किये बारात बैरंग लौट आयी।

जानकारी के अनुसार जनपद कासगंज के थाना सहाबर के गांव सरोठी निवासी सुनील सिंह के पुत्र शिवम की शादी शमशाबाद नगर पंचायत के मोहल्ला चौहट्टा निवासी तोलाराम के लड़की सुधा के साथ तय हुई थी। बीती रात सुनील बारात लेकर आया। बारात थाना चौराहे से बैंड बाजे के साथ गुमटी महादेव मंदिर जाने के लिए चली, तभी रास्ते में बारातियों ने बैंड वालों से झगड़ा शुरू कर दिया। बारात गाजे बाजे के साथ गुमटी महादेव मंदिर में पहुंची। वहीं पर जयमाला कार्यक्रम और खाना कार्यक्रम होना था। खाने में तंदूर की रोटी को लेकर बाराती और घरातियों में विवाद हो गया। जिसमें दुल्हन के भाई और दूल्हा के भाइयों में मारपीट होने लगी। दोनों तरफ से लगभग एक घंटा तक मारपीट हुई। मारपीट में लगभग 50 कुर्सी टेंट वाले की भी टूट गई। मारपीट में दुल्हन पक्ष से घायलो में दुल्हन के भाई अनिल कुमार, सुशील कुमार, सुधीर कुमार और दुल्हन के पिता तुलाराम भी घायल हो गए। दूल्हे की तरफ से दूल्हे का भाई सौरभ और चचेरे भाई जानू, शोभित और सचिन, आकाश, नितिन गंभीर रूप से घायल हो गए। दूल्हा शिवम के पिता सुनील ने आरोप लगाया की बहनोई रविंद्र के बैग में रखे 2 लाख रूपये और सोने की जंजीर आरोपियों ने छीन ली। रात में सूचना थाना पुलिस को दी। पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और दोनों पक्ष को थाने लाई और दूल्हा बिना बताए कहीं चला गया। दूल्हे के पिता ने बताया दूल्हा अभी तक घर नहीं पहुंचा। पूर्व चेयर मैन विजय गुप्ता सुबह दुल्हन की पिता की सूचना पर थाने पहुंचे। थानाध्यक्ष ने बताया दोनों पक्षों में समझौता हो गया है। एक दूसरे के पैसे और जेवरात वापस कर दिए गए हैं। रुपए और चेन छीनने का आरोप निराधार है।



पांडाल में टूटी पड़ी कुर्सी व बिखरा सामान — समृद्धि न्यूज

# शातिर अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कमालगंज, समृद्धि न्यूज

**थाना कमालगंज** पुलिस ने मु0अ0सं0-15/24 धारा-379, 411 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त शेखर पुत्र बारजादी बंगाली निवासी शांतापुरी कलॉनी थाना कासगंज जनपद कासगंज को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार रोहित कुमार पुत्र फूल सिंह निवासी भगवती आईटीआई बीएचईएल, हाल पता अर्जुन कोल्ड स्टोरेज जहानगंज मार्ग थाना कमालगंज के बैग से 45 हजार रुपये चोरी कर लेने के सम्बन्ध में पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना कमालगंज पर मु0अ0सं0-15/24 धारा-379 भादवि पंजीकृत किया गया था। आज थाना कमालगंज पुलिस ने उपरोक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से नकद 35000/- रुपये बरामद किये। अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 15/24 धारा 379 भादवि थाना कमालगंज, मु0अ0स0 409/2020 धारा 120बी, 379 भादवि थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर, मु0अ0सं0 421/2020 धारा 120बी व 379, 411 भादवि थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर, मु0अ0सं0 466/2020 धारा 307/34 भादवि थाना रमाचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर, मु0अ0सं0 278/2023 धारा 379, 411 भादवि थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर, मु0अ0सं0 939/2017 धारा 22/8 स्वापक औषधि और मन प्रभारी पदार्थ अधिनियम थाना सिकन्दराराऊ जनपद हाथरस पंजीकृत हैं। गिरफ्तार के दौरान प्रभारी निरीक्षक राजेश राय समेत आधा दर्जन पुलिसकर्मी शामिल रहे।



पुलिस हिरासत में आरोपी — समृद्धि न्यूज

चुनावी रंजिश — मार्ग खस्ताहाल होने से नहीं हो रहीं युवाओं की शादियां

# चुनावी रंजिश की भेंट चढ़ा गांव जयसिंहपुर का विकास, गांव में नहीं हैं सड़कें

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

**योगी सरकार** जहां अब गांवों को एक आदर्श गांव बनाने की बात कर रही है और पक्की गलियां, हर घर नल योजना सहित तमाम योजनाएं चला रही है, तो वहीं जनपद फर्रुखाबाद के विकास खंड नवाबगंज की ग्राम पंचायत रमापुर दबीर का मजरा जयसिंहपुर अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। ग्रामीण पवन कुमार, जबर सिंह , ध्रुव आदि ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी ग्राम प्रधान रमापुर दबीर की निवासी विनीता देवी है । ग्रामीणों के अनुसार प्रधान घोषित होने के बाद अभी तक उनके गांव में कोई भी विकास कार्य चुनावी रंजिश की वजह से नहीं कराए गए हैं। जिससे अब गांव की प्रत्येक गली तालाब में तब्दील होती जा रही है और ग्रामीणों का गलियों से निकलना दूभर होता जा रहा है। जब इस संबंध में ग्राम पंचायत में तैनात सचिव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जब मैं प्रधान व उनके पति से जयसिंहपुर में विकास कार्य करवाने की बात कहते हूँ, तो प्रधान अनसुनी कर देते हैं। उनका कहना है कि शायद चुनावी रंजिश की वजह से गांव में कोई भी विकास कार्य नहीं कराया जा रहा है। हालांकि वह प्रयासरत है और जल्द ही गांव की गलियों को दुरुस्त कराएंगे। वहीं जब इस संबंध में प्रधान पति से बात की गई तो उन्होंने कहा कि विकास कार्य के लिए कोई भी पैसा सरकार की तरफ से नहीं आ रहा है, तो वह क्या अपनी जेब से विकास कराएंगे। आपको बता दें कि इस ग्राम पंचायत में अमानक तरीके से प्रधान के परिवार से ही पंचायत सहायक की भी तैनाती हो गई। सेक्रेटरी धर्मेंद्र ने बताया कि पंचायत सहायक कहीं बाहर रहता है, कभी वह आता ही नहीं है। इस कारण भी यह ग्राम पंचायत विकास कार्यों में पीछे है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में लगभग 2 वर्षों से सफाई कर्मी भी नहीं आ रहा है। जानकारी देते हुए कुछ ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम प्रधान पति ने सफाई कर्मी को भी गांव में आने से रोक दिया है। जिससे अब पूरे गांव की गलियां तालाब मे तब्दील हैं और किसी भी गली से आप पैदल अथवा वाहन से नहीं निकल सकते हैं। रुधे गले से वृद्ध ग्रामीण जबर सिंह ने बताया कि कई वर्षों से गलियां खस्ताहाल होने से अब उनके गांव में युवाओं की शादियां भी नहीं हो रही हैं। उन्होंने बताया कि उनके गांव में जब रिश्ते वाले आते हैं, तो गांव की गलियां तालाब में तब्दील देखकर चुपचाप चले जाते हैं। कोई भी अपनी बेटी का हाथ उनके गांव के युवाओं को देने को तैयार नहीं है। ग्रामीणों ने एक स्वर में अपने गांव की पक्की गलियां बनवाए जाने की मांग उच्चाधिकारियों से की है।



जानकारी देते ग्रामीण — समृद्धि न्यूज

# जीएसटी के नोटिसों के विरोध में व्यापारियों ने प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**नगर उद्योग** व्यापार मंडल मिश्रा गुट द्वारा प्रधानमंत्री सम्बोधित ज्ञापन सांसद के न मिलने पर उनके पुत्र को उनके निवास पर सौंपा।

प्रधानमंत्री को सम्बोधित जीएसटी विभाग द्वारा वर्ष 17 व 18 व 18 व 19 में गलत जारी किए जा रहे नोटिसों के विरोध में नगर अध्यक्ष हाजी मो0 इखलाक खान व नगर महामंत्री राकेश कुमार सक्सेना व नगर युवा अध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव के नेतृत्व में सांसद मुकेश राजपूत के पुत्र अंकित राजपूत को ज्ञापन सौंपा। यूपी जीएसटी द्वारा वर्ष 2017,18,19 कह सुनवाई जारी किये नोटिसों के बारे में समाधान करने की मांग की गई है। ज्ञापन में मांग की गई कि केंद्र सरकार द्वारा एमएसएमई लघु एवं सूक्ष्म इकाईयों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए आयकर अधिनियम 43बी में संसोधन करते हुए उसकी 43बी(एच) के द्वारा एमएसएमई से जुड़ी इकाईयों को 15 दिन के भीतर भुगतान करने की व्यवस्था अनिवार्य की गई है। जिसका पालन कर पाना संभव नहीं है। एमएसएमई की जुड़ी जो सूक्ष्म इकाईयां है उनको अपने माल का विक्रय करने के लिए बड़ी बड़ी इकाईयों से प्रतिस्पर्धा करनी पड़ती है और माल को बेंचने के लिए व्यापारियों को अतिरिक्त सुविधायें मुहैया करानी पड़ती है। जिससे समयावधि की सीमा के साथ-साथ माल वापसी तक अनुबंध करना पड़ता है। तब उनसे माल खरीदता है। एमएसएमई से खरीदने वाले व्यापारियों को उस माल की बिक्री को उधार में करना पड़ता है। उस कारण भुगतान आने पर ही लघु इकाईयों को भुगतान कर पाता है। ऐसे में 15 दिन और अनुबंध की स्थिति में 45 दिन से अनिवार्य रुप से भुगतान करना अनिवार्य है। जिसका व्यापारी पालन कर पाना व खरीददार व्यापारी के लिए संभव नहीं है। ऐसे व्यापार प्रभावित होगा। इस मौके पर मो0 इखलाक खान, राकेश कुमार सक्सेना, अंकुर श्रीवास्तव, सरदार जगदीप सिंह, सर्वेंद्र सिंह, पुनीत दुबे उर्फ बॉबी दुबे, योगेंद्र प्रकाश आर्य, डॉ0 महेंद्र श्रीवास्तव, शाहिद अंसारी, राजू भारद्वाज, कुलभूषण श्रीवास्तव, आफताब अंसारी, लईक सिद्दीकी, सोनी शुक्ला, अनिता शर्मा, गोपाल सक्सेना, सत्यवीर पाल, सुनील पाल, अंजू सलमानी, मोनू मिश्रा, सानू तिवारी, प्रशांत पांडेय, रवि गुप्ता, शानू तिवारी, रितेश दीक्षित, अवधेश श्रीवास्तव, सचिन शर्मा, विनोद दीक्षित, मो0 नफीस, शान मोहम्मद, आशीष वर्मा, सौरभ सक्सेना, किरन सिंह, अल्पी शर्मा आदि मौजूद रहे।



सांसद के पुत्र को ज्ञापन सौंपते व्यापारी — समृद्धि न्यूज

# गंगा समग्र द्वारा सांस्कृतिक पाण्डाल में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**मेला श्री** रामनगरिया पंचालघाट पर गंगा समग्र के द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम में छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें सरस्वती बालिका विद्या मंदिर सेनापत के द्वारा सर पर हिमालय गीत पर प्रस्तुति दी गईए एवं गंगा एवं धरती संरक्षण पर छात्राओं द्वारा बहुत ही सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर महंत श्री ईश्वरदास जी महाराजए श्री रामानुज महाराज व विभिन्न संत समाज उपस्थित रहेएएवं प्रांतीय संयोजक राजेश त्रिपाठी व और भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता पूर्व संघ संचालक श्री विरेन्द्र मिश्राए डॉण्शिवाशीष जीए बालिका विद्या मंदिर की प्राचार्या रागिनी मिश्रा जीए विंदू श्रीमाली, अर्चना मिश्रा, ज्ञानेंद्र सिंह, सौरभ शुक्लाएसौरभ मिश्रा, स्वेता दुबे, मोहन अवस्थी, जगदीश प्रसाद वर्मा, स्वदेश दुबे, गंगा समग्र के जिला संयोजक आदित्य दीक्षित, जिला शिक्षण प्रमुख विपिन अवस्थी संस्थापक जीवीए ग्रुप, रवि मिश्रा संयोजक नमामि गंगे, राहुल वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे। जीवीए अकेडमी एंड कंप्यूटर इंस्टिट्यूट के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में जीवीए ग्रुप के संस्थापक विपिन अवस्थी के द्वारा कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाली छात्र छात्राओं को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया एवं बालिका विद्यालय की शिक्षक व अतिथियों को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र पांडे एवं संदीप आर्य ने किया।



कार्यक्रम में सम्मानित होते बच्चे व अन्य

## खबरें एक नजर में

### विद्यार्थी हिन्दी की राइटिंग पर विशेष ध्यान दें: महेश पाल सिंह



हिन्दी प्रवक्ता महेश पाल सिंह उपकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** हाईस्कूल में विद्यार्थी हिन्दी की राइटिंग पर विशेष ध्यान दें। बोर्ड परीक्षा में हिन्दी राइटिंग का महत्व बहुत होता है। विद्यार्थी सभी प्रश्नों को पढ़ें और हल करते समय संबंधित प्रश्नों के उत्तर लिखे। प्रश्न संबंधित हेडिंग के आधार पर परीक्षा में अच्छे अंक मिलते है। इस बार ऑब्जेक्टिव प्रश्न 20 अंक के आयेंगे। जो उन्हें ओएमआर सीट पर हल करना है। भाग एक खण्ड अ में बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प होंगे। जिनमें एक सही विकल्प को ही ओएमआर सीट में काला गोलदारा करना है। इसी प्रकार से 20 प्रश्न हल करने हैं। साथ ही 50 अंक का प्रश्न पत्र अलग होगा। उन प्रश्नो को उत्तर पुस्तिका पर लिखना है। विकास खण्ड राजेपुर ग्राम भरखा जनता भारतीय इंटर कालेज के हिन्दी प्रवक्ता महेश पाल सिंह उपकारी ने यूपी बोर्ड परीक्षा के विषय में बताया कि हिन्दी में अच्छे प्राप्त करने के लिए स्वच्छ सुंदर लेख के आलवा विद्यार्थियों को चाहिए कि वह सबसे पहले सरल प्रश्नों को हल करें। जैसे कंठ श्लोक लिखना तथा व्याकरण संबंधित प्रश्न इनमें पूरे अंक मिलते हैं। खण्ड अ में हिन्दी गद्य व उसके विकास, हिन्दी पद्य व उसके विकास, हिन्दी व्याकरण शब्द व रचना के प्रश्न होते हैं। खण्ड ब में गद्य तथा पद्य खण्ड की व्याख्या संबंधित तीन प्रश्नों के उत्तर हल करने होते हैं। गद्य व पद्य हेतु निर्धारण संस्कृत गद्यांश तथा पद्य का हिन्दी अनुवाद, निबंध एवं रचना लिखने को आती हैं। प्रश्न नंबर 3 खण्ड स हिन्दी गद्य के लेखकों तथा पद्य के कवियों का जीवन परिचय एवं रचनायें लिखना होती हैं। ये तीन-तीन नंबर के प्रश्न होते हैं। जीवनी में रामचंद्र शुक्ल, जयशंकर प्रसाद, महादेवी वर्मा के जीवन परिचय महत्वपूर्ण है। रचना इन्हीं लेखकों की लिखने को आती है तथा काव्य में कवि सूरदास, तुलसीदास तथा मीराबाई की रचना बोर्ड परीक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

### यूपी बोर्ड परीक्षा केंद्रों के लिए सात शिक्षकों की लगायी गई ड्यूटी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह ने यूपी बोर्ड परीक्षा केंद्रों पर कक्ष निरीक्षकों के परिषद के निर्धारित पोर्टल से डाउनलोड किये गये फोटोयुक्त परिचय पत्रों को प्रतिहस्ताक्षरीकरण हेतु प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज फतेहगढ़ को जनपदीय नोडल प्रभारी रुप में अधिकृत किया गया है। 9 फरवरी को जनपदीय नोडल प्रभारी के रुप में जिला विद्यालय निरीक्षक ने शिक्षक-शिक्षिकाओं को तत्काल ड्यूटी लगाकर उन्हे कार्यमुक्त करते हुए योगदान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। नोडल अधिकारी प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज फतेहगढ़ के निर्देशन में होगा। जिसमें पंडित दीन दयाल राजकीय मॉडल इंटर कालेज कनकापुर राजेपुर के प्रवक्ता केडी तिवारी, राजकीय मॉडल कनकापुर के प्रवक्ता विवेक कुमार, राजकीय मॉडल कनकापुर के प्रवक्ता राहुल कुमार, जीजीआईसी फतेहगढ़ की अर्चना गुप्ता, जीजीआईसी फतेहगढ़ की दीप्ती सिंह, जीजीआईसी फतेहगढ़ की आरती यादव, जीजीआईसी फतेहगढ़ की नीरज कश्यप सहित सात शिक्षकों की ड्यूटी लगायी गई है।

### कायमगंज में रोजगार मेला आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क के तत्वाधान में विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन 13 फरवरी को शिवाला भवन गंगा दरवाजा कायमगंज में होगा। जिसमें 23 कम्पनिया प्रतिभाग करेगी। 1200 रिक्त पदों की भर्ती होगी। इच्छुक अभ्यार्थी अपने दस्तावेजों के साथ सुबह 10 बजे पहुंचे। यह जानकारी नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने दी है।

### थानेदार साहब मेरा ब्याह करा दो, नहीं तो मैं आत्महत्या कर लूंगी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थानेदार साहब मेरा ब्याह करा दो, नहीं तो मैं आत्महत्या कर लूंगी। युवती की ऐसी बातों को सुनकर पुलिस ने युवती के परिजनों को सूचना दी। समाचार लिखे जाने तक युवती थाने में ही बैठी थी। जनपद एटा की कोतवाली सदर के गांव नरौरी निवासी खुशबू पुत्री राजू कश्यप जो कि अपने ननिहाल नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव सादिकपुर में रह रही थी, तभी उसका प्रेम प्रसंग सादिकपुर निवासी गुलशन पुत्र रामनाथ कश्यप के साथ हो गया। जिसकी जानकारी ननिहाल पक्ष तथा युवती के परिजनों को हुई, तो वह बीते दिन युवती को अपने साथ अपने घर ले गये, तभी मौका पाकर रास्ते से युवती किसी तरह निकल आई और नवाबगंज थाने पहुंची और थानाध्यक्ष से गुलशन पुत्र रामनाथ कश्यप से शादी कराने की बात कहने लगी। उसने यहां तक कह दिया कि या तो उसकी शादी करा दो, नहीं तो वह आत्महत्या कर लेगी। जिस पर पुलिस ने उससे पूछताछ कर उनके परिजनों को सूचना दी। समाचार लिखे जाने तक परिजन थाने नही पहुंचे थे और युवती थाने में ही बैठी थी। थाना पुलिस के मुताबिक युवती की उम्र कुछ कम है। इसलिए वह शादी नहीं करा सकते हैं। परिजनों को सूचना दी गई है। जब वह आएंगे, तो उनके सामने मामला रखा जाएगा।

# प्रा.वि. पंचम नगरिया में वार्षिकोत्सव व अभिभावक गोष्ठी का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**विकास खण्ड** मोहम्मदाबाद के प्राथमिक विद्यालय पंचम नगरिया में राज्य परियोजना के निर्देशानुसार वार्षिकोत्सव एवं अभिभावक-अध्यापक बैठक का आयोजन खण्ड शिक्षाधिकारी भारती शाक्य की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। दौड़ प्रतियोगिता के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। बच्चों ने खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। दौड़ प्रतियोगिता व खेलकूद प्रतियोगिता एआरपी मनीष अवस्थी व नोडल संकुल अभिषेक यादव की देखरेख में सम्पन्न हुई। कविता, वाचन व बच्चों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। खण्ड शिक्षाधिकारी भारती शाक्य द्वारा कक्षा 1, 2, 3 के विद्यार्थियों को बैज लगाकर तथा पारितोषक देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने पाल्यो को विद्यालय गणवेश में नित्य भेजे। पुरुष अभिभावक एवं महिला अभिभावक को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संदीप यादव तथा नोडल संकुल अभिषेक यादव द्वारा अभिभावकों को सम्मानित किया गया। विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका पल्लवी सिंह तथा सहायक अध्यापिका सबनम द्वारा महिला अभिभावको को माल्या पहनाकर सम्मानित किया गया। एआरपी मनीष अवस्थी द्वारा अभिभावकों को मोबाइल में निपुण लक्ष्य ऐप डाउनलोड कराकर उसके उपयोग के बारे में विस्तृत से चर्चा की गई। प्रधानाध्यापिका पल्लवी सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन महेन्द्र सिंह ने किया। इस मौके पर विद्यालय के कर्मचारी व रसुइयां मौजूद रही।



कार्यक्रम में मौजूद बच्चे व अभिभावक — समृद्धि न्यूज

# कांग्रेसियों ने चाइनीज मांझा पर प्रतिबंध लगाने की डीएम से की मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**युवा कांग्रेस** के जिलाध्यक्ष अम्मार अली जैदी के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि बसंत पंचमी का पर्व नजदीक है। चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध लगाया जाये। बच्चे पतंग उड़ाते है और त्योहार को हुल्लास पूर्वक मनाते है। इस त्योहार पर कोई अनहोनी न हो, इसलिए चाइनीज मांझा पर प्रतिबंध लगाया जाये। चाइनीज मांझा से लोग घायल हो जाते है और दुर्घटनाये घटित होती है। जिससे परिवार के लोग आहत होते है। साथ ही चाइनीज मांझा बेंचने वाले दुकानदारों पर सख्त कार्यवाही की जाये। इस मौके पर अंकुर मिश्रा, अर्जुन शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



डीएम को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी

# किस-डे: चलो संग मिलकर प्यार की गलियां घूम लेते हैं...

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** वेलेन्टाइन-के वीक सप्ताह के सातवें दिन किस-डे मनाया जाता है। किस-डे के खास अवसर पर आप भी अपने पार्टनर को खूबसूरत शायरी भेजकर प्यार का इजहार कर सकते हैं। किस-डे 13 फरवरी को मनाया जाता है। इस दिन लोग अपने पार्टनर के प्रति स्नेह जताकर रिश्ते को पक्का कर देते हैं। वैसे तो किस कई तरह के होते हैं और हर एक किस का इस दिन अपना महत्व होता है। इस खास दिन के मौके पर पार्टनर को किस कर या मोबाइल के जरिये शायरी भेजकर खुश कर सकते हैं। एक शायर ने किस डे पर शायरी प्रस्तुत करते हुए इस दिवस को कुछ तरह मनाया- चूम लूं तेरे ओठों को दिल की यह ख्वाहिश है। बात ये मेरी नहीं दिल की फरमाइश है, मुझे बाहों में बिखर जाने दो, अपनी मुश्कब्र सांसों से महक जाने दो। दिल मचलता है और सांसें रुकती हैं अब अपने होठों को मुझे छू लेने दो। न जाने कब वो हसीन रात होगी, जब उनकी निगाहें हमारी निगाहों के साथ होंगी। बैठे हैं हम उस रात के इंतजार में जब उनके होठों की सुर्खियां हमारे होठों के साथ होगी। चलो संघ मिलकर प्यार की गलियां घूम लेते है। प्यार का इजहार तो कर लिया। अब एक दूसरे को चूम लेते हैं।

यह शायरी किस-डे पर बिल्कुल सटीक बैठती है। कुछ लोग इसी विदेशी कल्चर भी कहते हैं। मगर प्यार करने का तरीका अपना-अपना होता और पर्व मनाने के लिए अपना-अपना अंदाज होता है। कुछ सनातनी एवं हिन्दूवादी नेता इस पर्व का डटकर विरोध करते हैं। बस किसी-डे को मनाने के लिए अश्लीलता न प्रयोग की जाये, यह पर्व का सही मायने हैं।

# अविद्या समस्त दुखों का मूल कारण : चन्द्रदेव शास्त्री

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**आर्य प्रतिनिधि** सभा के तत्वावधान में मेला श्रीरामनगरिया में चल रहे वैदिक क्षेत्र में चरित्र निर्माण शिविर में सोमवार को ऋषि दयानन्द के 200 वर्ष पूर्ण होने पर प्रातःकाल विशाल महायज्ञ किया गया। आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने बताया कि ऋषि दयानन्द सरस्वती की जन्म जयन्ती है। ऋषि दयानन्द का जन्म 12 फरवरी 1824 को गुजरात की धरती टंकारा में हुआ था। ऋषि दयानन्द दो उद्देश्य लेकर घर से निकले थे, एक सच्चे शिव की खोज दूसरा मृत्यु पर विजय प्राप्त करने के लिए। महर्षि दयानन्द सरस्वती इन्हीं दो उद्देश्यों को लेकर गुरुवर विरजानन्द दंडी के पास मथुरा पहुंचे। प्रज्ञाचक्षु विरजानन्द ने पूंछा तुम कौन हो, इसके उत्तर में ऋषि दयानन्द कहते हैं मैं यही तो जानने के लिए आया हूं कि मैं कौन हूं। इतना उत्तर सुनकर विरजानन्द ने दरवाजे को खोला। इतिहास के मनीषियों ने लिखा कि जिस समय दयानन्द के लिए गुरुवर विरजानन्द ने गुरुकुल का दरवाजा खोला वो दरवाजा केवल दयानन्द के लिए ही नहीं खुला था, अपितु भारतवर्ष के सौभाग्य का दरवाजा खोल दिया था। समस्त दुखों का मूल कारण अविद्या है। संसार के लोग अविद्यान्धकार को दूरकर दुखों से बच जाएं, इसी उद्देश्य को लेकर ऋषि दयानन्द ने नारा दिया- वेदों की ओर लौटो। भारतवर्ष की आजादी के लिए सर्वप्रथम स्वराज्य उद्घोष ऋषि दयानन्द ने ही किया था। उदिता आर्या ने अगर न आते दयानन्द न मिलता हमें किनारा। कैसा ये सौभाग्य है हमारा तुम्हारा।। भजन से सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पं0 शिवनारायण आर्य, पं0 अनिलदत्त नादान, पं0 रामवीर आर्य आदि ने प्रभु भक्ति, राष्ट्र भक्ति, ऋषि महिमा भजनों से लोगों को सत्य धर्म पर चलने की प्रेरणा दी। सन्दीप आर्य ने सभा का संचालन किया। इस मौके पर उत्कर्ष आर्य, उदयराज आर्य, हरिओम शास्त्री, आचार्य महावीर शास्त्री, शिशुपाल आर्य, संजीत आर्य, रत्नेश द्विवेदी, उपासना कटियार आदि उपस्थित रहे।




प्रवचन करते आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री — समृद्धि न्यूज

# भाकियू ने समस्याओं को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**भारतीय किसान** यूनियन श्रमिक जन शक्ति ने आठ सूत्रीय कलेक्ट्रट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि ग्राम विलाह में लेखपाल सुधांशु अवस्थी द्वारा धनपाल पुत्र बहोरन सिंह भदौरिया की फसल दबंगई के बल पर अवैध रुप से खेत में रास्ता निकालने हेतु जुतवाई गई है। एसडीएम से शिकायत करने के बावजूद भी कार्यवाही नहीं हुई है। आवारा पशुओं के कारण किसान की फसलों का नुकसान हो रहा है। कस्बों व शहरों में आवारा गौवंश घूम रहे है। गौवंशों को अभियान चलाकर पकड़वाया जाये। बिजली कर्मचारियों द्वारा अवैध रुप से कनेक्शन काटे जा रहे है। संविदा कर्मचारियों को लगाने के नाम पर वसूली करते है। तथा किसानों से अभद्रता से बात करते है। किसानों के कनेक्शन को न काटा जाये। किसानों की मक्का बुआई का समय है। डिस्ट्रीब्यूटर काला बजारी कर रहे है। दुकानदारों को बीज समय पर नहीं मिल पा रहा है। दुकानदार मनमाने ढंग से बीज बेंच रहे है। ग्रीन आटो में पुलिस की मिलीभगत से सवारियां बैठायी जा रही है। चेकिंग अभियान चलाया जाये। किसानों का आलू कोल्ड स्टोरेज में जाने हेतु तैयार है। अभी तक कोल्ड मालिकों ने गोल्ड के बाहर किराये की लिस्ट नहीं लगायी है। अवैध वसूली रोकी जाये। किसानों को अपने घर 5-10 ट्राली मिट्टी उठाने पर खनन की श्रेणी में न लिया जाये, आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर गुरुवचन सिंह, दीपक शर्मा, संजीव सिंह, दिनेश कुमार, महेन्द्र सिंह, सत्यवान झा, बृजेश सिंह, सुरेन्द्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते किसान नेता — समृद्धि न्यूज

# शिक्षकों-कर्मचारियों के अवशेष एरियर भुगतान के लिए डीएम को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि शिक्षा निकेतन लखनऊ के पत्रांक द्वारा 13 दिसम्बर को 2 लाख रुपये की सीमा तक शिक्षकों एवं कर्मचारियों के अवशेष भुगतान का अधिकार जिला विद्यालय निरीक्षक को दिया गया है। जिला विद्यालय एवं वित्त लेखाधिकारी द्वारा इस आदेश का पालन न करके चयन बोर्ड से चयनित शिक्षकों को वेतनमान प्रोन्नति, वेतनमान एसीपी आदि का अवशेष भुगतान नहीं कर रहे है, जो अवैधानिक है। जिस कारण शिक्षक-कर्मचारियों में निराशा एवं रोष है। शिक्षकों-कर्मचारियों का अवशेष बिल डीआईओएस कार्यालय में सैकड़ों की संख्या में जमा है। इस संबंध में जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे व नरेन्द्र पाल सोलंकी द्वारा प्रतिनिधि मण्डलीय शिक्षा निदेश को पत्र लिखकर मांग की थी कि जिसे संयुक्त शिक्षा निदेशक ने पांच फरवरी को अवशेष भुगतान करने के लिए जिला विद्यालय व वित्त लेखाधिकारी को निर्देशित किया था। साथ ही शिक्षक कर्मचारियों के प्रकरण लंबित मांगे है। चयन वेतन मांग का स्वीकृत हो जाने के बाद भी नहीं मिला है। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा उनके वेतन निरधारण पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किये जा रहे है। जिसके कारण अध्यापकों को वेतनमान में बढ़ी हुई धनराशि प्राप्त नहीं हो रही है। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा शासनादेश का उल्लंघन है। लंबित समस्याओं का शीघ्र निस्तारण हो। इस संबंध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

# अहमदाबाद में नेशनल डिस्ट्रिक जूनियर प्रतियोगिता में भाग लेंगे खिलाड़ी

- खिलाड़ियों को ट्रैक सूट किये गये वितरित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**19वीं** नेशनल डिस्ट्रिक जूनियर प्रतियोगिता अहमदाबाद गुजरात में 16 से 18 फरवरी तक सम्पन्न होगी। जिसमें जनपद में खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। नेशनल खेलने वाली टीम फर्रुखाबाद से रवाना होगी। जिसके तहत सोमवार को भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने खिलाड़ियों को किटे वितरित की। ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्पोर्ट्स स्टेडियम में स्पोर्ट्स फाउंडेशन से सभी अंडर-14 व अंडर 16 के खिलाड़ियों तथा टीम मैनेजर के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा किटे वितरित की गई। मुख्य अतिथि रुपेश गुप्ता ने खिलाड़ियों का उत्सावर्धन किया। विशिष्ट अतिथि सभासद रानू शुक्ला ने ट्रैक सूट वितरित किये। इस मौके पर टीम मैनेजर जितेन्द्र कुमार, लवी राठौर मौजूद रहे। साथ ही टीम का कप्तान वर्धान राठौर को बनाया गया। इस मौके पर अमित कुमार, योगेश शुक्ला, अजय प्रताप, जय प्रकाश सिंह, अर्जुन, मोनिका राठौर, महेश उपाध्याय आदि लोग मौजूद रहे।



किटों के साथ खिलाड़ी

# विभिन्न दलों के लोगों ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**सोमवार को** जनपद की चारों विधानसभाओं में विधानसभा मिलन कार्यक्रम के तहत सपा, बसपा और कांग्रेस के सैकड़ो समर्थकों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। चारों विधानसभा में अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित हुए। विधानसभा स्तर पर कार्यक्रमों में विभिन्न दलों के नेताओं को भाजपा की सदस्यता दिलायी गई। पार्टी कार्यालय आवास विकास पर जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने अन्य दलों के नेताओं को सदस्यता दिलाते हुए कहा कि भाजपा सरकार की स्पष्ट नीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली से सभी प्रभावित है। केंद्र की सरकार ने गरीब कल्याण के लिए ऐतिहासिक कार्य किया हैं इसलिए अन्य राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रियता बढ़ रही है हर वर्ग का व्यक्ति बीजेपी से जुड़ना चाहता है इसीलिए पार्टी ने तय किया है अन्य राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता जो भाजपा की नीति से उत्साहित होकर भाजपा में शामिल होना चाहते हैं उनके लिए विधानसभा स्तर पर विधानसभा मिलन कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। आदित्य मिश्रा, भूदेव राजपूत, हिमांशु गुप्ता, संजीव गुप्ता, अभिषेक बाथम, ममता सक्सेना, शिवांग रस्तोगी, मीरा सिंह, पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष विकास पाण्डेय व राजकुमार वर्मा, शेर सिंह शाक्य आदि मौजूद रहे। अमृतपुर विधानसभा के नवाबगंज में एक गेस्ट हाउस में सांसद मुकेश राजपूत ने पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष राजीव चतुर्वेदी सहित 70 लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलायी। मुकेश राजपूत ने कहा भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है, इसलिए स्पष्ट नीति और नियत से जनता में भाजपा के प्रति विश्वास बड़ा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन दिया है। इस मौके पर पूर्व विधायक अमर सिंह खटिक, विजय गुप्ता, कमल भारद्वाज, छत्रपाल सिंह मौजूद रहे। कायमगंज विधानसभा का कार्यक्रम अग्रवाल धर्मशाला में हुआ। कम्पिल की पूर्व चेयरमैन उमाशंकर सहित लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली। अजय धाकरे ने भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर मिथिलेश अग्रवाल, अरुण दुबे, अमरदीप दीक्षित, चेतन तिवारी, सत्यवर्धन सिंह राठौर, मनोज गंगवार, रामलखन राजपूत मौजूद रहे। भोजपुर विधानसभा में 100 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली। दिनेश कटियार, वीरेन्द्र सिंह राठौर ने सदस्यता दिलायी। इस मौके पर गोपाल राठौर, रामप्रकाश राठौर, अरविन्द कटियार मौजूद रहे।



भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते अन्य दलों के लोग

# जयपुर-दिल्ली के बीच जल्द बनेगा देश का पहला ई-हाइवे : नितिन गडकरी

एजेंसी

**उदयपुर।** केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को राजस्थान में विभिन्न सड़क परियोजनाओं की सौगात देते हुए ऐलान किया है कि जयपुर-दिल्ली के बीच शीघ्र इलेक्ट्रिक हाईवे बनेगा। दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस-वे के साथ ही यह इलेक्ट्रिक हाई-वे एक नई लेन पर बनाया जाएगा। जयपुर से दिल्ली के बीच देश में ई-हाइवे का यह पहला प्रयोग होगा।

गडकरी आज उदयपुर में महाराणा प्रताप हवाई अड्डे के समीप एक निजी रिसोर्ट में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में



▶ राजस्थान में 2500 करोड़ रुपये की 17 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया

गडकरी ने राजस्थान में 2500 करोड़ रुपये लागत की 17 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

गडकरी ने कहा कि उन्होंने पानी में उतरने वाले हवाई जहाज की संकल्पना की थी और साबरमती में साकार किया। राजस्थान पर्यटन शहर है और यहां झीलें भी हैं। यहां भी पर्यटन की दृष्टि से पानी में भी उतर सकने वाले हवाई जहाज चलाने पर विचार किया जा सकता है। एयरपोर्ट के साथ रिवर पोर्ट पर भी विचार किया जा सकता है। उन्होंने अमेरिका के पहले राष्ट्रपति जॉन एफ. कैनेडी के कहे गए वाक्य का उदाहरण देते हुए कहा कि जहां भी रोड नेटवर्क विकसित होता है, वहां नया शहर बसता है।

उन्होंने उदयपुर के नए बाईपास को लेकर कहा कि इससे उदयपुर में एक्सपोर्ट की सुविधा बढ़ेगी, जिससे उद्योगों को लाभ होगा और नए रोजगार सृजित होंगे। गडकरी ने यह भी कहा कि हम रोड नेटवर्क बना रहे हैं लेकिन इसके साथ हमें फ्यूल ट्रांसफ़ॉर्मेशन पर भी सोचना होगा। पेट्रोल-डीजल से हटकर बायो फ्यूल व वैकल्पिक फ्यूल की तरफ बढ़ना होगा। उन्होंने ई-हाइवे की अवधारणा पर कहा कि सड़क के ऊपर से गुजरती इलेक्ट्रिक लाइन से तीन बसों जितनी लम्बी बस जुड़ी होगी। इन बसों का सफर यात्रियों हवाई जहाज के सफर का अहसास कराएगा। इसका किराया भी तुलनात्मक रूप से कम होगा। गडकरी ने कार्यक्रम में चित्तौड़गढ़-उदयपुर खंड के सिक्स लेन निर्माण, ब्यावर-आसींद खंड के दो लेन पेव्ड शोल्डर निर्माण, आसींद-मांडल खंड के 2 लेन पेव्ड शोल्डर निर्माण, ब्यावर-गोमती खंड बाघाना से मादा की बस्सी 4 लेन निर्माण, भंवरासिया से मोडी-कुराबड़ सड़क एमडीआर-150 के चौड़ीकरण का लोकार्पण किया।

# कैथल में पंजाब की सभी सीमाएं सील, 15 जगह पुलिस तैनात

एजेंसी

▶ संगतपुरा बॉर्डर पर सीसीटीवी, आईजी ने किया बॉर्डर का दौरा

**कैथल।** हरियाणा व पंजाब के किसान संगठनों के 13 फरवरी के दिल्ली कूच के आह्वान के बाद कैथल की पुलिस 2 दिन से अलर्ट मोड पर है। गुहला चीका में पुलिस व अर्धसैनिक बलों की 15 कंपनियों का तैनात किया गया है। सोमवार को कैथल से गुहला चीका होकर पंजाब जाने वाले रास्तों को पूरी तरह से सील कर दिया गया है।

कैथल से पंजाब जाने वाली बस सेवाओं को बंद कर दिया गया है। पुलिस इलाकों पर बैरिकेट्स लगाकर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, ताकि नाकों पर जबरदस्ती करने वालों की पहचान की जा सके। पुलिस प्रशासन ने कैथल के पुलिस लाइन में अस्थायी जेल भी बना दी है। शनिवार को डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने सभी बॉर्डर व नाकों दौरा किया था। वहीं सोमवार को आईजी सतेंद्र कुमार गुप्ता ने पंजाब सीमा से लगते नाकों का दौरा किया और एडीसी सी जया श्रद्धा ने अधिकारियों की बैठक लेकर दिशा निर्देश दिए। कैथल जिला में 3 दिन से धारा 144 पहले से ही लागू है। दूसरी तरफ हरियाणा व पंजाब के करीब 23 किसान संगठन दिल्ली कूच पर अड़े हैं। उनका कहना है जब तक सरकार उनकी मांगों को मानकर संवैधानिक तौर पर उसकी घोषणा नहीं करती। 13 फरवरी को होने वाला आंदोलन किसी हालत में नहीं रुकेगा। सोमवार को पंजाब जाने वाले रास्तों को ब्लॉक कर पुलिस प्रशासन ने संगतपुरा बॉर्डर पर 3 सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं, ताकि बॉर्डर को तोड़कर जबरदस्ती करने वाले लोगों पर नजर रखी जा सके। कैथल से लगते पंजाब के 15 रास्ते व बॉर्डर को सील कर सीमेंट के ब्लॉक, बैरिकेड्स व कंटेनर रखे गए हैं, ताकि किसानों को आगे बढ़ने से रोका जा सके।

## खबरें एक नजर में

### मोदी सरकार श्वेत पत्र जारी कर छिपा रही विफलताएं : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार ने श्वेत पत्र जारी कर अपनी विफलताओं को छुपाने की कोशिश की है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले दिनों मोदी सरकार एक फर्जी श्वेत पत्र लेकर आई थी। विडंबना ये है कि मोदी सरकार अपना रिपोर्ट कार्ड नहीं दिखा रही बल्कि 10 साल पहले की सरकार का लेखा-जोखा लेकर आई है। सुप्रिया ने कहा कि वह मोदी सरकार को खुली चुनौती देती हैं कि वे अपने बनाए मानक पर कांग्रेस और भाजपा सरकार के 10 साल के आंकड़े रखकर देख लें। इससे सच सामने आ जाएगा। श्रीनेत ने कहा कि मोदी सरकार के श्वेत पत्र पर वित्त मंत्रालय से साजिशन वैधता ली गई, जिसमें वित्त मंत्रालय के अफसरों को खुद के किए गए कामों को नकारना पड़ा। हालांकि इन साजिशों के बावजूद यूपीए के 10 वर्षों की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर, भाजपा सरकार के 10 वर्षों से कहीं अधिक थी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में जीडीपी ग्रोथ रेट 06 फीसदी से नीचे आ गई। लोगों की आय घटी, उपभोग घटा, बेरोजगारी बढ़ी, निवेश घटा, महंगाई बढ़ी और बचत खत्म हो गई। सुप्रिया ने कहा कि देश पर कर्ज बढ़ा है। रुपया की वैल्यू कम हुई है।

### पंजाब के राज्यपाल का पाक सीमावर्ती क्षेत्रों में 20-23 तक

**चंडीगढ़।** पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित 20 से 23 फरवरी तक पाकिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा करेंगे। यह छठी बार होगा जब वह पिछले ढाई वर्षों में सीमावर्ती क्षेत्रों के दौरे पर होंगे। राजभवन से सोमवार को जानकारी दी गई कि राज्यपाल पाकिस्तान की सीमा से लगे जिलों पठानकोट, गुरुदासपुर, अमृतसर, तरनतारन, फिरोजपुर और फाजिल्का में जाएंगे। वह इस यात्रा में पिछले दौरों के बाद हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे। साथ ही हाल के दिनों में सामने आए किसी भी नए मुद्दे के समाधान के लिए केंद्रीय एजेंसियों और राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ बैठकें करेंगे। इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के बीच बाधाओं को दूर करने के लिए समन्वय बढ़ाना है। बैठकों में विशेष रूप से सीमा बुनियादी ढांचे, सुरक्षा, तस्करी और सीमावर्ती क्षेत्रों में मादक पदार्थों की तस्करी के खतरे से निपटने पर फोकस किया जायेगा।

### हेमंत सोरेन के एक और करीबी के घर पर ईडी की रेड

**रांची।** झारखंड में ईडी सुपर एक्टिव मोड में है। ईडी ने अब झामुमो के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हेमंत सोरेन के करीबी अमितेश सहाय पर शिकंजा कसा है। दरअसल, झामुमो के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हेमंत सोरेन के करीबी अमितेश सहाय के गोविंदपुर स्थित जय टीएमटी (सरिया) प्लांट में ईडी की टीम छापामारी कर रही है। झामुमो नेता अमितेश सहाय हेमंत सोरेन के करीबी बताए जा रहे हैं। जमीन घोटाला, अवैध खनन प्रकरण में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत जांच के दौरान अमितेश सहाय का नाम सामने आया है। सुबह करीब साढ़े सात बजे ईडी की टीम प्लांट के अंदर पहुंची। पूरे प्लांट को सील कर छापेमारी कर रही है। किसी को न तो अंदर जाने और न ही बाहर निकलने दिया जा रहा है। गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन धनशोधन के मामले में 31 जनवरी की रात से ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गिरफ्त में हैं। गिरफ्तार होने से पहले हेमंत सोरेन ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। वहीं, 2 फरवरी को चंपई सोरेन ने मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी और 5 फरवरी को चंपई सरकार ने बहुमत हासिल की।

### गुरुग्राम की ग्राम पंचायतों को मिलेंगे इंटरनेट केबल कनेक्शन

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार की ओर से सभी ग्राम पंचायतों में बीएसएनएल के जरिए इंटरनेट केबल कनेक्शन पहुंचाए जाने के लिए कार्यवाही की जा रही है। ग्राम स्तर पर रोजगार दिए जाने व सरकार के अन्य कार्यक्रमों से जुड़ने में ये कनेक्शन काफी मददगार साबित होंगे। पंचायत प्रतिनिधि एवं सरकारी विभाग इस कार्य में बीएसएनल को पूरा सहयोग करें। गांवों में इंटरनेट केबल कनेक्शन दिए जाने के लिए अधिकारियों की आयोजित की गई ऑनलाईन मीटिंग को संबोधित करते हुए एडीसी हितेश कुमार मीणा ने ये निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि वन विभाग, जीएमडीए, गुरुग्राम व मानेसर नगर निगम, विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारी बीएसएनएल को सहयोग करेंगे।

### उपराष्ट्रपति आज करेंगे गुवाहाटी का दौरा

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मंगलवार को असम के गुवाहाटी का दौरा करेंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने सोमवार को बताया कि अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान धनखड़ 13 फरवरी को असम के सर्वोच्च राज्य नागरिक पुरस्कारों असम बैभव, असम सौरव और असम गौरव पुरस्कार प्रदान किए जाने के दौरान मुख्य अतिथि होंगे।

# राहुल को मजबूरी में ढोने का काम कर रहे कांग्रेसी : कौशल किशोर

एजेंसी

**अजमेर।** केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है। कांग्रेस में बड़े पैमाने पर लोग मजबूरी में राहुल गांधी को ढोने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस के नेता भी टूट कर अलग हट रहे हैं यह निष्क्रिय होकर चले जा रहे हैं। राहुल गांधी को मालूम ही नहीं कि उन्हें क्या करना और क्या बोलना और क्या कहना है।

केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर सोमवार को फॉयसागर रोड स्थित सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र-2 में आयोजित रोजगार मेले में मीडिया से बातचीत में ऐसा कह रहे थे। यहां उन्होंने 250 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस मौके पर अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी भी उनके साथ थे। केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने कहा- 250 के करीब युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गए हैं। देशभर में एक लाख से ज्यादा



युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। यह 12वां रोजगार मेला आयोजित किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि चुनाव से पहले 10 लाख लोगों को सरकारी नौकरी देंगे। आने वाले समय में बचे हुए युवाओं को नियुक्ति पत्र देकर 10 लाख लोगों को सरकारी नौकरी देने का संकल्प पूरा करेंगे। विपक्ष के द्वारा ईवीएम पर उठाए गए सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चंडीगढ़ में मेयर के हुए चुनाव में इस तरह की कोई बात नहीं हुई है। हालांकि इसकी जांच चल रही है। मेयर का चुनाव जो हुआ वह ईवीएम से नहीं हुआ था। विपक्ष जहां पर जीत जाए वहां ईवीएम ठीक है।

## केजरीवाल व भगवंत मान ने किए रामलला के दर्शन

**अयोध्या।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सोमवार को अयोध्या पहुंचे जहां दोनों नेताओं ने नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में भगवान श्री रामलला के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। मंदिर नगरी में आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं के इस दौरे से एक दिन पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उनकी सरकार के मंत्रियों और विधानमंडल के दोनों सदनों के 325 से अधिक सदस्यों ने रविवार को मंदिर में दर्शन किए थे जिसमें समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्य शामिल नहीं हुए थे। राम मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा, रामलला की पूजा-अर्चना करने के बाद मुझे एक अवर्णनीय शांति महसूस हुई। हर दिन लाखों भक्त यहां आते हैं और यह प्यार देखना वाकई दिल को छू लेने वाला है और लोग भक्ति करते हैं। मैंने सभी के कल्याण के लिए प्रार्थना की।

# महर्षि दयानंद के विचारों से समाज हुआ रूढ़ियों से मुक्त

▶ महर्षि के जन्मोत्सव समारोह को राष्ट्रपति ने किया संबोधित

एजेंसी

**मोरबी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने 19वीं सदी के भारतीय समाज में व्याप्त अंधविश्वासों और कुरीतियों को दूर करने का बीड़ा उठाया। उनके फैलाए गए ज्ञान के प्रकाश से अज्ञान का अंधेरा दूर हुआ और समाज को रूढ़ियों से छुटकारा मिला है। भारत-भूमि धन्य रही है, जिसने महर्षि दयानंद सरस्वती जैसी अद्भुत विभूतियों को जन्म दिया है। महर्षि ने समाज सुधार का बीड़ा उठाया और सत्य को सिद्ध करने के लिए सत्यार्थ प्रकाश नामक अमर ग्रंथ की रचना की।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को मोरबी जिले के टंकारा में आयोजित महर्षि दयानंद सरस्वती के 200वें जन्मोत्सव-ज्ञान ज्योति पर्व स्मरणोत्सव के समापन समारोह को संबोधित कर रही थीं। तीन दिवसीय समारोह का



आयोजन दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा, श्री महर्षि दयानंद सरस्वती स्मारक ट्रस्ट, टंकारा समेत समस्त आर्य संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

राष्ट्रपति ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पूरे देश के लिए ऐतिहासिक अवसर है। सत्यार्थ प्रकाश में दयानंद सरस्वती ने नमक कानून का विरोध किया था। उस ग्रंथ के प्रकाशन के 5 दशकों के बाद महात्मा गांधी ने नमक कानून का उल्लंघन किया। मुर्मू ने कहा कि देश की सोई आत्मा को जगाने, समाज को नैतिकता और समानता के आदर्शों से जोड़ने और देशवासियों को आत्म-गौरव का संचार करने में सौराष्ट्र की भूमि ने पूरे राष्ट्र को सही दिशा दिखाई है। उन्होंने कहा कि दयानंद सरस्वती नारी-शिक्षा और नारी-स्वाभिमान के प्रबल पक्षधर थे। इस मौके पर राष्ट्रपति मुर्मू ने गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत के प्राकृतिक खेती को लेकर चलाए जा रहे अभियान की सराहना की।

राष्ट्रपति ने कहा कि आर्य समाज छात्राओं के लिए कन्या स्कूल और उच्च शैक्षणिक संस्थाओं की स्थापना कर महिला सशक्तिकरण में योगदान दे रहा है। राष्ट्रपति ने आशा व्यक्त की कि दयानंद सरस्वती के 200वीं जयंती के आयोजनों के तहत अगामी दो साल तक आर्य समाज ने परिवार और सामाजिक समरसता, प्राकृतिक खेती और व्यसन मुक्ति जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया है।

# एसिडिटी और खट्टी डकार से राहत पाने के लिए अपनाएं घरेलू नुस्खे

कई बार हम भूख से ज्यादा खाना खाते हैं और ज्यादा तला-भुना व मसाले वाला खाना खाते हैं। या फिर खाना खाने के बाद एक जगह बैठ जाते हैं। जिसके कारण अपच की समस्या हो जाती है।

खाना खाने के बाद सभी लोग डकार लेते हैं। लेकिन कई बार खाना खाने के बाद खट्टी डकारें आने लगती हैं, जिसके कारण डिस्कम्फर्ट महसूस होने लगता है। आमतौर पर कई बार हम भूख से ज्यादा खाना खाते हैं और ज्यादा तला-भुना व मसाले वाला खाना खाते हैं। या फिर खाना खाने



के बाद एक जगह बैठ जाते हैं। जिसके कारण अपच की समस्या हो जाती है। इसके कारण बार-बार एसिडिक जूस मुंह में आता है। ऐसे में अगर आप इस समस्या से छुटकारा पाना चाहते हैं, तो इसके लिए कुछ घरेलू उपाय अपना सकते हैं। बता दें कि आपके किचन में मौजूद कुछ चीजें खट्टी डकार की समस्या को दूर कर सकते हैं।

## राहत पाने के उपाय

**सौंफ :** आपको बता दें कि खट्टी डकार से निपटने के लिए आप सौंफ के पानी का सेवन कर सकते हैं। सौंफ के पानी में फाइबर की भरपूर मात्रा पायी जाती है, जिससे पाचन दुरुस्त होती है। खट्टी डकार की समस्या से बचने के लिए 1 गिलास पानी में 1 चम्मच सौंफ डालकर इसको उबाल लें। फिर इस पानी के ठंडा होने पर इसको छन्नी से छानकर इसे पी लें।

**नींबू पानी और काला नमक :** नींबू पानी में काला नमक मिलाकर इसका सेवन करने से खट्टी डकार की समस्या से राहत पाया जा सकता है। इससे आपको राहत मिलेगी। क्योंकि नींबू में एसिटिक गुण पाया जाता है, जो खट्टी डकार की समस्या को दूर करने में सहायक होता है। वहीं पेट के पीएच स्तर को नींबू पानी कम करता है।

**काला नमक और भुना जीरा :** काला नमक और भुने जीरा का पाउडर खट्टी डकार में काफी फायदेमंद हो सकता है। जीरा और नमक पाचन क्रिया को दुरुस्त रखता है। इसमें बाउल मूवमेंट सही होता है। खट्टी डकार से राहत पाने के लिए एक चम्मच भुने जीरा पाउडर में आधा चम्मच काला नमक पानी में मिक्स कर पिएं।

**हींग :** हींग को पाचन के लिए काफी अच्छा माना जाता है। हींग खट्टी डकार में भी फायदेमंद माना जाता है। आप गुनगुने पानी से हींग का सेवन कर सकते हैं। बता दें कि एक चुटकी हींग को गर्म पानी के साथ पी लें। इससे आपको जल्द ही आराम मिलेगा। वहीं आप चाहें तो हींग को पानी में डालकर उसे उबालकर पी सकते हैं।

**अजवाइन :** अजवाइन भी खट्टी डकार से राहत देने का काम करता है। साथ ही यह डाइजेस्टिव जूस को भी बढ़ावा देता है और इसके सेवन से खाना ठीक से पच जाता है।

# भगवान महावीर ने दिखाया अहिंसा व सत्य का मार्ग : मोहन भागवत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत ने सोमवार को जैन तीर्थंकर भगवान महावीर को राष्ट्रीय चेतना का महत्वपूर्ण स्तंभ बताया। उन्होंने कहा कि उनका मार्गदर्शन भारत की निरंतर बहती ज्ञान परंपरा का हिस्सा है। यह ज्ञान हमें सबके प्रति सहिष्णुता, अहिंसा और सत्य का मार्ग दिखाता है।

डा. भागवत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दिल्ली प्रांत की ओर से सोमवार को भगवान महावीर स्वामी के 2550वें निर्वाण वर्ष पर दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कल्याणक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर संघ प्रमुख ने कहा कि भारतीय विचार सहिष्णुता का संदेश देता है। हमारा मानना है कि सत्य एक ही है लेकिन अलग अलग स्थानों पर होने की वजह से हमें उसका भान अलग प्रकार से होता है। ऐसे में हम अपने दृष्टिकोण को



ही सही कहें, उसके लिए दूसरों से लड़ें और न मानने पर उसे मार दें, सही नहीं है। संघ प्रमुख ने गांधीजी के कहे हुए वचनों को उद्धृत किया। उन्होंने कहा कि दुनिया में सबकी जरूरतें पूरा करने के लिए संसाधन मौजूद हैं लेकिन सबके लालच को पूरा करने के लिए संसाधन नहीं है। भारत का दर्शन वसुधैव कुटंबकम की बात करता है और सबको साथ लेकर सबकी जरूरतों को पूरा करने के लिए मिलकर काम करने का संदेश देता है। कार्यक्रम में जैन समाज के चारों पंथों के मुनिश्री और संघ के दिल्ली प्रांत के पदाधिकारी मौजूद थे। इस दौरान जैन मुनियों ने भी देश की एकता पर बल दिया।

## भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर के परिजनों ने प्रधानमंत्री से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** जननायक और बिहार के दिवंगत समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर के परिजनों ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वयं मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा करते हुए लिखा, भारत रत्न से सम्मानित जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के परिजनों से मिलकर बहुत खुशी हुई। कर्पूरी जी समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों के मसीहा रहे हैं, जिनका जीवन और आदर्श देशवासियों को निरंतर प्रेरित करता रहेगा। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति ने 23 जनवरी को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा की थी। कर्पूरी ठाकुर भारत के स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक, राजनेता तथा बिहार राज्य के दूसरे उपमुख्यमंत्री तथा दो बार मुख्यमंत्री थे। लोकप्रियता के कारण उन्हें जननायक कहा जाता है।

# शाहिद की फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया की बॉक्स ऑफिस पर धूम, दो दिन में कमाए 20 करोड़



**नई दिल्ली।** शाहिद कपूर और कृति सैनन अभिनीत फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया ने रिलीज होने के दो दिनों में वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 20.02 करोड़ रुपये की कमाई की है। प्रोडक्शन हाउस मैडॉक फिल्म्स ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर फिल्म की दो दिन की कमाई की जानकारी साझा की और लिखा इस पारिवारिक मनोरंजक फिल्म के लिए आपका पर्याप्त प्यार और समर्थन नहीं मिल सका। तुरंत अपने टिकट बुक करें। तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया फिल्म में शाहिद एक इंजीनियर आर्यन की भूमिका में हैं, जो सिफरा नामक रोबोट से शादी करने का फैसला करता है जिसकी भूमिका कृति द्वारा निभायी गई है। यह फिल्म अमित जोशी और आराधना शाह द्वारा लिखित और निर्देशित है। यह दोनों की पहली फिल्म है। इस फिल्म में अभिनेता धर्मेंद्र और डिंपल कपाड़िया ने भी अभिनय किया है।

# कयामत से कयामत तक के कलाकार करम व तृप्ति पहुंचे राजधानी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्यार के महीने में रोमांस फैलाते हुए कलर्स के कयामत से कयामत तक के कलाकार करम राजपाल और तृप्ति मिश्रा लखनऊ पहुंचे। हाल ही में लॉन्च किया गया यह शो उन तीन अलग-अलग प्रेम कहानियों में से एक है, जो चैनल के प्राइम टाइम स्लॉट पर रात 9:30 बजे से 11:00 बजे तक एक के बाद एक प्रसारित होती हैं, जिसने इसे एक भव्य रोमांटिंग महोत्सव बना दिया है।

प्यार के विभिन्न रंगों का जश्न मनाते हुए, कलर्स ने अपने अभियान प्यार की मशाल के साथ रोमांस की लौ जलाने का प्रयास किया है, जो लोगों को प्यार से इकट्ठा और एकजुट करते हुए उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और गुजरात के कई शहरों को सफलतापूर्वक रोशन कर रहा है। जबकि दुनिया प्यार के महीने में डूबी है, करम और तृप्ति ने एक अनोखे कैंटर में रोमांस की लौ प्यार की




मशाल जलाई जो तीन राज्यों के अपने सफर के दौरान लखनऊ में रुकी। कलाकारों और स्थानीय लोगों को एक जीवंत नुक्कड़ नाटक देखने को मिला, जो इस रोमांटिक ड्रामा से प्रेरित ऊर्जा और रचनात्मकता से भरपूर स्ट्रीट प्ले था।

दर्शकों का प्यार बटोरने वाला, कयामत से कयामत तक एक शाश्वत प्रेम कहानी है जो राज (करम) और पूर्णिमा (तृप्ति) के जीवन को दर्शाता है, जिनके प्यार को उम्र, समाज और यहां तक कि मौत की बाधाओं से भी चुनौती मिलती है। क्या उनका प्यार मृत्यु की अटलता से बच पाएगा? कयामत से कयामत तक में राज की भूमिका निभा रहे करम एस राजपाल कहते हैं, कयामत से कयामत तक को पसंद करने वाले सभी दर्शकों को बहुत बहुत धन्यवाद।

इतने सारे प्यार के साथ, मैं लखनऊ में प्यार की मशाल को रोशन करने और शहर के लोगों के साथ बातचीत करने को लेकर रोमांचित हूं। प्यार का जश्न मनाने के लिए इतनी बड़ी संख्या में लोगों को इकट्ठा होते देखकर बहुत ही अच्छा लगता है। कलर्स ने अपने 9:30 बजे से 11:00 बजे के टाइम स्लॉट में रोमांस का महोत्सव आयोजित कर दिया है और इन तीन अलग-अलग प्रेम कहानियों से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करना अद्भुत है।

सबसे बढ़कर, मैं हमारे शो और पुनर्जन्म के रहस्य के संबंध में लोगों के विचार जानने को लेकर उत्साहित हूं। मैं चाहता हूं कि पूरे भारत में सभी दर्शक हमारे द्वारा जलाई गई प्यार की लौ की गर्माहट फैलाएं।

**कलर्स ने अपने अभियान प्यार की मशाल के साथ रोमांस की लौ जलाने का किया प्रयास**

कयामत से कयामत तक में पूर्णिमा का किरदार निभा रहीं तृप्ति मिश्रा कहती हैं,कलर्स में रात 9:30 बजे से 11:00 बजे तक के प्राइम टाइम स्लॉट में प्रसारित होने वाले तीनों शो में प्यार एक समान पहलू है, जिनसे दर्शकों को रोमांस की ट्रिपल डोज़ मिलती है। प्यार की बात करें तो, मैं दर्शकों को कयामत से कयामत तक को इतना प्यार देने के लिए धन्यवाद देती हूं। यह शो पुराने दौर का रोमांस पेश करता है और यह देखकर बहुत अच्छा लगता है कि शो दर्शकों को कितना मंत्रमुग्ध कर रहा है।